CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 13 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 207 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 23 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रसोई गैस की कमी मोदी की कूटनीतिक विफलता : खड़गे पेज 2



भारतीय क्रिकेट के लिए अगले 12 महीने होंगे बेहद व्यस्त खेल टाइम्स



पिघलते ग्लेशियर चिंता का विषय सम्पादकीय



युद्ध खत्म करने का ट्रम्प के पास कोई प्लान नहीं पेज 12

# अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहेंगे: मुजतबा

**यूएस-इजरायल से जंग के बीच ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने जारी किया पहला बयान, सेना का किया धन्यवाद**



**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया, जिसे गुरुवार को सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार एंकर ने पढ़ा। खामेनेई खुद कैमरे पर नजर नहीं आए, लेकिन उनके बयान को पूरे देश में दिखाया गया।

बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और खाड़ी के अरब पड़ोसी देशों पर हमले जारी रहेंगे। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है। मुजतबा खामेनेई के सार्वजनिक रूप से दिखाई न देने पर कई रिपोर्ट्स में बताया गया था कि उन्हें युद्ध के दौरान शुरुआती हमलों में चोटें आई थीं। शुरुआती अमेरिकी और इजरायली हवाई हमलों में उनके पिता पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए थे। बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मित्रता चाहता है और अब केवल अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहा है, जिस पर हमले जारी रहेंगे। मुजतबा खामेनेई ने देश से एकजुटता आह्वान किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा, ताकि ईरान के दुश्मनों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम अपने शहीदों के खून का बदला लेंगे। उन्होंने देश की सेना का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने ईरान को विभाजित होने या कब्जे में जाने से बचाया। खामेनेई ने कहा कि मैं बहादुर लड़ाकों का शुक्रगुजार हूं, जो उस समय बेहतरीन काम कर रहे हैं, जब हमारा देश दबाव और हमले का सामना कर रहा है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ईरान आगे भी अपनी रक्षा करता रहेगा। यमन और इराक में सशस्त्र समूह ईरान का समर्थन कर रहे हैं। ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने कहा कि जो लोग नुकसान झेल चुके हैं, उन्हें आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा।

# होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरे भारतीय झंडे वाले तेल टैंकर



**विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष अराघची की बातचीत के बाद निकला रास्ता, मिली बड़ी राहत**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और ईरान-इजरायल- अमेरिका युद्ध के बीच भारत को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता हाथ लगी है।

ईरान ने भारतीय झंडे वाले तेल टैंकरों को रणनीतिक रूप से अहम 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। यह घटनाक्रम भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच हुई उच्च-स्तरीय वार्ता के बाद सामने आया है। इसके बाद कम से कम दो भारतीय टैंकर पुष्पक और परिमल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। यह वही समुद्री मार्ग है, जहां बढ़ते तनाव के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय जहाजों की -शेष पृष्ठ दो पर

## 23वां रोजा

### जरूरतमंदों को दान देने की सीख देता है रोज़ा



रमजान का आखिरी अशरा चूंकि दोजख से निजात का है, इसलिए ज़ेहन में यह सवाल उठना बहुत कुदरती बात है कि जहन्नुम की आग से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाएं? इसका जवाब है सच्चे दिल और पाक ज़ज़्बे के साथ अल्लाह की इबादत की जाए, लेकिन फिर यह सवाल है कि दिल सच्चा और ज़ज़्बा पाक कैसे होगा? इसका जवाब है कि जब अल्लाह तौफीक देगा, तो बंदे का दिल सच्चा होगा और जज्बा पाक होगा। यहां फिर सवाल उठता है कि अल्लाह दिल की सच्चाई और ज़ज़्बे की पाकीज़गी की तौफीक किसे देगा? इसका जवाब हमें कुरआने-पाक की सूरह 'लैल' की पांचवीं-छठी और सातवीं आयत में मिलता है। इन आयतों में अल्लाह का इरशाद है-'तो जिसने दिया और परहेज़गारी की और नेक बात को सच जाना उसको हम आसान तरीके की तौफीक देंगे।' इन आयतों की रोशनी में ज़ाहिर हो जाता है कि तौफीक देने वाला अल्लाह है और रोजे़दार के लिए ज़रूरी है कि अल्लाह की इस तौफीक को पाने के लिए वो ज़रूरतमंदों को जकात, सदका और खैरात दे। इसके अलावा परहेज़गारी और नेक बात को सच तस्लीम करे और जाने भी और माने भी। ऐसा परहेज़गार और नेक रोज़ेदार अल्लाह से तौफीक पाता है एतेकाफ में बैठने की।

# ईरान का ओमान पर बड़ा हमला

## सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से किया अटैक



**हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया, खाड़ी देशों में बढ़ा तनाव**

**ओमान के सुल्तान ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से संपर्क कर कड़ा विरोध दर्ज कराया**

**मस्कट।** खाड़ी क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने अब ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया है। इस घटना ने क्षेत्र में एक नया संकट पैदा कर दिया है, क्योंकि ओमान अब तक इस युद्ध में एक तटस्थ देश की भूमिका निभा रहा था।

अल जजीरा और ओमान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन हमलों ने सलालाह बंदरगाह पर स्थित तेल टैंकों को काफी नुकसान पहुंचाया है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने भी इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हमले में किसी भी व्यापारिक जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। यह हमला ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलों का हिस्सा माना जा रहा है। इस हमले के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क किया। सुल्तान ने ओमान की धरती पर हुए इन हमलों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसकी निंदा की। उन्होंने साफ किया कि ओमान युद्ध में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है। सुल्तान ने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। बता दें कि यह हमला उस समय हुआ जब सुल्तान हैथम ने अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता बनने पर बधाई दी थी। ओमान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुल्तान ने खामेनेई के चयन पर उन्हें शुभकामना संदेश भेजा था।

## इराक में हुए हमले में एक भारतीय की मौत

**ईरानी सुसाइड बोट से टक्कर के बाद अमेरिकी तेल टैंकर में लगी आग**

**नई दिल्ली।** इराक की समुद्री सीमा में एक अमेरिकी तेल टैंकर पर ईरानी सुसाइड बोट ने हमला किया। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई।

कंपनी ने भारत सरकार से नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस हमले के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की मांग की है। इराक के खोर अल जुबैर बंदरगाह के पास बुधवार को एक अमेरिकी तेल टैंकर पर बड़ा हमला हुआ। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, ईरान की एक सुसाइड बोट ने इस टैंकर को निशाना बनाया। यह घटना इराक की समुद्री सीमा के अंदर हुई। जिस जहाज पर हमला हुआ, मृतक का नाम सेफसी विष्णु है। यह अमेरिका का जहाज है और इस पर मार्शल आइलैंड्स का झंडा लगा है। हमले के समय जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें से एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि बाकी 27 कर्मियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बचाए गए सभी लोगों को इराक के बसरा शहर ले जाया गया है।

# शब्बीर शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कोर्ट ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को टेरर फंडिंग मामले में जमानत दे दी। उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 4 जून 2019 को गिरफ्तार किया था।

अदालत ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे, ने कहा कि शाह को जमानत दी जा रही है। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा और जमानत कुछ सख्त शर्तों के साथ दी जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने शब्बीर अहमद शाह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस की दलीलें सुनीं। उन्होंने अदालत में पुनः तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि शाह लंबे समय से जेल में हैं और मुकदमे की प्रक्रिया अभी भी लंबित है। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने पक्ष रखा और जमानत का विरोध किया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने ट्रायल की प्रक्रिया में कुछ विसंगतियों की ओर भी संकेत किया। अदालत ने कहा कि मामले में मुकदमा अपेक्षा से अधिक लंबा खिंच रहा है और आरोपी लंबे समय से जेल में है। इसी आधार पर अदालत ने फिलहाल शब्बीर अहमद शाह को जमानत देने का फैसला किया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में 4 जून 2019 को शब्बीर अहमद शाह को गिरफ्तार किया था।

## माता-पिता की सैलरी ओबीसी क्रीमी लेयर का आधार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर का फैसला केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता। माता-पिता या अभिभावकों के पद (पोस्ट) और सामाजिक स्थिति (स्टेटस) को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और प्राइवेट या पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को अलग-अलग तरीके से आरक्षण दिया जाए, तो यह अनुचित भेदभाव होगा। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने फैसला दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की अपील को खारिज करते हुए दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को सही माना। कोर्ट ने उन यूपीएससी कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। कोर्ट ने साफ किया कि सरकार ने कैंडिडेट्स को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। यह पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है जिनके माता-पिता पीएसयू, बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे।

# सीईसी के पद से हटाए जा सकेंगे ज्ञानेश कुमार!

**लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए, किसी एक सदन में आज जमा होगा नोटिस**

**नई दिल्ली।** लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की गई है। एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सूत्र के मुताबिक, इस नोटिस को शुक्रवार (आज) किसी एक सदन में जमा किया जा सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि किस सदन में सौंपा जाएगा। इस बीच, विपक्ष के एक नेता ने कहा कि सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर करने में काफी उत्साह दिखाया है। आवश्यक संख्य पहले ही पूरी हो जाने के बावजूद गुरुवार को कई सांसद इस नोटिस पर हस्ताक्षर करने के लिए आगे आए। नियम के मुताबिक, सीईसी को पद से हटाने के लिए लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने जरूरी हैं। वहीं, राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं। सूत्र ने बताया कि नोटिस पर इंडिया ब्लॉक के राजनीतिक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। एक अन्य सूत्र ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों ने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि आप अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है। यह पहली बार है, जब किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है।

## घर में नमाज पढ़ने से रोकने के मामले में बरेली के डीएम- एसएसपी तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली में एक घर में नमाज पढ़ने पर पुलिसिया कार्रवाई और उसके बाद पीड़ित को मिलीं धमकियों को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य को अवमानना का दोषी मानते हुए 23 मार्च को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। कहा है कि तय समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने तारिक खान की याचिका पर दिया है। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान घर के मालिक हसीन खान ने अदालत के सामने बयान दर्ज कराया। बताया कि 16 जनवरी 2026 को परिवार के साथ वह घर में नमाज पढ़ रहे थे, तब पुलिस उन्हें उठाकर ले गई और उनका चालान कर दिया।

# सरकार एलपीजी आपूर्ति पर ध्यान दे: राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में रसोई गैस और तेल की किल्लत का यह शुरुआती दौर है और बदले माहौल में सरकार को ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदर उठाने चाहिए।

राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में एलपीजी और तेल की जो स्थिति है, वो अभी शुरुआत है। इस बारे में मैं सदन में बोलना चाहता था, लेकिन कोई नई प्रक्रिया शुरू हुई है। इसमें मंत्री पहले तय करेंगे, फिर मैं बोलूंगा और फिर मंत्री उस पर जवाब देंगे। अभी तैयारी करने की जरूरत है, क्योंकि अभी हमारे पास समय है। प्रधानमंत्री और सरकार को तुरंत इस समस्या से निकलने के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की तो करोड़ों लोगों का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि यह इससे भी बड़ा मुद्दा है कि ईरान हमें ईंधन लेने देता है या नहीं। यह अस्थिरता की तरफ बढ़ने की स्थिति है और जब आप अस्थिर समय में जाते हैं, तो इस हाल में मानसिकता बदलने लगती है, क्योंकि यह पहले जैसी में नहीं रह सकती इसलिए सरकार को सुझाव है कि वह संभावनाओं के बारे में गहराई से सोचना शुरू करे।

# देश के किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल खत्म नहीं: सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देश में कच्चे तेल की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में: पेट्रोलियम मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई को लेकर सरकार ने बड़ी राहत भरी जानकारी दी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है और किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत हर दिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर सरकार को भरोसा है कि आम लोगों को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। देशभर में करीब एक लाख पेट्रोल पंप काम कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश सरकारी तेल कंपनियों के हैं। मंत्रालय के मुताबिक किसी भी पंप पर ड्राई आउट यानी तेल खत्म होने की स्थिति नहीं आई है। एलपीजी को लेकर भी सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। 9 मार्च को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी कर सभी रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद घरेलू उत्पादन बढ़कर 28 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो पहले करीब 25 प्रतिशत था। सरकार का कहना है कि इससे घरेलू गैस की उपलब्धता और बेहतर होगी। सुजाता शर्मा ने यह भी बताया कि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।



## एक नजर

### चंद घंटे में बाइक चोर गिरफ्तार



**नगीना।** पुलिस ने बाइक चोर पुलिस ने चंद घंटे के भीतर ही दबोच लिया। मामला एनएच 74 पर पुरैनी टोल प्लाजा के पास का है, जहां एक बाइक चोर नगीना पुलिस के हत्थे चढ़ा है। जिसके पास से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई है। चोर को गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया। पुलिस के अनुसार आरोपी चोर का नाम मदनपाल पुत्र गुरुदयाल सिंह है जो थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहांपुर के ग्राम बसेरा मछुआ दाड़ी अलहदादपुर वेहारी का रहने वाला है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि ग्यारह मार्च को गौरव कुमार पुत्र महेश सिंह निवासी ग्राम दित्तनपुर थाना धामपुर द्वारा थाना नगीना पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कान्हा पैलेस टोला प्लाजा पुरैनी के पास से उसकी बाइक चोरी कर ली गई है। जिस पर पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। वहीं, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार की टीम ने आरा. पी चोर को रिपोर्ट दर्ज होने के बाद चंद ही घंटों में चोरी की गई बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया।

### नाबालिग को भगाने में मुकदमा दर्ज

**नगीना।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित पिता पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आठ मार्च को सुबह 11 बजे उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव के ही डाक्टर के यहां काम करने वाला शिवम पुत्र सुरेश निवासी ग्राम मिलक मुकीमपुर थाना धामपुर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद परिजनों ने आसपास के संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन पुत्री का कोई सुराग नहीं लग सका। पुत्री के अचानक लापता होने से परिवार में चिंता और डर का माहौल है। परिजनों ने पुलिस से जल्द से जल्द पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शिवम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अवनीत मान का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही नाबालिग की तलाश कर उसे सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और आरोपी युवक की तलाश जारी है।

### धारदार हथियारों से हमला

**नगीना।** ग्राम चमरावाला नगीना निवासी प्रियांशु पुत्र गजेंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपनी बुआ के लड़के की शादी में गया था। वहां पर बल्ले पुत्र राम बहादुर व सुधांशु पुत्र रोहताश ग्राम खुर्रमपुर खुर्द थाना कोतवाली देहात से बारात में कहासुनी हो गई थी। कुछ लोगों ने बीच-बचाव करवा दिया था, लेकिन उस समय विपक्षियों ने उसको जान से मारने व सुबह को घर से उठवाने की धमकी दी थी। अगले दिन आठ मार्च को सुबह के समय जब वह अपने घर वापिस आ रहा था तब 10.30 पर नगीना से बढ़ापुर रोड पर पांवधोई के पास ईदगाह के सामने आरोपियों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया। जिसमें उसे गंभीर चोटे आईं। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि प्रियांशु की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बढ़ती महंगाई ने तोड़ी कमर

**किरतपुर।** बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। खासकर रमजान के महीने में जरुरी खाद्य वस्तुओं और फलों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए रोजा इफ्तार की व्यवस्था करना भी मुश्किल होता जा रहा है। बाजार में सेब, केला, संतरा, अंगूर, सेब, अनार और खजूर जैसे फलों के दामों में अचानक भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है। जो फल कुछ दिन पहले तक आम आदमी की पहुंच में थे, आज वही गरीबों की थाली से लगभग गायब हो चुके हैं। रमजान में इफ्तार के लिए जिन चीजों की सबसे अधिक जरुरत होती है, वही अब लोगों के बजट से बाहर होती जा रही हैं। सिर्फ फल ही नहीं बल्कि आटा, दाल, तेल, चीनी और सब्जियों जैसी रोजमर्रा की खाद्य सामग्री भी रिकॉर्ड तोड़ महंगाई के स्तर पर पहुंच गई है। गृहणियों का कहना है कि रसोई का बजट संभालना दिन-प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है। पहले जितने पैसों में एक हफ्ते का राशन आ जाता था, अब उतने में दो-तीन दिन का सामान भी मुश्किल से मिल रहा है। किरतपुर के कई लोगों का कहना है कि रमजान जैसे पवित्र महीने में सरकार और प्रशासन को बाजार पर सख्त निगरानी रखनी चाहिए, ताकि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण किया जा सके।

# समग्र विद्यालय खतापुर का जलवा



राज्य स्तर पर तृतीय स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 36वीं राज्य स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक अयोध्या में किया गया। जिसमें विभिन्न खेलों के साथ-साथ लोक नृत्य एवं लोकगीत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

प्रतियोगिता में समग्र विद्यालय खतापुर, ब्लॉक हल्दौर की छात्राओं ने लोक नृत्य प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर बिजनौर का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली यह जनपद की पहली टीम है। इस सफलता में इंचार्ज अध्यापिका रितु तथा सहायक अध्यापिका मेघा धीमान का विशेष योगदान रहा।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्रों व अभिभावकों में खुशी का माहौल है। खंड शिक्षा अधिकारी हल्दौर अलका देवी ने भी खतापुर के समस्त स्टाफ व छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

इसके अलावा अन्य खेलों में भी बिजनौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में राशि ने शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुश्ती में वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर रिले दौड़ में बालिका वर्ग ने प्रथम तथा बालक वर्ग ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना एवं जिला व्यायाम शिक्षक अरविंद अहलावत ने सभी विजेता बच्चों और उनके शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

# पिकअप में आग लगाने का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** पुलिस ने कस्बे में खड़ी पिकअप गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना से संबंधित मोबाइल भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार दस मार्च, 2026 को पीड़ित द्वारा थाना किरतपुर में तहरीर दी गई थी कि चार मार्च की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी पिकअप वाहन संख्या यूपी20टी 1781 पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। तहरीर के आधार पर थाना किरतपुर में मुकदमा अपराध संख्या 57/2026 धारा 326(एफ) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान पुलिस के सामने आरोपी अबुजर शमीम राईन पत्र शमीम अहमद निवासी मौहल्ला अफगानान थाना किरतपुर का नाम प्रकाश में आया। आज किरतपुर पुलिस ने आरोपी को घटना से संबंधित मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में धारा 152 बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गुरुग्राम (हरियाणा) में सैलून की दुकान पर काम करता है और बीमारी व आर्थिक तंगी के कारण उसने अपने रिश्तेदार जैद पुत्र रईस निवासी मौहल्ला लुकमानपुरा कस्बा व थाना किरतपुर (वर्तमान में पनवेल, मुंबई) में नाई का कार्य करता है, से आर्थिक सहायता मांगी थी।

जैद ने टेलीग्राम के माध्यम से उसका संपर्क अबूबकर नामक व्यक्ति से कराया। जिसने उसे विशेष समुदाय के वाहनों में आग लगाने के लिए उकसाया और इसके बदले रुपए देने का लालच दिया। आरोपी ने चार मार्च की रात करीब 10.15 बजे कस्बा किरतपुर के मौहल्ला झंडा में मंदिर के सामने खड़ी एक पिकअप गाड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उसने घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन से बनाकर टेलीग्राम के माध्यम से जैद को भेज दिया और अगले दिन वापस गुरुग्राम चला गया।

आरोपी ने पूछताछ में यह भी बताया कि घटना के बाद वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए प्रेरित हो गया था। 12 मार्च को वह गुरुग्राम से वापस किरतपुर आया था और किरतपुर झील की ओर जा रहा था, तभी पुलिस ने सूचना के आधार पर उसे पकड़ लिया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक दीपक नागर, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार, कांस्टेबल सचिन कुमार और कांस्टेबल राहुल सैनी शामिल रहे।

# गर्म हवा व लू से बचाव को एडवाइजरी जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर के निर्देश पर एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लू प्रकोप से बचाव के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

एडीएम ने बताया कि हीटवेव (लू) से बचाव के लिए संबंधित विभाग ससमय अपनी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करें। एडीएम ने समस्त अधिकारियों को समय-समय पर उनके द्वारा हीट वेव से बचाव हेतु विभागवार दायित्व जारी कर निर्देशन दिए हैं, जो जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी कर लू से बचाव के उपाय, लक्षण एवं उपचार आदि के बारे में बताया गया है। एडीएम वान्या सिंह ने अपील करते हुए कहा है कि जन-सामान्य लू से बचाव को लेकर बताये उपायों को अमल में लायें और अपना बचाव करें।

बैठक के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि 'गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते आदि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को रेडियो व अन्य संसाधनों के माध्यम से सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें'।

सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें।

उन्होंने बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरुर ढकें। 'घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना आदि' का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

**'कब लगती है लू'**

गर्मी में शरीर के द्रव्य (बॉडी फ्लूड) सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरुरत है' इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सावधान रहें।

**'लू के लक्षण'**

गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता' है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।

# फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में जनगणना को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए वर्धमान डिग्री कालेज में संचालित फील्ड ट्रेनर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन ट्रेनिंग कार्य संपन्न हुआ।

डीएम जसजीत कौर ने बताया कि जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर का जिला स्तरीय प्रशिक्षण, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई, 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि यह जनगणना पहली बार डिजिटल तरीके अर्थात मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी, जिससे जहां एक ओर सूचनाएं तेजी से भेजी जा सकेंगी, वहीं गलतियों की संभावना भी न्यूनतम स्तर पर रह जाएगी। उन्होंने उपस्थित फील्ड ट्रेनर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी निष्ठा और शुद्धता के साथ पूरा करने के लिए ध्यान पूर्वक एवं गहनता के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करें और अपनी शंक. ाओं का समाधान भी उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स से कर लें ताकि फील्ड में कार्य करने के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए।

जिला जनगणना अधिकारी/एडीएम राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि डेटा संकलन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन और ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गणकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री और सिंकिंग की तकनीकी ट्रेनिंग तथा प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों (जैसे आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और संपत्ति) पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर जिला प्रभारी जेपी यादव, प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रैनर डा. आकाश अग्रवाल, डा. अमित कुमार एवं डा. राजीव बिश्नोई सहित अन्य अधिक. ारी एवं फील्ड ट्रेनर्स मौजूद थे।

# बस-ट्रैक्टर ट्राली की भिंड़त में दर्जनों घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रायपुर मार्ग पर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली और बरात की बस की रात करीब 10:45 बजे आमने-सामने टक्कर हो गई। बस में सवार ग्राम समीपुर निवासी 20 से अधिक बाराती घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम समीपुर से गोविंद सिंह के पुत्र की बारात रात करीब 10:30 बजे रायपुर के लिए रवाना हुई। काफी देरी से बारात रवाना होने की कुछ देर बाद गांव से लगभग चार-पांच किलोमीटर के फासले पर ग्राम किशनपुर क्षेत्र में रायपुर की तरफ से आ रही ट्रैक्टर ट्राली और बारात की बस में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। टक्कर होते ही बारातियों में चीख -पुकार मच गई। कई बारातियों के गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी राहुल सिंह घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में उपचार चल रहा है। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

गंभीर रूप से घायल शमशेर भगत, कार्तिक, ऋतिक सहित करीब छह घायलों को बिजनौर रेफर किया गया। शमशेर भगत की उपचार के दौरान मौत हो गई। बस चालक समीपुर निवासी इलियास भी दुर्घटना में घायल हुआ। दुर्घटना 20 से अधिक घायल हुए।

## एक नजर

### दम्पति के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**नगीना।** क्षेत्र में दम्पत्ति के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अक्शु पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भवानीपुर बुढावाला, थाना नगीना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे उसकी मां प्रमीला देवी व पिता राजेंद्र पुत्र हरि सिंह के साथ उसके ही गांव के सुनील पुत्र जयराम, आकाश पुत्र सीताराम, आकांशु पुत्र सीताराम तीनों ने मिलकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी तथा गाली गलौच करते हुऐ भाग गए। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### फ्लाईओवर पर यातायात बाधित



**नजीबाबाद।** आज शाम करीब छह बजे फ्लाइओवर पर आदर्श नगर चौकी के पास गन्ने से भरे ट्राले का रस्सा टूट गया। जिससे गन्ना सड़क पर बिखर गया और यातायात बाधित हो गया। गनीमत रही कि कोई वाहन सवार गन्ने की चपेट में नहीं आया। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्राले को रास्ते से हटवाकर यातायात शुरु कराया। बताया जाता है ग्राम नंगला से ट्राले में गन्ना भरकर सहकारी चीनी मिल ले जाया जा रहा था।

### आजाद समाज पार्टी की बैठक



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में 15 मार्च को बिजनौर में मान्यवर कांशीराम की जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर ऐतिहा. सिक बनाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीम सेन हल्दिया, भीम आर्मी ज़िला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, अयाज़ अंसारी, सुखबीर प्रधान, ओमवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, वाजिद मकरानी, साबू प्रधान, सभासद अच्छन राईन, शमशीद प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुभारंभ



**नूरपुर।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत मंडल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुभारंभ पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह व पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने भारत माता एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डा. इंद्रदेव सिंह ने प. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा नेता सीपी सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कार्यकर्ताओं से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने का आह्वान किया। संचालन मंडल महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार ने किया। मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, पालिका अध्यक्ष एमपी सिंह, मंडल अध्यक्ष नूरपुर निशांत कर्णवाल, प्रशिक्षण महा अभियान कार्यशाला संयोजक डा. विनित देवरा, डीसीए चौयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, मंडल महामन्त्री सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रमोहन चौहान,जीतू भुइयार, प्रेमपाल रवि, गजेंद्र सिंह, गुरवेंद्र सीटू, प्रदीप कुमार राणा, मंडल मंत्री राहुल यादव, राजेश चौहान, सुरेंद्र पाल, सतीश कुमार, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, सैक्टर संयोजक हितेंद्र सिंह, भाजपा नेता कविश राणा, वसीम सैफी, शीला राणा, कमलेश प्रजापति, भावना जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, पूर्व मंडल मंत्री मुकेश भुइयार, राशू चौहान, जुगनु चौधरी, ईशमपाल चौधरी, जागेश शर्मा, विवेक चौधरी, पुनित चौधरी, हरभजन सिंह, हरेंद्र सिंह जोहरी, उदयवीर त्यागी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम FAREEDA से बदल कर FARIDA W/O ABIDUR RAHMAN निवासी मदरसा अरबिया मदीनातुल उलूम मौहल्ला मिर्दागान बी-11 बिजनौर पिन-246701 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**होर्मुज स्ट्रेट...**

आवाजाही प्रभावित हुई है। यह अनुमति भारत के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि वर्तमान में इस क्षेत्र से गुजरने वाले अमेरिका, यूरोप और इजरायल के जहाजों को प्रतिबंधों और हमलों के गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ रहा है।

अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ संघर्ष अब 12वें दिन में पहुंच गया है। लगातार बढ़ते तनाव के कारण क्षेत्र में समुद्री यातायात लगभग ठप हो गया है और वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल देखा जा रहा है। ईरान ने भी इस दौरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर कड़े प्रति. बंध लगा दिए हैं। तेहरान का कहना है कि केवल वे जहाज सुरक्षित रूप से गुजर सकते हैं, जो अमेरिका और इजरायल के हितों से जुड़े नहीं हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा समुद्री मार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। यह दुनिया के सबसे व्यस्त और रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है। सामान्य परिस्थितियों में यहां से प्रतिदिन करीब 1.3 करोड़ बैरल तेल गुजरता है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 31 प्रतिशत है। इस मार्ग में बाधा आने से इराक, कुवैत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान जैसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों के निर्यात पर सीधा असर पड़ता है। दुनिया के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का भी बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। इसलिए यहां तनाव बढ़ने पर वैश्विक बाजार, सप्लाई चेन और ऊर्जा कीमतों पर तुरंत असर देखने को मिलता है। रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक ईरान के पास ऐसे एंटी-शिप मिसाइल, ड्रोन, तेज हमला करने वाली नौकाएं और समुद्री बारूदी सुरंगें हैं, जिनकी मदद से वह पूरे होर्मुज क्षेत्र में जहाजों को निशाना बना सकता है। यही वजह है कि इस समुद्री मार्ग पर बढ़ता तनाव वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। ईरान द्वारा विदेशी जहाजों को निशाना बनाए जाने के बीच केवल भारतीय टैंकरों को सुरक्षित मार्ग मिलना भारत की स्वतंत्र कूटनीति का परिणाम माना जा रहा है। इस कदम से युद्ध और नाकेबंदी के मौजूदा हालात में भी भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के सुचारू रूप से चलते रहने में मदद मिलेगी।

# 2027 के यूपी विस चुनाव में ताकत दिखाएंगे विपक्षी दल

**काशीराम जयंती पर बसपा व सपा का कार्यक्रम 15 को, कांग्रेस का 13 मार्च को**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी 2027 विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है, सभी पार्टियों ने दलितों को अपने पाले में लाने की कवायद तेज कर दी है। 15 मार्च को काशीराम जयंती पर मायावती लखनऊ में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है, वहीं समाजवादी पार्टी ने इसे 'बहुजन समाज दिवस' य' पीडीए दिवस' के रूप में मनाने का ऐलान किया है। इसके अलावा कांग्रेस भी 13 मार्च को लखनऊ में सोशल ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रही है, इसमें राहुल गांधी शामिल हो सकते हैं।

बहुजन समाज पार्टी ने अपने संस्थापक कांशीराम की 92वीं जयंती पर 15 मार्च 2026 को पूरे देश में अपनी राजनीतिक ताकत का भव्य प्रदर्शन करने की तैयारी की है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर बसपा के भव्य प्रदर्शन का यह कार्यक्रम खासतौर पर उन राज्यों में फोकस है, जहां आने वाले एक-डेढ़ साल में विधानसभा चुनाव होने हैं। लखनऊ में कांशीराम स्मारक स्थल पर मुख्य आयोजन होगा, जहां दो लाख से अधिक समर्थकों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ चलो अभियान जोर-शोर से चलाया है। प्रदेश के 12 मंडलों के कार्यकर्ताओं को लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया है। बाकी छह मंडलों के लोगों को नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा गया है।

बसपा सूत्रों के मुताबिक यह आयोजन सिर्फ श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती का संदेश देने वाला होगा। मायावती ने कांशीराम जयंती को बहुजन आंदोलन की विरासत को मजबूत करने का अवसर बनाया है। यूपी के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में भी बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# असम से जारी होगी पीएम किसान निधि की 22वीं किस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। इस किस्त के तहत उत्तर प्रदेश के 2-15 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 4335-11 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। सरकार के अनुसार योजना के तहत पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि दो-दो हजार रुपये की तीन किस्तों में सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवम्बर 2025 को कोयंबटूर से किसानों के खातों में इस योजना की पिछली किस्त जारी की थी। प्रदेश के किसानों को इस योजना के तहत अब तक बड़ी आर्थिक सहायता मिल चुकी है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैसर्स श्री राम ट्रेडर्स, न्यू ज्ञान विहार टंकी रोड गढ़ी नियर चक्कर चौराहा, बिजनौर (यू0पी0) जिसकी पंजीकरण सं0-BIJ/0006503 है। उक्त फर्म में दो पार्टनर श्री संजय कुमार पुत्र श्री दयाराम सिंह एवं श्री नरदेव सिंह पुत्र श्री घसीटा सिंह थे। पार्टनर श्री नरदेव सिंह की दिनांक 12.12.2025 को मृत्यु हो गयी है। फर्म में दिनांक 26.02.2026 को श्री अंकुश कुमार पुत्र श्री संजय कुमार एवं श्री अनुज कुमार पुत्र श्री रनवीर सिंह त्यागी सम्मिलित हो गये हैं। पार्टनर श्री संजय कुमार ने दिनांक 12.03.2026 को त्याग पत्र/ रिटायरमेंट लेकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है। त्याग पत्र/ रिटायरमेंट लेने वाले पार्टनर की फर्म पर अब कोई लेनदारी/देनदारी नहीं है। उक्त फर्म में अब वर्तमान में दो पार्टनर श्री अंकुश कुमार एवं श्री अनुज कुमार हैं। भवदीय-(अंकुश कुमार) ''मैसर्स श्री राम ट्रेडर्स, न्यू ज्ञान विहार टंकी रोड गढ़ी नियर चक्कर चौराहा, बिजनौर (यू0पी0)।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

23वां रोजा वक्त इफ्तार 13 मार्च शाम 6:27

24वां रोजा वक्त सहरी 14 मार्च सुबह 5:04

# भारतेंद्र व दिगम्बर आमने-सामने

## दो पक्षों द्वारा जमीन को अपना बता कर गन्ना काटने का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** दो पक्षों द्वारा जमीन को अपना बताकर गन्ना काटने को लेकर हुए विवाद में पूर्व सांसद व भाकियू अराजनैतिक युवा प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने जांच के आदेश दिए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम खीरनी निवासी सुधीर कर्णवाल व समर पाल में पिछले काफी समय से बारह बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष ही जमीन को अपना बता रहे है। बुधवार को दोनों पक्षों में गन्ना काटने को लेकर विवाद हो गया। सुधीर पक्ष का कहना है कि जमीन उनकी पुश्तैनी है। जो 1980 में उनके ताऊ दीवान सिंह कर्णवाल ने उनके नाम रजिस्टर्ड वसीयत की थी। लेकिन समरपाल इस जमीन को अपना बताकर उस पर कब्ज़ा करना चाहता है।





बुधवार को वह गन्ना काटने गए थे। जहां समर पाल पक्ष ने उन्हें गन्ना नहीं काटने दिया। जबकि गन्ना काटने का आदेश भी तहसीलदार ने उनके पक्ष में किया था।

वहीं समर पाल पक्ष का कहना है की इस जमीन का बैनामा संगीता पत्नी धर्मेन्द्र के नाम है, जो समरपाल की पुत्री है और जमीन का उनके पास बैनामा है। जमीन उनकी है। जिसे लेकर सुधीर पक्ष के समर्थन में पूर्व सांसद भारतेंद्र व समर पाल के पक्ष में भाकियू अराजनैतिक युवा प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार आशीष सक्सेना ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर वार्ता की और पांच सदस्यों की टीम बनाकर जांच करने की बात कही है।

# जिलें में गैस, पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी नहीं : जिलाधिकारी

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि गैस सिलेण्डर की किल्लत एवं पेट्रोल / डीजल की कमी का समाचार प्रसारित हो रहा है, जोकि पूरी तरह अफवाह पर आधारित है। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि वर्तमान में सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से घरेलू पदार्थों का रिजर्व स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वर्तमान में बेबुनियाद अफवाहों पर उपभोक्ताओं द्वारा अधिक बुकिंग करने से सर्वर पर अधिक लोड होने के कारण गैस बुकिंग में समस्या आ रही है, जिसे ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग की प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है, जिसके अंतर्गत दो सिलेंडर की बुकिंग के बीच 25 दिन का अंतराल निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में किसी भी अवैध भंडारण एवं जमाखोरी अथवा कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए आपूर्ति विभाग द्वारा निरंतर टीमों के माध्यम से जांच की जा रही है। प्रश्नगत स्थिति पर गंभीरता से प्रशासन के द्वारा नजर रखी जा रही है तथा तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों के द्वारा पहले की अपेक्षा सप्लाई में बढ़ौतरी की सूचना दी गई है। उन्होंने आमजन का आह्वान किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दे, जिलें में गैस एवं पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी नहीं है। यदि किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या किसी उपभोक्ता को आती है तो वह जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय, बिजनौर के मोबाइल नंम्बर-7839564755 पर सूचित करें। आप की समस्या का तत्काल नियमानुसार समाधान किया जायेगा।

# तेज आवाज में डीजे बजाने से रोकने पर दबंगों ने पीटा

## चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम धर्मशा नंगली में तेज आवाज में डीजे बजाने से रोकना दो भाइयों को महंगा पड़ गया। दबंगों ने दोनों को पीटकर घायल कर दिया और भाग निकले। पीड़ितों के पिता ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम धर्मशा नंगली थाना नगीना निवासी राजपाल सिंह पुत्र सुक्खे सिहं का आरोप है कि ग्राम में रहने वाला मोहित कुमार पुत्र यशपाल सिंह तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। आरोप है कि जब उसके बेटों ने विरोध जताते हुए उसे मना किया, तो वह आग बबूला हो गया और आमादा फसाद हो गया और उसके पुत्रों के साथ गाली-गलौच करने लगा। थोडी देर बाद विजयपाल पुत्र श्याम सिंह के कहने पर रितेश कुमार व मनीष कुमार पुत्रगण विजयपाल सिंह ने मोहित के साथ चारों ने मिलकर मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्राम के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित भाइयों के पिता ने आरोपियों के खिलाफ नगीना थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# वृहद रोजगार मेले के प्रचार को वाहन रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम ने 17 मार्च को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के बाद डीएम ने प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया।



## डीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

प्राप्त समाचार के अनुसार कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम जसजीत कौर ने 17 मार्च को आईटीआई में आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले को सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के प्रधानाचार्य आईटीआई, जिला सेवा योजना अधिकारी तथा डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय में स्थापित करते हुए रोजगार मेले को सफलतापूर्वक का आयोजन करने में अपना सहयोग दें। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद की समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई के प्रधानाचार्यों को कोर्स पूरा करने वाले युवाओं के साथ रोजगार मेले में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित कराएं ताकि उनको भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने नगर निकाय अधिकारी को निर्देशित किया कि रोजगार मेला स्थल पर पानी एवं सफाई की विशेष व्यवस्था करना सुनिश्चित करें तथा गर्मी के मौसम के दृष्टिगत स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए कैंपर आदि की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को महिला सुरक्षा कार्मिक सहित समुचित संख्या में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए।

बैठक के पश्चात डीएम द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से रोजगार मिले के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, उपायुक्त उद्योग, जिला सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ
शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों
से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान
समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी
उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
चुनाव चिन्ह केतली
विधानसभा क्षेत्र -19 बढ़ापुर से
विधायक पद के सम्भावित उम्मीदवार
मौ० सलमान
मा. एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद लोकसभा-5, नगीना
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
की जानिब से
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
मौ० सलमान
कार्यकर्ता
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि
कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

## एक नजर

### घरेलू गैस की कोई किल्लत नहीं



**चांदपुर।** पिछले दिनों ईरान–इजराइल अमेरिका जंग के दौरान बढ़े तनाव के चलते ईरान द्वारा अपने होर्मूज समुन्दरी मार्ग बंद कर देने से पेट्रोल और गैस की कीमत बढ़ी है। भारत में भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि एजेंसियां व्यवस्था बनाने में जुटी हुई है। कुरैशी गैस एजेंसी के संचालक हाजी अब्दुल कुरैशी ने कहा है कि हमारे यहां सिस्टम से गैस वितरित की जा रही है। उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जा रही है। हां, गैस सिस्टम से बुकिंग द्वारा ही दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा अफवाह फैलाकर व्यवस्था बिगाड़ने का कार्य कर कुकिंग गैस की कालाबाजारी कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों की अफवाहों पर ध्यान न देने और काला बाजारी से भी बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम शासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सिस्टम से उपभोक्ता द्वारा गैस बुकिंग के बाद सिस्टम के अनुसार गैस बांट रहे हैं। गोदाम और एजेंसियों के कार्यालय पर भीड़ लगने के बारे में उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने अफवाह फैला दी की गैस नहीं आएगी। इसी कारणवश कुछ लोगों ने अपने घरों में खाली रखे सिलेंडर भी उठा उठा कर गैस भरवाने चल दिए, जिससे गैस गोदाम पर कार्यालय पर भीड़ देखने को मिल रही है। हालांकि गैस सिस्टम के अनुसार पूर्व की भांति वितरित की जा रही है।

### गुलदार के शावक मिलने से हड़कंप



**नहटौर।** ग्राम मटौरामान में गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिले हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर डेरा डाल दिया है और सुरक्षा घेरा बनाया है। ग्रामीण हितेश्वर सिंह के गन्ने के खेत गुलदार के तीन शावक दिखाई दिए। शुरुआत में मादा गुलदार भी वहीं मौजूद थी, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि मादा गुलदार वहां से चली गई है, लेकिन उसके तीनों शावक अभी भी खेत में सुरक्षित हैं। मादा गुलदार के अपने बच्चों की तलाश में वापस लौटने की प्रबल संभावना को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह सतर्क है। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह ने कहा, हमारी टीम मौके पर मुस्तैद है। मादा गुलदार को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए खेत के पास पिंजरा लगवाया जा रहा है। शावकों की सुरक्षा और ग्रामीणों के बचाव के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मादा गुलदार शावकों के आसपास ही कहीं छिपी हो सकती है, इसलिए वह आक्रामक हो सकती है। ग्रामीणों को अकेले खेतों पर न जाने और समूह में रहने की सख्त हिदायत दी गई है। इलाके में पिंजरा लगाकर मादा गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

### ताजपुर में चोरों के हौंसले बुलंद

**राजा का ताजपुर।** ताजपुर में आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीण काफी परेशान हैं। चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों को पुलिस का कोई डर नहीं है। चोर पुलिस को लगतार चुनौती देते नजर आ रहे हैं। बीती रात्रि को घर के बाहर गेट पर चार्ज के लिए खड़ी ई–रिक्शा को चोर चुराकर ले गए। ताजपुर के मौहल्ला शिकारपुर मार्ग निवासी जयपाल सिंह ने बुधवार रात्रि को अपनी ई–रिक्शा को मकान के मेन गेट पर चार्ज करने के लिए खड़ी कर दी थी। चोर ने मौका देख चार्जिंग पर लग रही ई–रिक्शा को चुराकर ले गए। वृहस्पतिवार की सुबह ई–रिक्शा को न देख जयपाल सिंह के होश उड़ गए। उसने काफी इधर उधर छानबीन की लेकिन ई–रिक्शा का कोई बता नहीं लगा। जयपाल सिंह अपने बच्चों का पालन पोषण करने के लिए एक वर्ष पूर्व किश्तों पर ई–रिक्शा ली थी उसने इसकी सूचना पुलिस चौकी ताजपुर को दी। ताजपुर से एक वर्ष में छः सात ई–रिक्शा चोरी हो चुकी है, जिनका अभी तक कोई पता नहीं लगा है। चोरी की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों में भय बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि ई रिक्शा की तलाश कर चोरी का खुलासा कर चोरों को जेल भेजा जाएगा।

# सफाई कर्मचारियों से अभद्रता

## चेयरपर्सन पति के मोबाइल से कॉल कर अभद्र भाषा के प्रयोग का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** कुछ पालिका कर्मचारियों ने चेयरपर्सन पति के मोबाइल से किसी व्यक्ति द्वारा कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर पालिका कर्मचारियों में नाराजगी भी देखी गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार पालिका कर्मचारी राहुल कुमार, अंकित कुमार, हिमांशु, अनिल कुमार, सोनू, कुलदीप और नवीन कुमार आदि को घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आपत्ति जताई। आज दोपहर करीब एक बजे कई कर्मचारी थाने पहुंचे और पुलिस को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का आरोप है कि चेयरपर्सन विमला देवी के पति दीपक सैनी के मोबाइल से सफाई कर्मियों को कॉल की गई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

वहीं चेयरपर्सन पति दीपक सैनी ने आरोपों को गलत और निराधार बताया है। उनका कहना है कि वह अपने मोबाइल से एक पालिका कर्मचारी से सामान्य बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान नगर का एक व्यक्ति वहां आ गया और उसने ही फोन पर अनुचित भाषा का प्रयोग कर दिया। उनका कहना है कि इस घटना से उनका कोई संबंध नहीं है।

उधर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों में झगड़े के बाद दो पक्ष भिड़े

## महिला समेत दो घायल, तीन सगे भाइयों सहित कई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** बच्चों के बीच हुई कहासुनी के बाद दो पक्षो में लाठी–डंडे व धारदार हथियार चले। जिसमे तीन लोग गंभीर घायल हो गए।



ग्राम छतरीपट्टा निवासी अमीर कस्सार पुत्र लियाकत व शमशाद शाह पुत्र रमजान शाह के बच्चे घरों के बाहर खेल रहे थे। बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। रोजा इफ्तार का समय था। इसलिए कुछ देर मामला शांत रहा। इफ्तार के बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ से जमकर लाठी–डंडे व धारदार हथियार चले। जिसमें एक पक्ष से आमिर कस्सार व दूसरे पक्ष की महिला परवीन घायल हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घायल अमीर कस्सार के तयेरे भाई नसीम पुत्र तसलीम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि शमशाद, इरशाद व मोनी पुत्रगण रमज़ान शाह एवं इनकी बहनें और परिजन लाठी डंडे, कुल्हाड़ी व पाठल लेकर उसके चचेरे भाई अमीर कस्सार के घर में आए और अमीर के साथ मारपीट की और उसके सिर पर कुल्हाड़ी मार दी। जिससे वह बेहोश हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि नसीम की तहरीर पर ग्राम मौहम्मद अलीपुर पटाघाट उर्फ छतरीपट्टा निवासी शमशाद, इरशाद व मोनी पुत्रगण रमजान शाह, इरशाद के बच्चों व शमशाद की बहनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# शुगर मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिल प्रबंधन ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने का आह्वान किया।




## कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

समारोह में शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'हम अपने लिए कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन अपने परिवार के लिए सब कुछ होते हैं,' इसलिए प्रत्येक कर्मचारी को कार्य करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विवेक सिंह यादव ने 4 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान हुई गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ शुगर एवं केमिकल यूनिट में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक विभाग में सुरक्षा शपथ लेकर किया गया।

इसके बाद पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सेफ्टी स्लोगन प्रतियोगिता, धामपुर अग्निशमन विभाग के सहयोग से केमिकल प्लांट में मॉक ड्रिल, फायर हाइड्रेंट टारगेट हिट प्रतियोगिता तथा कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा नीति का पालन करते हुए बैज लगाना प्रमुख रहा।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा विभाग द्वारा संस्थान में उपलब्ध सभी सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण बर्नी ने कर्मचारियों को इन उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं उप प्रबंधक प्रशासन शरद गहलौत द्वारा हेलमेट स्टॉल लगाकर कंपनी की 'नो प्रॉफिट–नो लॉस' योजना के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए।

सुरक्षा सप्ताह के अंत में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को विभागाध्यक्षों और यूनिट हेड्स द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में दिवाकर गुप्ता, पवन शर्मा, स्मृति यादव, अर्पण सैनी, शांतनु दीक्षित, चंदन कुमार पाल, सचिन कुमार, जितेंद्र कुमार, रजनीश कुमार, शिवम, ज्ञानवीर सिंह, नरदेव सिंह, शेखर कुमार, गौरव कुमार, शिव चरण, सौरभ कुमार, रामकिशन, मोहित कुमार, विजय कुमार और दीपु रतोलिया शामिल रहे।

समापन समारोह में उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता की अध्यक्षता में भारत भूषण बर्नी, विवेक सिंह यादव, विकास अग्रवाल, सुनील कुमार राणा, ओमवीर सिंह, उपेंद्र तोमर, मुकेश कश्यप, तरुण राणा, मोहित वशिष्ठ, पवन शर्मा, लवकुश चौहान, हारून खान, स्मृति यादव, राने सिंह, गोविंद अग्रवाल, दिवाकर गुप्ता, अरुण चौहान, अनुज मलिक, अजय कुमार पांडे, उज्ज्वल सिंह, शरद गहलौत और अर्पण सैनी सहित सेफ्टी टीम के सदस्य तथा डिस्टिलरी प्लांट के अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मिल प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित माहौल बनाए रखने का आह्वान किया।

### घर में सो रहे व्यक्ति को सांप ने डसा

**नहटौर।** ग्राम तकीपुरा निवासी राम सिंह (55 वर्ष) को सुबह घर में सोते समय सांप ने डस लिया। नींद खुलने पर जब राम सिंह को तेज दर्द और घबराहट महसूस हुई, तो उन्होंने शोर मचाया। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी नहटौर ले जाया गया। गौरतलब है कि बढ़ती गर्मी और बदलते मौसम के कारण सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि रात में जमीन पर सोने से बचें और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

# रोटरी क्लब के शिविर में 25 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** रोटरी क्लब द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार धूलिया महादेव संस्थान मंदिर के सामने स्थित पुरुषोत्तम नर्सिंग होम परिसर में गुरुवार को रोटरी क्लब के सहयोग से हिंद चैरिटेबल ब्लड सेंटर की टीम के चिकित्सक डा. मशाहिर, डा. अतुल कुमार, वंदना, हृदेश कुमार, नितिन व रियाज आदि के निर्देशन में आयोजित शिविर के दौरान पच्चीस यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर संयोजक क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार, डा. राजीव शरण शर्मा ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरुरतमंद की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय–समय पर रक्तदान करना चाहिए। रोटरी क्लब सचिव अनूप अग्रवाल ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की।

कार्यक्रम में अनुज मारवाड़ी, जितेंद्र कुमार मारवाड़ी, प्रशांत कुमार, अनिल चौहान, देवेंद्र रस्तोगी, धर्मेंद्र रस्तोगी, अवधेश शर्मा, अजीत चौहान, आशीष रस्तोगी और सतीश वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) बिजनौर**

ओएम–15/26

**मौ. दानिश बनाम शबाना परवीन**

मौ. दानिश उम्र 25 वर्ष पुत्र स्व. सत्तार अ. निवासी मौ. शाह विलायत कस्बा व थाना मण्डावर, तहसील व जिला बिजनौर।

**बनाम**

शबाना परवीन पत्नी उस्मान अली पुत्री स्व. सत्तार निवासी ग्राम शादाबाद, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 17.03.26 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक 17.03.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद चांदपुर**

नोटिस म्यू. एक्ट–1916 की धारा 147 के अंतर्गत सूचना

आपको सूचित किया जाता है कि संपत्ति सं. 258 (1–4) मौहल्ला कटारमल के स्थान पर श्री वेद प्रकाश वर्मा पुत्र किशोरी लाल वर्मा का नाम अंकित है और इनके नाम के स्थान पर श्रीमति शिवा अग्रवाल पत्नी शगुन अग्रवाल का नाम बैनामे के आधार पर अपना नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो नगर पालिका चांदपुर में लिखित रूप से दर्ज करायें।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत राहतपुर खुर्द, विकास खण्ड नजीबाबाद**

पत्रांक मनरेगा/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांकः– 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राहतपुर खुर्द विकास खंड नजीबाबाद में वर्ष 2025–2026 में रतिराम के घर से मौ. उमर के बगीचे तक पक्का नाला निर्माण का कार्य किया जाना है, जिसके लिए सामग्री क्रय की जाती है। सामग्री आपूर्ति के निविदाएं सम्बंधित ग्राम पंचायत में दिनांक 15.03.2026 को 2 बजे तक आमंत्रित की जाएगी एवं उसी तिथि में 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदाएं खोली जाएगी। सामग्री विवरण निम्नवत है।

| क्र. स. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | मद का नाम | अनुमानित मानव दिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट, रेत, बजरी, लोहा, ईट, 40 एम.एम. पत्थर, सरिया। | 395000=00 | मनरेगा | 138 |

शर्तेः– 1. शेष शर्तें/अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
2. चरित्र प्रमाण पत्र।
3. आपूर्तिकर्ता फर्म के आयकर एवं जी.एस.टी. विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है।
4. कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत राहतपुर खुर्द, विकास खण्ड नजीबाबाद**

पत्रांक मनरेगा/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांकः– 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राहतपुर खुर्द विकास खंड नजीबाबाद में वर्ष 2025–2026 में तालाब से कोर लाइन तक पक्का नाला निर्माण का कार्य किया जाना है, जिसके लिए सामग्री क्रय की जाती है। सामग्री आपूर्ति की निविदाएं सम्बंधित ग्राम पंचायत में दिनांक 15.03.2026 को 2 बजे तक आमंत्रित की जाएगी एवं उसी तिथि में 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदाएं खोली जाएगी। सामग्री विवरण निम्नवत है।

| क्र. स. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | मद का नाम | अनुमानित मानव दिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट, रेत, बजरी, लोहा, ईट, 40 एम.एम. पत्थर, सरिया। | 925000=00 | मनरेगा | 258 |

शर्तेः– 1. शेष शर्तें/अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
2. चरित्र प्रमाण पत्र।
3. आपूर्तिकर्ता फर्म के आयकर एवं जी.एस.टी. विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है।
4. कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद चांदपुर**

नोटिस म्यू. एक्ट–1916 की धारा 147 के अंतर्गत सूचना

आपको सूचित किया जाता है कि संपत्ति सं. 75 (1–4) मौहल्ला साहूवान के स्थान पर श्रीमति निलिमा गुप्ता पत्नी पवन गुप्ता का नाम अंकित है और इनके नाम के स्थान पर श्री राखी पत्नी सचिन अग्रवाल व सचिन अग्रवाल पुत्र कैलाश चंद्र का नाम बैनामे के आधार पर अपना नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो नगर पालिका चांदपुर में लिखित रूप से दर्ज करायें।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद चांदपुर**

नोटिस म्यू. एक्ट–1916 की धारा 147 के अंतर्गत सूचना

आपको सूचित किया जाता है कि संपत्ति सं. 323 (1–2) मौहल्ला कटारमल के स्थान पर श्री मसुदुल हसन पुत्र मसरूल हसन का नाम अंकित है और इनके नाम के स्थान पर श्री शगुन अग्रवाल पुत्र कैलाश चंद्र का नाम बैनामे के आधार पर अपना नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो नगर पालिका चांदपुर में लिखित रूप से दर्ज करायें।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### सांसद निधि से लगी हाई मास्ट एलईडी लाइटें



**अफजलगढ़।** मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा के प्रतिनिधि अय्यूब अंसारी ने बताया कि सांसद निधि से संसदीय बढ़ापुर के ब्लॉक अफजलगढ़ के कस्बा अफजलगढ़ सहित 21 ग्राम पंचायतों ग्राम रसूलपुर आबाद, मकसूदाबाद, बरखेड़ा, सुआवाला भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला, हीरापुर गोकल उर्फ गढ़वावाला, आसफाबाद चमन, हिदायतपुर, आलमपुर, रामनगर, भटपुरा, हरपुर, मेघपुर, हरगनपुर नया गांव, हरेवला भगौता, रेहड़ उद्धोवाला, इस्लाम नगर (कालागढ़), मीरापुर, फजलाबाद परमानंदपुर उर्फ मानियावाला में मुख्य स्थानों पर सेमी हाई मास्क एलईडी लाइट लगाई गई है। ग्राम मानियावाला पहुंचे सपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि मौहम्मद अय्यूब अंसारी, जरीफ उस्मानी, भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक उपाध्यक्ष मौहम्मद यूसुफ कुरैशी, शेख़ हमीदुल्ला, इसरार अंसारी, खुशनवीद अंसारी, गुड्डू कुरैशी, शरीफ अहमद अंसारी, मुकीम कुरैशी ने लाइट स्थापित के समय मौजूद रहे। भारी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने सांसद कुंवर रानी रूचि वीरा की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

### असद अकील अंसारी सम्मानित



**अफजलगढ़।** नगीना निवासी होनहार असद अकील अंसारी ने कड़ी मेहनत और लगन से यूपीएससी परीक्षा पास की है। असद अकील अंसारी को उसके नगीना स्थिति आवास पर पहुंच कर अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी अफजलगढ़ के अध्यक्ष, युवा बसपा नेता शेख़ मौहम्मद ज़ैद, मौहम्मद शान एड.ने सम्मानित किया। मौहम्मद ज़ैद व मौहम्मद शान ने असद के परिवार को बधाई देते हुए कहा कि असद की कामयाबी परिवार के सहयोग की मिलीजुली मेहनत से हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि मन्ज़िल खुद बा खुद आगे बढ़कर कदम चूम लेती है, मुसाफिर अगर हिम्मत और हौसला न हारें। मौहम्मद ज़ैद यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले जनपद सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए बताया कि शीघ्र ही अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन की जानिब से अफजलगढ़ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके शेख़ मौहम्मद ज़ैद व मौहम्मद शान एड. के साथ इस्लामुद्दीन कुरैशी, शाहिद सलमानी, शादाब एड., शाकिब अंसारी नदीम एड., मोहसिन अंसारी, सोहेल अंसारी, अज्ज़ान अंसारी, मौहम्मद माआज़ अंसारी मौजूद रहे।

### युवक की उपचार के दौरान मौत

**धामपुर।** ग्राम सरकड़ा चकराजमल निवासी विवेक (28 वर्ष) पुत्र भीम सिंह चौहान की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। परिजनों के मुताबिक विवेक को शराब पीने की आदत थी और पिछले कुछ समय से उसकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी। 10 मार्च की दोपहर उसकी हालत ज्यादा बिगड़ने पर पत्नी श्वेता पुत्री राजेंद्र, निवासी ग्राम माननगर, थाना अफजलगढ़ उसे उपचार के लिए धामपुर के एक निजी अस्पताल (आयुष्मान अस्पताल) लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान विवेक की मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद थाना धामपुर पुलिस और सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला बीमारी के चलते मौत का प्रतीत हो रहा है, फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य है और पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बुलेट की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नहटौर।** ग्राम हसन अलीपुर मान (मानवाला) निवासी कुलदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके पिता जसवंत सिंह बाइक से बाजार आए थे। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बुलेट सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जसवंत सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। बुलेट सवार घायल को छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने जसवंत सिंह को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में हुई जांच और एक्स–रे रिपोर्ट में सामने आया है कि जसवंत सिंह के दाहिने पैर की दो हड्डियां टूट गई हैं। उनका उपचार अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कुलदीप कुमार की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम SHAHANO ZAHRA था, जिसको बदलकर मैंने SHANE ZEHRA कर लिया है। भविष्य में मुझे SHANE ZEHRA के नाम से जाना पहचाना जाए।

**शाने जहरा पत्नी राशिद अली ग्राम बेड़ा पोस्ट हसुपुरा, तहसील चांदपुर, जिला–बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र समीर व पुत्रवधु अफसाना मेरे कहने में नहीं है। आयेदिन दोनों मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते रहते है। पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते है। मैं अपने पुत्र समीर व पुत्रवधु अफसाना की बातों से क्षुब्ध व नाराज होकर बहुत सोच–समझ कर दिनांक 10.02.2026 को अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल/नाहक/सम्बंध विच्छेद/पृथक कर दिया है। किसी भी प्रकार का कोई भी मतलब/ताल्लुक वास्ता मेरे व मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्य या रिश्तेदार से नहीं रहा है। अगर कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन–देन नगद या उधार करता है, तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **अनीस पुत्र रफीक, निवासी मौहल्ला मिर्दगान, थाना कोतवाली शहर, तहसील व जनपद बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र शैलेश गुप्ता व उसकी पत्नी रोहीणी व उनके नाबालिग पुत्र शिताब गुप्ता को गलत आचरण व हमारा कहना न मानना तथा हमसे मारपीट करने के कारण मैं इनसे पूरी तरह से संबंध विच्छेद करता हूं। उपरोक्त तीनों जनों द्वारा किये गये किसी लेन–देन व गलत कार्यों की हमारी जिम्मेदारी नहीं होगी। **प्रमोद गुप्ता पुत्र बनारसी दास व रेखा गुप्ता पत्नी प्रमोद गुप्ता मौहल्ला लाल सराय, एम. एम. इन्टर कॉलेज के सामने नगीना, जिला बिजनौर।**

## एक नजर

### उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ शाहिद सम्मानित



**धामपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वीरा कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें जनपद के अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवदीप रिणवा (मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र.) ने निर्वाचन कार्य में सराहनीय योगदान देने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति–पत्र प्रदान किए। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर, ब्लॉक बुढ़नपुर के सहायक अध्यापक शाहिद हसन को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं समयब) ढंग से कार्य संपन्न कराने के लिए प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीएम जसजीत कौर, एसडीएम धामपुर, चांदपुर व नगीना, एडीएम वान्या सिंह तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही सभी से भविष्य में भी इसी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

### शिविर में नशा मुक्ति कार्यक्रम



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कालेज की रासेयो छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत एवं मौहम्मद आरिफ द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों एवं स्वंयसेविकाओं द्वारा कालेज परिसर तथा चयनित क्षेत्र में सफाई का कार्य किया गया। उसके पश्चात नशा मुक्ति अभियान से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें फरहीन जहां, अल्फिया इमरान, हिमानी, समीर अहमद, तरुण श्रीवास्तव और शिवा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रो. मौहम्मद सलीम ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप है जो इंसान के शरीर, मन और सम्मान को दीमक की तरह चाट जाता है। एक नशा–मुक्त व्यक्ति ही एक स्वस्थ परिवार और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। शिविर के द्वितीय सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. अशोक कुमार ने संबोधित करते हुए प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि देश के युवाओं को व्यसन और नशे की प्रवृत्तियों से दूर रहकर अपने बौद्धिक विकास और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में ही देश की निरंतर उन्नति निहित है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने समस्त विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाते हुए इस दिशा में समर्पित रहने का संकल्प कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. राजकुमार तथा पूजा राजपूत का विशेष योगदान एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ कार्यालय लिपिक राजेश श्रीवास्तव का भी विशेष सहयोग रहा।

### ई–रिक्शा का किराया बढ़ाने पर आपत्ति

**नजीबाबाद।** साहनपुर में ई–रिक्शा यूनियन ने बिना प्रशासन की अनुमति के रिक्शा का किराया दस रुपए प्रति सवारी से बढ़ाकर 15 रुपए प्रति सवारी कर दिया। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने आपत्ति जताते हुए पुराना किराया जारी रखने की मांग की। साहनपुर क्षेत्र में हाल ही में बनी ई–रिक्शा यूनियन पर क्षेत्र के लोगों ने मनमानी का आरोप लगाते हुए रिक्शा का किराया दस रुपए से बढ़ाकर 15 रुपए करने को गलत बताया। उन्होंने कहा कि किराया बढ़ाने का फैसला बिना प्रशासन की अनुमति के लिया गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आसपास के अन्य स्थानों पर अभी भी रिक्शा चालक दस रुपए प्रति सवारी ही किराया ले रहे हैं, ऐसे में केवल साहनपुर में अचानक किराया बढ़ा देना जनता के लिए परेशानी का कारण बन गया है। इस तरह के फैसले का सबसे ज्यादा असर गरीब, मजदूर, छात्र व रोजाना आने–जाने वाले लोगों की जेबों पर पड़ रहा है। अगर हर जगह यूनियन अपनी मर्जी से किराया तय करने लगेगी तो यह आम जनता के साथ अन्याय होगा। क्षेत्र के लोगों ने जनहित में प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेकर बिना अनुमति बढ़ाए गए किराए की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।

### गायत्री शक्तिपीठ पर शगुन का सम्मान

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी एवं गायत्री परिजन मुकुल गुप्ता (शिक्षक) के होनहार शिष्य शगुन कौशल आदर्श नगर नजीबाबाद के आईएएस बनने पर गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में भव्य दीपयज्ञ के दिव्य वातावरण में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें न्यायमूर्ति रामअवतार सिंह, शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह, ट्रस्टी हरीश शर्मा, श्रीमती कामेश शर्मा, जिला सह समन्वयक इन्द्रदेव शर्मा, वरिष्ठ गायत्री परिजन पंडित सामेश्वर दत्त शर्मा, नरेश सैनी, श्रीमती रानी माहेश्वरी, श्रीमती सुमन वर्मा उपस्थित रही। शगुन कौशल ने सपरिवार प्रखर प्रज्ञा, सजल–श्रृद्धा, गायत्री मात्रा के समक्ष माथा टेककर दीपयज्ञ में भागेदारी की। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य को गुरु रूप में वरण कर आजीवन गायत्री परिवार के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

### एसडीएम ने किया राफ्टिंग का उद्घाटन



**कालागढ़।** रामगंगा नदी में एसडीएम धामपुर ने फीता काटकर राफ्टिंग का उद्घाटन किया। इससे पूर्व राफ्टिंग डायरेक्टर ने एसडीएम स्मृति मिश्रा गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर उन्होंने बताया कि ज्ञान नंदनी अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर एवं सुभाष तोमर ने पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी राफ्टिंग की शुरुआत की है। इस दौरान अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नागरिकों ने भी एसडीएम का स्वागत किया। स्वागत करने वाले फय्याज अंसारी, रहीस अहमद, इदरीश अहमद, महबूब अहमद, विनोद धारियावाल, नौशाद अहमद, सुनील कुमार, अजमल खान, इरशाद अहमद आदि मौजूद रहे।

# किसानों की जमीन का सस्ते दामों पर सौदा

## प्रस्तावित एक्सप्रेस वे माफियाओं के लिए अरबों की कमाई का जरिया

**विशाल पाल**

**मंडावर।** सरकार द्वारा गोरखपुर एवं गंगा एक्सप्रेस वे जनपद से होकर गुजारने की घोषणा के बाद शातिर भूमाफिया भी सक्रिय हो गए हैं। भूमाफियाओं ने किसानों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीदने और हाइवे में जाने वाली जमीनों का मोटा मुआवजा मारने की योजना को अमली जामा पहनना शुरू कर दिया है। जिससे किसानों और सरकार को भारी नुकसान उठाने का अनुमान है। जबकि भूमाफियाओं की मोटी कमाई होने का अनुमान है।

गौरतलब है कि सरकार द्वारा गंगा एक्सप्रेस वे गोरखपुर एक्सप्रेस वे जनपद के तमाम गांवों से निकालने की घोषणा की गई है। जिसके बाद



मंडावर इलाके में भूमाफिया की गतिविधियां बढ़ गई हैं। सूत्रों के मुताबिक यह शातिर माफिया व कथित नेता लखनऊ जा कर गोरखपुर एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे का नक्शा हासिल कर लाए हैं और किसानों से उनकी जमीनें कम दामों पर खरीद कर सरकारी मुआवजे से अरबों रुपए कमाने की फिराक में हैं। गंगा एक्सप्रेसवे, जो गोरखपुर मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबा है। हाल ही में घोषित मेरठ से हरिद्वार तक की कनेक्टिंग एक्सप्रेसवे लिंक ने बिजनौर जैसे जनपदों में जमीन की कीमतें बढ़ा दी है।

लेकिन इसी का फायदा उठाकर भूमाफिया सक्रिय हो गए हैं। किसानों की जमीन सस्ते दामों पर खरीदना शुरु कर दी है। बाद में जब सरकार अधिग्रहण करती है, तो ये माफिया कई गुना मुआवजा लेकर मुनाफा कमा लेगे हैं।

भूमाफिया प्रस्तावित हाइवे को लेकर किसानों और सरकार को नुकसान पहुंचाने की भूमिका के लिए सक्रिय हो गए हैं। अब देखना ये हैं कि भूमाफियाओं को सरकार किस तरह से रोकती हैं और किसानों के छीनने वाले हक को किस तरह किसानों के लिए महफूज करती हैं।

# पुलिस की तत्परता से गिरा हुआ डेढ़ लाख रुपये का बैग मालिक को मिला वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते रास्ते में गिरा करीब 1.30 लाख रुपये से भरा बैग बरामद कर उसके मालिक को सकुशल वापस करा दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 11 मार्च 2026 को करीब दोपहर 1:30 बजे मौहम्मद अनस पुत्र मौहम्मद इश्तियाक निवासी मौहल्ला तैयब सराय कस्बा शेरकोट अपनी बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान जैतरा फाटक के पास उनकी बाइक से रुपये से भरा बैग सड़क पर गिर गया। बैग में करीब 1 लाख 30 हजार रुपये रखे हुए थे।

कुछ देर बाद मौहम्मद अनस को बैग गिरने की जानकारी हुई, जिसके बाद वह तत्काल थाना धामपुर की चौकी पर पहुंचे और पूरी घटना की



सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी।

सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान एक व्यक्ति बैग उठाकर ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति की पहचान कर उसे पूछताछ के लिए बुलाया। पूछताछ में उसने अपना नाम शौकीन बताया और बताया कि उसे सड़क पर पड़ा बैग मिला था।

पुलिस ने उसके पास से बैग बरामद किया, जिसमें मौजूद 1,30,000 रुपये सुरक्षित मिले। इसके बाद थाना धामपुर पुलिस द्वारा वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए बरामद रुपये मौहम्मद अनस को सुपुर्द कर दिए गए।

रुपये वापस मिलने पर मौहम्मद अनस ने धामपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्यशैली को सराहनीय बताया।

# धामपुर में गैस की मार! सिर पर सिलेंडर ढोते दिखे उपभोक्ता, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में इन दिनों गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले लगभग एक सप्ताह से नगर स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडरों की डिलीवरी की व्यवस्था बिगड़ गई है, जिसके चलते उपभोक्ताओं में रोष देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गैस सिलेंडर लेने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में लोग एजेंसी पर पहुंच रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। इसी बीच गुरुवार को नगीना चौक क्षेत्र में एक युवक अपने सिर पर गैस सिलेंडर रखकर ले जाता हुआ दिखाई दिया।

बताया जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने इस घटना का फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो अब तेजी से लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने गैस वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर की डिलीवरी समय पर नहीं हो रही है, जिसके कारण उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई परिवारों के सिलेंडर खाली हो चुके हैं और उन्हें खाना



बनाने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी से जल्द से जल्द गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिले।

### प्रेम प्रसंग में महिला ने खाया विषाक्त पदार्थ

**धामपुर।** ग्राम भटपुरा (अफजलगढ़) निवासी आरती की शादी संजीव निवासी ग्राम मनकुआ (अफजलगढ़) के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब साढ़े नौ बजे आरती धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मद्धि निवासी प्रियांश पुत्र दिनेश कुमार के घर पहुंची। इसी दौरान आरती ने अचानक विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और महिला को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरती और प्रियांश के बीच पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामले की सूचना महिला के परिजनों को दे दी है और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

# असहयोगी रवैया बरतने पर डीएम का सख्त रुख

## सरकारी योजनाओं में असहयोगी बैंकर्स को जिले में नहीं रहने दिया जाएगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीयकृत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक एवं निजी बैंकों सहित जिन बैंक शाखाओं द्वारा अब तक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है, उन शाखा प्रबंधकों के नाम उपलब्ध कराएं और उनके विरुद्ध शासन एवं संबंधित बैंक के उच्च अधिकारियों को उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए लिखें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं में असहयोगी रवैया और हठधर्मिता करने वाले किसी भी बैंकर्स को जिले में नहीं रहने दिया जाएगा।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित डीएलआरसी एवं डीसीसी की त्रैमासिक बैठक में बैंक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएलआरसी की बैठक में स्वयं उपस्थित हो, यदि किसी कारणवश प्रतिभाग करना संभव न हो तो नामित अधिकारी को पूरी सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने के लिए भेजें, ताकि बैठक में निर्धारित बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जा सके। समीक्षा के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में एसीपी अंतर्गत 2025–26 के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष माह दिसम्बर, 2025 राष्ट्रीयकृत बैंक यूको बैंक तथा इण्डियन बैंक द्वारा 40 प्रतिशत से कम तथा निजी क्षेत्र के बैंकों में नैनीताल बैंक द्वारा मात्र 3 प्रतिशत, यस बैंक द्वारा 4 प्रतिशत तथा



आईडीबीआई द्वारा 11 प्रतिशत उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि यथासंभव निर्धारित लक्ष्य पूरा करना सुनिश्चित करें। ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए उन्होंने 40% से कम लक्ष्य प्राप्त करने वाले बैंकर्स को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लक्ष्य के सापेक्ष सीडी रेश्यो पूरा करने के निर्देश संबंधित बैंकर्स को दिए।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा डीएलआरसी की प्रत्येक बैठक में उनके द्वारा सीएम युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को उक्त योजना से लाभान्वित करने के निरन्तर निर्देश दिए गए, परन्तु कुछ बैंकों द्वारा अभी तक एक भी युवा को उक्त योजना से आच्छादित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बैंकर्स का यह कृत्य अत्यंत आपत्तिजनक और अशोभनीय है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण रोजगारपरक शासकीय योजनाओं में मनमानी करने वाले बैंकर्स को जिले में रहने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए जिले में 1750 के लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक 2563 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए, इनमें से 1026 स्वीकृत आवेदनों में से 1008 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, 597 आवेदन स्वीकृति के लिए तथा 110 आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित हैं, जबकि 1220 आवेदन निरस्त किए गए हैं। योजना अंतर्गत 1001 ऋण खातों में रुपए 429.36 लाख मार्जिन मनी के रूप में क्लेम भी किए गए। सकल कृषि अग्रिम योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय लक्ष्य 18% के सापेक्ष 47%, कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम योजना के 40% राष्ट्रीय लक्ष्य के सापेक्ष 69%, महिलाओं को 5 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 23%, अल्पसंख्यकों 15% के लक्ष्य के सापेक्ष 20% ऋण उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बैंकर्स सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण देने में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के स्वरोजगार के लिए जो योजनाएं चला रही हैं उसमें बैंकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है, इसलिए बैंकर्स सरकारी योजनाओं के ऋणों की फाइलों को पूरी गुणवत्ता के आधार पर स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत माह जून, 2025 तक प्रथमिकता क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य 10010.59 करोड़ के सापेक्ष 2850.65 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त हुई, जो कि वार्षिक लक्ष्य का 28.47 प्रतिशत है। व्यवसायिक बैंकों ने 23.52 प्रतिशत, ग्रामीण बैंकों ने 22.29 तथा सहकारी बैंकों ने लक्ष्य के सापेक्ष 70.19 की उपलब्धि प्राप्त की।

बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका, जिला उद्योग केंद्र की योजनाएं, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, ओ.डी.ओ.पी., मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में उपलब्धि की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंकर्स गरीबों के कल्याणार्थ योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करें और उनके स्वरोजगार जो प्रकरण लम्बित है, उनका पूरी गुणवत्ता के आधार पर शत प्रतिशत रूप से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अखिल कुमार सिंह, खादी ग्रामोद्योग, डीडीएम नाबार्ड सहित समस्त बैंकर्स एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### डीएलएड में विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। डीएलएड बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डीएलएड विभाग की विभाग अध्यक्ष डा. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की छात्रा चयनिका पुत्री फूल सिंह सैनी ने 91.37 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, विशाल कुमार चहल पुत्र खलेंद्र सिंह ने 89.37 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा मेघा चौधरी पुत्री त्रिवेंद्र सिंह ने 89.25 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एमएस अंसारी, सुनील कुमार, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नर कंकाल मिलने से सनसनी



**नांगल सोती।** ग्राम मायापुरी और चमरौला के बीच दनियापुर मौजा में मुनेश देवी अपने खेत में गन्ने की छिलाई कर रही थी। तभी उसे खेत के पास घास में नर कंकाल पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना उसने ग्रामीणों को दी। सूचना पर सैकड़ों ग्रामीणों मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण घनश्याम सिंह ने सूचना नांगल पुलिस को दी। नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर मौके पर पहुंचे तथा सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौके से पुलिस ने नरमुंड और कुछ हड्डियां कब्जे में ली, और मोर्चरी भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम सैंपल इकट्ठा किए। एसपी अभिषेक झा ने भी घटना की जानकारी ली। सीओ नितेश प्रताप ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि कंकाल कितने दिन पुराना है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए सुरक्षित रखा जाएगा। आसपास के क्षेत्र में छानबीन की जा रही है, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### कार की टक्कर से बिजली के खंभे टूटे





**नांगल सोती।** बीती रात एक अनियंत्रित कार नांगल–चंदक मार्ग पर सौफतपुर बिजली घर के सामने बिजली के उच्च क्षमता के खम्भों से टकरा गई, जिससे बिजली के कई खंभे टूट गए। हादसे के वक्त बिजली चल रही थी, खंभे टूट जाने कई गांवों की बिजली कई घंटे तक बाधित रही। सूचना पर पुलिस और बिजली कर्मी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस कार सवार युवकों को अपने साथ थाने ले आई, वही बिजली कर्मियों ने रात में ही लकड़ी की बल्ली लगाकर बिजली सुचारू की।

### बीएससी नर्सिंग में उपासना प्रथम



**बिजनौर।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। जिससे संस्थान में खुशी का माहौल है। छठे सेमेस्टर के परिणामों में उपासना राजपूत ने 447 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरुणा ने 431 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रोहित कुमार ने 426 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार तथा प्राचार्या डा. सफिया खानम ने सभी विद्यार्थियों बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कॅरियर कम स्ट्रीम सेलेक्शन काउंसलिंग




**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए करियर कम स्ट्रीम सलेक्शन काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के अनुसार सही विषय (स्ट्रीम) चुनने के लिए मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विज्ञान, वाणिज्य और कला जैसी विभिन्न स्ट्रीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किस स्ट्रीम से आगे चलकर कौन–कौन से करियर विकल्प उपलब्ध होते हैं और विद्यार्थी अपने लक्ष्य को किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं। काउंसलिंग सत्र में छात्रों को यह समझाया गया कि सही करियर का चुनाव करने के लिए अपनी रुचि, मेहनत और लक्ष्य को ध्यान में रखना बहुत आवश्यक है। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक–अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर





सम्भल। सिल्वेंजा अस्पताल के सामने सड़क पर भरा गंदा पानी स्वच्छता की सच्चाई दर्शाता।

# सफाई न होने से सीवर लाइनें हुई चौक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** देहली दरवाजा से भूरे शाह मियां रोड पर गंदे पानी की निकासी को बिछाई गई सीवर लाइन चौक होने से रोड पर गंदा पानी भर रहा है। इससे लोग परेशान हैं। सीवर का पानी मार्ग पर भरने से इधर मार्ग पर आवागमन मुश्किल हो गया है। जबकि बीस से पच्चीस मीटर चौक हो चुकी सीवर लाइन साफ होने से समस्या का निदान किया जा सकता है।

**बीस से पच्चीस मीटर सीवर लाइन की सफाई से मिल सकती है बड़ी राहत**

नगर पालिका परिषद के मौहल्ला दहेलर दरवाजा, और भूरे शाह रोड पर पूर्व चेयरमैन आरिफा शकील के कार्यकाल में सीवर लाइन डाली गई थी। गंदे पानी की निकासी को बिछाई गई सीवर लाइन से लोगों को काफी राहत मिली थी। लेकिन कुछ समय से सीवर लाइन की सफाई न होने से वह ओवर फ्लो हो रही है। जिसके चलते गंदे पानी की निकासी रूकी हुई है नालियों का पानी सड़क पर भर जाता है। जबकि आसपास के लोगों की माने तो सीवर लाइन बीस से पच्चीस मीटर तक चोक हुई है जबकि बाकी लाइन अपना काम कर रही है। स्थानीय निवासी इसरार खां, मौहम्मद उमर, मौहम्मद शरीफ आदि की माने तो पच्चीस मीटर चोक सीवर लाइन की सफाई करा दी जाये तो समस्या का काफी हल हो जायेगा। उनका कहना है कि कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

# सड़क पर नहीं मस्जिद में अदा करें जुमा अलविदा की नमाज़: जहीरूल इस्लाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ईमाम ऐतिहासिक ईदगाह शहर सम्भल हाफिज ओ कारी हाजी मौहल्ला जहीरूल इस्लाम ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर मुस्लिम समाज से जुमा अलविदा और ईद की नमाज शांति और अनुशासन के साथ अदा करने की अपील की। उन्होने कहा कि जो लोग साहिब-ए-निसाब हैं, उन्हें अपने माल का हिसाब लगाकर जकात अदा करनी चाहिए। जकात साल में एक बार दी जाती है और अपने कुल माल का चालीसवां हिस्सा देना होता है। उन्होंने बताया कि एक हजार रुपये में 25 रुपये और एक लाख रुपये में 2500 रुपये जकात बनती है, उसी हिसाब से हर व्यक्ति अपनी जकात अदा करे। उन्होंने कहा कि सदका-ए-फित्र अदा करना भी हर साहिब-ए-निसाब पर वाजिब है। इसकी मात्र अलग-अलग रिवायतों के मुताबिक लगभग 2 किलो 45 ग्राम गेहूं या उसकी कीमत होती है, जिसे अपनी तरफ से और अपने बच्चों की तरफ से भी देना जरूरी है। बेहतर है कि इसे रमजान में ही अदा कर दिया जाए, वरना ईद की नमाज से पहले अदा करना मुस्तहब है। उन्होने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद की नमाज ईदगाह या अपनी-अपनी मस्जिदों में अदा करें और किसी भी हाल में सड़क पर नमाज न पढ़ें। अगर किसी मस्जिद में जगह न हो तो दूसरी मस्जिद या ईदगाह में जाकर नमाज पढ़ें, लेकिन सड़क पर नमाज अदा करने से बचें। उन्होंने कहा कि नमाज के लिए जाते समय तकबीर पढ़ते हुए जाएं और किसी तरह का नारा न लगाएं। नमाज के बाद मुल्क में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ करें और अपने घरों को लौटे।

**इमामे ईदगाह ने की अमन व भाईचारे की अपील**

# स्वच्छता में चौथा स्थान, गंदे पानी की निकासी का नहीं समाधान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर का मौहल्ला देहली दरवाजा भूरे शाह रोड तालाब बना हुआ है। जबकि यहां बड़ा अस्पताल स्थित है। नालियों का सड़क पर भरा गंदा पानी आईना दिखा रहा है परन्तु पालिका के जिम्मेदार खामोशी ओढ़े हुए हैं। मजबूर अस्पताल संचालक को इंजन पम्प से गंदे पानी की निकासी करायी जा रही है।

नगर का मौहल्ला देहली दरवाजा भूरे शाह रोड पर गंदे पानी की जल निकासी बड़ी समस्या बनी हुई है। पूर्व में पूरा रास्ता तालाब बने रहने के चलते कई बार सड़क को ऊंचा कर निर्माण करा दिया गया, जबकि दोनों ओर बड़े गहरे नालों का निर्माण करा दिया गया किन्तु समस्या जस की तस बनी हुई है। रेतला तालाब पर हुए अतिक्रमण और जल निकासी कहीं ओर नहीं होने से मुख्य मार्ग बिन बरसात तालाब बना रहता है। हद तो तब हो गयी जब आसपास के लोगों के अलावा मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के संचालक की ओर से जल निकासी की समस्या हल कराने को नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों से कहा गया लेकिन कोई हल नहीं हो सका। शहर के कई मौहल्लों को जोड़ने वाला तालाब बना मुख्य मार्ग व्यवस्था को आइना दिखा रहा है। याद दिला दें कि नगर पालिका को स्वच्छता में प्रदेश में चौथा स्थान मिला है लेकिन नगर के कई स्थानों पर कूढ़े से भरे नाले और स्वच्छता की कहानी स्वयं ही ब्यां कर रहे है। हालांकि नगर पालिका का स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि नाले का निर्माण होना है। इसलिए यह समस्या बनी हुई है जबकि नगर पालिका की ओर से पम्पसेट लगवाकर फिलहाल समस्या का समाधान कराया जा रहा है।

**भूरे शाह रोड दिखा रहा आईना इंजन पम्प से की जा रही गंदे पानी की निकासी, जिम्मेदार खामोश**

# शादी का झांसा देकर गर्भवती करने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शादी का झांसा देकर युवती से शारिरिक सम्बंध बना लिये। गर्भपात न कराने पर पीड़िता ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती है। पीड़िता के अनुसार वह आलू के खेतों में मजदूरी कर आलू इकटठा करने का काम करती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात सरथल चौकी क्षेत्र के मोहल्ला कुम्हारों वाली गली निवासी से हुई।

# रजपुरा डीएसएम शुगर मिल का पैराई सत्र का सफलतापूर्वक समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा की पेराई सत्र का सफलता पूर्वक समापन हो गया।

यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा ने मौजूद किसानो ,फैक्ट्री के अधिकारी और कर्मचारी को बधाई देते हुए सभी का आभार जताया, आशीष शर्मा ने मिल के सफलतापूर्वक पेराई सत्र के समापन के लिए किसानों के साथ-साथ जिला प्रशासन, व संबंधित जुड़े हुए सभी अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह मिल सभी किसानों की है। जबकि मिल किसानों के साथ तन मन धन से खड़ी है और इस मिल को आगे ले जाने में भी उनकी जरूरत है। उन्होने उम्मीद जताते हुए गन्ने की अच्छी बुवाई कर मिल को अगले पेराई सत्र में ज्यादा गन्ने की सप्लाई करेंगे। साथ किसी भी परेशानी के समाधान को 24 घंटे मिलने को तैयार रहने का भी भरोसा दिलाया।

# कड़ी सुरक्षा में होंगी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा

**जिले में परीक्षा के लिए बनाए दसा केन्द्र**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के दौरान व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दे दिया गया है। एक दिन पूर्व तैयारियों को लेकर स्टेटिक मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट रिजर्व अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर समीक्षा भी की गई है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड द्वारा उपनिरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा कल आज से करायी जायेंगी। दो पालियों में होने वाली परीक्षा दो दिन चलेंगी। परीक्षा को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से जारी दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दे दी गइ। उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए होने वाली लिखित परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें 'आचार्य मुक्तेश हकीम रईस स. इ. का. सम्भल, बृजरत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कालेज सम्भल, हिंद इंटर कालेज सम्भल, जवाहरलाल मैमो.न.पं.इ.कालेज सिरसी सम्भल, महात्मा गांधी डिग्री कालेज सम्भल, राजकीय कन्या इंटर कालेज संभल, राजकीय कन्या इंटर कालेज सिरसी संभल, राजकीय महाविद्यालय हयात नगर सम्भल सम्भल, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कालेज सम्भल, जेड.यू इंटर कालेज सराय तरीन सम्भल पर करायी जायेंगी। दारोगा भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा में परीक्षा केन्द्रों पर कुल 13440 आवंटित परीक्षार्थी 130 परीक्षा कक्षों में परीक्षा देंगे। इनमें 10 केन्द्र व्यवस्थापक तथा 20 सहायक केन्द्र व्यवस्थापक रहेंगे। इसके अलावा 280 कक्ष निरीक्षकों की संख्या रहेगी। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक -एक सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाये गये हैं तथा इस प्रकार कुल 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 10 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की डयूटी रहेगी। तथा 5-5 सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट किसी आकस्मिक स्थिति के दृष्टिष्टिगत रिजर्व में भी लगाये गये हैं।



सम्भल- उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक में दिशा निर्देश देते एएसपी।

# मार्च माह में भीषण गर्मी बीमारियों को दे रही दावत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भीषण गर्मी से मच्छरों व बीमारियां का प्रकोप बढ़ गया है,जबकि गर्मी भयंकर बीमारियों को भी दावत देने लगी है। डायरिया और उल्टी दस्त के रोगियों में इज़ाफा हो गया है।

सूर्यदेव की शरीर को झुलसाने वाली किरणों ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह से ही अपना असर दिखा रही गर्मी दोपहर को भयंकर रूप बन जाने से लोगों का घरों से निकलना दूभर होता जा रहा है। बढ़ती गर्मी में जहां डायरिया आदि के रोगियों की संख्या में रोज़ाना बढोत्तरी हो रही है, वहीं मच्छरों के फौज की बढ़ती संख्या ने मेलरिया, डायरिया ओर, टायफायड, वायरल, सिर दर्द चक्कर आने की शिकायतों के बड़ी संख्या में रोगियों की चिकित्सकों की दुकानों पर रोज़ाना इज़ाफा हो रहा है। जबकि दिन का पारा चढ़ते ओर सूरज की किरणों के चारों ओर फैलते ही बाज़ारों की रौनक चली जाती। लोगों के घरों में छिप जाने से दुकानदार हाथ पर हाथ धरे ग्राहकों के इंतेज़ार में ऊंघते दिखायी दे रहे है। उधर गले-सड़े फलों और सब्ज़ियों व मिलावटी सामान की बिक्री पर रोक न लगने से भी डायरिया के रोगी सामने आ रहे हैं।

# देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ चल रहे अभियान में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था की ओर से ग्रामीणों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलायी।

ग्राम भवांच में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है एवं लोगों को बाल अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी, अठारह साल से कम उम्र की लड़की और इक्कीस साल से कम उम्र के लड़के के विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नांई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में सम्मिलित होगा उन सभी को दो साल की सजा और एक लाख रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनो हो सकते हैं यदि आप कहीं बाल विवाह होता देखें, तो तुरंत इन नंबरों पर सूचना दें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112, जे आर सी हेल्पलाइन 1800-102-7222 आपका एक छोटा सा प्रयास किसी बच्चे का पूरा जीवन बचा सकता है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी राजकुमारी फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

**ग्राम भवांच में बाल विवाह न करने की दिलाई शपथ**

## आयोग की सदस्या सम्भल में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह की अध्यक्षता में जनपद सम्भल में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, समीक्षा लोनिवि में प्रस्तावित है।

## एक नज़र इधर भी

# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक 17 मार्च को

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** नगर पंचायत कार्यालय में 12 मार्च गुरूवार को मूल बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 को बोर्ड बैठक होनी थी। जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। पुनः बजट बोर्ड की बैठक 17 मार्च 2026 मंगलवार पूर्वान्ह् 10 बजे होगी। जिसमें सभी सीज्ञासदों को भाग लेना आवश्यक है। अध्यक्ष कौसर अब्बास के हस्ताक्षर से जारी प्रेस नोट में 17 मार्च दिन मंगलवार पूर्वान्ह् दस बले मूल बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 को आयोजित की जाने वाली बैठक कार्यलय सभागार कक्ष में सभी सदस्यों से समय से पहुंचने का अनुरोध किया गया है।



बबराला। विद्याकुंज स्कूल में आग बुझाने के तरीके बताते।

# विद्यार्थियों को दी अग्नि से सुरक्षा की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में अग्नि से सुरक्षा किस प्रकार की जाए। विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल, कपिल गोयल तथा मेगा गैस प्लांट के प्रमुख सदस्य फिरदौस रिजवी (सेफ्टी इंजीनियर) नंदन कुमार (प्लांट इंजीनियर) गोविंद कौशिक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियर) प्रशांत तिवारी (इलेक्ट्रिकल इंजीनियर) सदानंद सहाय (मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव) सचिन मिश्रा (इंजीनियर) तथा विद्यालय के प्राचार्य सुशील शर्मा ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बच्चों को यह समझाया गया कि अग्नि से सुरक्षा किस प्रकार की जाए और किन-किन ज्वलन शील चीजों से हमें दूर रहना चाहिए। मेगा गैस प्लांट के सेफ्टी इंजीनियर फिरदौस रिजवी ने अग्निशामन यंत्र द्वारा आपातकालीन स्थिति में आग पर नियंत्रण किस प्रकार किया जाए। इसका प्रयोग करके विद्यालय के बच्चों को दिखाया। विद्यालय के प्राचार्य सुशील शर्मा ने मेघा गैस प्लांट के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# फल संरक्षण को दो दिवसीय प्रशिक्षण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में ग्रामीण बेरोजगार युवक एवं युवतियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरम्भ किया।

मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम रोजगार योजना अंतर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान एवं जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर न्याय पंचायत मौलागढ़ ग्राम सभा आटा विकासखंड बनिया खेड़ा में किया गया। लाभार्थियों को लेखन सामग्री आदि वितरण की गयी ।विषय विशेषज्ञ द्वारा विभाग की विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा लाभार्थियों को मिर्च का अचार एवं नींबू का अचार बनाकर प्रयोगात्मक कार्य दिखाया गया कार्यक्रम का संचालन प्रभारी श्रनौसिंह जी द्वारा किया गया

# गैस की कोई कमी नहीं अफवाहों पर न दें ध्यान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सरकार ने 4 दिन गैस बुकिंग का समय बढ़ाया है।यह जमाखोरी रोकने के लिए फैसला किया है।एजेंसी पर लोग गैस लेने को अधिाक पहुंचने लगे हैं।

केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की रीफिल बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है।अब उपभोक्ता एक सिलेंडर डिलीवर होने के बाद दूसरा सिलेंडर 21 दिन के बजाय 25 दिन बाद ही बुक कर सकेंगे। मिडिल ईस्ट टेंशन के बीच सरकार ने यह कदम गैस की जमाखोरी रोकने और सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा था कि जरूरत न होने पर भी लोग सिलेंडर बुक करके स्टक्क कर रहे थे। सरकार का मानना है कि वेटिंग पीरियड को 25 दिन करने से बेवजह की बुकिंग पर लगाम लगेगी। इससे उन लोगों को आसानी से सिलेंडर मिल सकेगा जिन्हें वाकई जरूरत है।भारत गेस वैष्णो स्वरूप गैस एजेंसी गुन्नौर के मैनेजर राजवीर सिंह ने बताया कि गैस उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें। गैस की कोई किल्लत नहीं है। एजेंसी पर भीड़ न करें। गैस नियमानुसार बुक करायें। एक महीने के अंदर सिलेंडर होम डिलीवरी हो जायेगा।

**डिलीवरी के 25 दिन बाद बुक होगा दूसरा सिलेंडर**

# दिल्ली सरकार ला रही स्मार्ट फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सरकारी बजट बनाने की प्रक्रिया अब तकनीक के सहारे बदलने जा रही है। दिल्ली सरकार एक स्मार्ट फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम विकसित कर रही है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और रीयल-टाइम डेटा के आधार पर राजस्व, खर्च और नकदी प्रवाह का अनुमान लगाकर बजट तैयार किया जाएगा, जिससे वित्तीय फैसले ज्यादा सटीक और तेज हो सकेंगे। इस नई व्यवस्था का मकसद बजट को ज्यादा डेटा पर आधारित, पारदर्शी और सही बनाना है। सरकार का मानना है कि अगर सही आंकड़ों के आधार पर योजना बनेगी तो संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल किया जा सकेगा। प्रस्तावित सिस्टम में मशीन लर्निंग आधारित अनुमान मॉडल का इस्तेमाल होगा।

# अल इस्लाम ट्रस्ट ने गरीबों को बांटी ईद की किट

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अल इस्लाम ट्रस्ट के तत्वावधान में जरूरतमंदों को ईद की किट वितरित की गई।

मौहल्ला हिलाली सराय स्थित मदरसा सिराजुलउलूम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को ईद के त्योहार पर मदद पहुंचाना रहा। ट्रस्ट की ओर से लगभग 100 गरीब परिवारों को ईद किट दी गई। इस दौरान मौलाना मोहम्मद मियां ने बताया कि संस्था पिछले करीब 22 वर्षों से जरूरतमंद लोगों की सहायता का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के जो लोग जकात देते हैं, उनके पैसों को सही हकदार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ट्रस्ट निभा रहा है। मदरसों के माध्यम से गरीब और मुस्तहिक लोगों की पहचान कर उन्हें मदद उपलब्ध कराई जाती है। मौलाना मोहम्मद मियां ने बताया कि अल इस्लाम ट्रस्ट के सहयोगियों के सहयोग से यह कार्य लगातार किया जा रहा है।



सम्भल-मदरसा सिराजुल उलूम में गरीबों को ईद की किट देते।

ट्रस्ट का उद्देश्य केवल जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाना है और संस्था इस काम में एक माध्यम की भूमिका निभा रही है। रमजान के महीने में गरीबों की जरूरत को देखते हुए किट की संख्या भी बढ़ा दी जाती है। उन्होंनेबताया कि ट्रस्ट की ओर से हर महीने भी गरीबों को सहायता दी जाती है, लेकिन रमजान के महीने में विशेष रूप से ईद किट वितरित कर लोगों की मदद की जाती है ताकि गरीब परिवार भी खुशी के साथ ईद मना सकें। मौलाना मोहम्मद मियां ने समाज के लोगों से अपील की कि वे आगे आकर गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करें। उन्होंने कहा कि इंसानियत के नाते सभी को एक-दूसरे की सहायता करनी चाहिए।

# जिला अस्पताल में 15 दिनों से नहीं हो रहे एक्सरे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब होने से रोगियों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले लगभग 15 दिनों से खराब मशीन ठीक नहीं हो सकी है।

जिला अस्पताल में पिछले करीब 15 दिनों से सामान्य मरीजों के एक्स-रे नहीं हो पा रहे हैं, जिससे अस्पताल आने वाले लोगों को बाहर प्राइवेट लैब में जांच कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि अस्पताल प्रशासन का दावा है कि जिन मरीजों को डाक्टर द्वारा आवश्यक एक्स-रे लिखा जा रहा है, उनके एक्स-रे कराए जा रहे हैं। इस मामले में सीएमएस डा. राजेंद्र सिंह ने बताया कि जो डिजिटल एक्स-रे मशीन पहले चल रही थी, वह खराब हो गई है। इस मशीन की सर्विस और रखरखाव का काम सायरक्स कंपनी के पास है, जिसे एएमसी के तहत मरम्मत की जाती है। कंपनी की ओर से जांच के बाद बताया गया है कि मशीन को ठीक कराने में काफी खर्च आएगा। इसके लिए शासन को पत्र लिखकर मरम्मत का अनुमानित खर्च भेज दिया गया है। सीएमएस ने बताया कि अस्पताल में एक नई डिजिटल एक्स-रे मशीन भी आई है, जो टयूबरकुलोसिस (टीबी) कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। यह मशीन जिले में अन्य पांच स्थानों पर भी लगाई जा रही है। फिलहाल इसके इंस्टॉलेशन के लिए कंपनी के इंजीनियरों का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इंजीनियरों के आने के बाद मशीन को इंस्टॉल कर दिया जाएगा और इसके बाद एक्स-रे की सुविधा सामान्य रूप से शुरू हो जाएगी। सीएमएस के मुताबिक इंजीनियर एक-दो दिन में आने की संभावना जता रहे है।

**15 दिनों से खराब एक्सरे मशीन नहीं हो सकी ठीक**

## बाजार में उमड़ रही भीड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पवित्र रमजान में ईद की खरीदारी को बाज़ार में भीड; रोजाना बढ़ रही है। सबसे अधिक कपड़ा दुकानों पर भीड़ उमड़ी हुई है। जबकि जींस ओर रेडीमेड कपड़ों की बिक्री भी अधिकांश युवाओं की पसंद बनी हुई है। जींस और विभिन्न आकृषक डिजायन वाली शर्ट व टीशर्ट आदि की खरीदारी को युवा सबसे अधिक दुकानों पर दिखायी दे रहे है। दुकानों भी देर रात तक खुल रही है।

# ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली बैठक में अवश्य हों शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की खण्ड विकास अधिकारी अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड पवांसा सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण मामलों पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी उषा यादव द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने सभी सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होने के भी निर्देश दिए। होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।बैठक में हरवीर सिंह, पुलिस विभाग से नरेन्द्र सिंह एस.आई, मुल्की सिंह सागर, वीरभान आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत सिरसी-जनपद सम्भल

पत्रांक:- 1572/न.पं.-सिरसी/2025-26 दिनांक:- 12.03.2026

**साप्ताहिक पैंठ बाजार की ठेका नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सिरसी (सम्भल) में वर्ष 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027) तक हेतु ठेका साप्ताहिक पैंठ बाजार की नीलामी खुली बोली के माध्यम से दिनांक-12.03.2026 दिन बृहस्पतिवार को समय पूर्वान्ह् 10:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत के सभागार कक्ष में की जानी थी **जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई।** पुनः ठेका साप्ताहिक पैंठ बाजार की नीलामी खुली बोली के माध्यम से दिनांक- 17.03.2026 दिन मंगलवार को समय पूर्वान्ह् 10:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत के सभागार मक्ष में की जाएगी। साप्ताहिक पैंठ बाज़ार की नीलामी शर्तें यथावत रहेंगी।

अध्यक्ष
**नगर पंचायत सिरसी**
**( सम्भल )**

# मुगलपुरा थाना पुलिस ने किया हनी ट्रैप गैंग का भंडाफोड़, सरगना समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। थाना मुगलपुरा पुलिस ने एक हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसकी मुखिया समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 हजार रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।पुलिस के अनुसार, इस मामले में पीड़ित नौशाद पुत्र अहमदउल्ला निवासी जामा मस्जिद पार्क बरबा. लान, थाना मुगलपुरा ने 25 फरवरी को तहरीर देकर बताया था कि कुछ लोगों ने संगठित होकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने जबरन उसके कपड़े



उतरवाकर वीडियो बनाया और उसे वायरल करने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। इसके बाद आरो. पियों ने डराकर और धमकाकर उससे 85 हजार रुपये भी ठग लिए।पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना मुगलपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश और पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर सुनीता दहिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार राणा के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया।इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हनी ट्रैप गैंग की सरगना रिहाना पत्नी फैसल निवासी ताजपुर माफी थाना कटघर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में चांद बी पत्नी वली अहमद, इलमा पत्नी सुलेमान, शगुफ्ता पुत्री वली अहमद और सुलेमान पुत्र निजामुद्दीन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 10 हजार रुपये नकद तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनमें एक सैमसंग गैलेक्सी ।15, एक वीवो 1॰ और एक वीवो ट23 5ळ मोबाइल शामिल है, जिनका इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग के लिए किया जा रहा था।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक तेजराम सिंह, उपनि. रीक्षक भानू प्रताप सिंह, महिला उपनिरीक्षक नरगिस सैफी, महिला उपनिरीक्षक रानी सिंह, महिला कांस्टेबल रुचि और हेड कांस्टेबल शेखर कुमार शामिल रहे। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई की क्षेत्र के लोगों ने सराहना की है।

## अलविदा जुमा से पूर्व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बिलारी।** जुम्मा अलविदा के मौके पर पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च करके लोगों को शांति का संदेश दिया। इस बीच लोगों से आग्रह किया कि कोई भी जुम्मा अलविदा के मौके पर सड़क पर नमाज अदा नहीं करें, इसके साथ ही हाईवे पर अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए गए। बिलारी की अनेकों मस्जिदों का निरीक्षण और भ्रमण भी किया। इसके अलावा पालिका ने भी जुम्मा अलविदा के मौके पर नगर में साफ सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।

गुरुवार की दोपहर वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल बिलारी कोतवाली से होकर डाकखाना रोड,बाजार रोड, रैली चौक, सराफा बाजार से होते हुए वापस कोतवाली पहुंचा। इस बीच लोगों को संदेश दिया कि वह जुम्मा अलविदा के मौके पर कोई नई परंपरा कायम न करते हुए मस्जिद में ही नमाज अदा करें।

## बकाया कर वसूली को लेकर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई बुध बाजार सुपर मार्केट की कई दुकानें की सील

**मुरादाबाद।** बकाया कर की वसूली को लेकर नगर निगम ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित बुध बाजार सुपर मार्केट में कई



दुकानों को सील कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया और व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार नगर निगम की टीम बुध बाजार सुपर मार्केट पहुंची और हाउस टैक्स व अन्य करों के बकाएदार दुकानदारों की जांच शुरू की। जांच के दौरान जिन दुकानों पर दो लाख रुपये से अधिक का कर बकाया पाया गया, उनके खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई करते हुए करीब आधा दर्जन दुकानों को सील कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सुपर मार्केट की पहली मंजिल पर स्थित कई दुकानों पर नगर निगम ने ताले लगाकर सील लगा दी।नगर निगम की इस कार्रवाई के दौरान बाजार में मौजूद दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारी अपनी दुकानों के कागजात और कर भुगतान की रसीदें दिखाने के लिए अधिकारियों से संपर्क करते नजर आए। वहीं कुछ दुकानदारों ने इस कार्रवाई का विरोध भी किया और मौके पर एकजुट होकर नाराजगी जताई। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि जिन दुकानदारों पर लंबे समय से हाउस टैक्स और अन्य करों का बकाया चल रहा है, उनके खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने स्पष्ट कहा है कि जिन दुकानों पर दो लाख रुपये से अधिक का बकाया है, उनके खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी।हालांकि अधिकारियों ने यह भी बताया कि जिन व्यापारियों ने बकाया कर जमा करना शुरू कर दिया है या तुरंत भुगतान करने की प्रक्रिया में हैं, उनकी दुकानों से सील हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है।अधिकारियों का कहना है कि राजस्व वसूली के लिए आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बेकरी कारोबारी की हत्या का मामला: मुख्य आरोपी जफर और उसके दो बेटों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नागफनी थाना क्षेत्र में बीती 27 फरवरी को हुए बेकरी कारोबारी मोहम्मद असद हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर जफर और उसके दो बेटों सैफुल व हुसैन पर पुलिस ने इनाम की राशि बढ़ा दी है। डीआईजी ने तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इससे एक दिन पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तीनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।पुलिस के अनुसार, जिगर कॉलोनी निवासी मोहम्मद असद बेकरी और पशुपालन से जुड़े कारोबार करते थे। उनकी बेटी आसमा सुल्तान बुलंदशहर में अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर तैनात हैं, जबकि दामाद भी न्यायिक सेवा में कार्यरत हैं। असद की हत्या के मामले में उनके साले जफर, उसके बेटे सैफुल और हुसैन समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा



दर्ज किया गया था।घटना 27 फरवरी की रात की है, जब असद थाना सिविल लाइंस क्षेत्र जिगर कॉलोनी स्थित अपने घर से तरावीह की नमाज पढ़ने के लिए निकले थे। बताया जाता है कि नागफनी क्षेत्र के बंगला गांव चौराहे के पास पहले से घात लगाए बैठे हिस्ट्रीशीटर जफर और उसके साथियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि जफर ने असद के सिर में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।इस मामले में मुजाहिद की तहरीर पर जफर, उसके बेटे सैफुल व हुसैन, कटघर निवासी आलमगीर, मुगलपुरा के कानूनगोयान निवासी मोहम्मद फैजान और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अब तक इस मामले में जफर के दामाद मोहम्मद फैजान और उसके साथी आलमगीर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी जफर और उसके दोनों बेटे अभी भी फरार हैं।पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## जिला पूर्ति विभाग ने होटलों और रेस्टोरेंट में छापेमारी कर घरेलू गैस सिलेंडर के इस्तेमाल को लेकर किया चेक

**मुरादाबाद।** शहर में घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए जिला पूर्ति विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कई होटलों और रेस्टोरेंट में छापेमारी की। इस दौरान शहर के नामी-गिरामी होटलों समेत करीब एक दर्जन से अधिक होटल और रेस्टोरेंट की जांच की गई।जिला पूर्ति विभाग की टीम ने अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर होटल और रेस्टोरेंट के किचन की जांच की। जांच के दौरान यह देखा गया कि कहीं घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल व्यावसायिक कार्यों में तो नहीं किया जा रहा है। विभाग की इस अचानक कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। कई स्थानों पर होटल मालिकों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।जिला पूर्ति



अधिकारी अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकना है। अधिकारियों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए होते हैं, जबकि होटल और रेस्टोरेंट में व्यावसायिक सिलेंडर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग नियमों के खिलाफ है और इससे सरकारी सब्सिडी का भी दुरुपयोग होता है।छापेमारी के दौरान टीम ने कई स्थानों पर सिलेंडरों की जांच की और होटल संचालकों को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसी होटल या रेस्टोरेंट में घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई होटल और रेस्टोरेंट संचालक घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी के चलते यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## डीएम ऑफिस के पास रिकॉर्ड रूम में घुसा कब्र बिज्जू, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम कार्यालय के पास बने रिकॉर्ड रूम में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां एक कब्र बिज्जू दिखाई देने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर एक कब्र बिज्जू को पकड़ लिया। अधिकारियों के अनुसार रिकॉर्ड रूम के अंदर अभी एक और कब्र बिज्जू होने की आशंका जताई जा रही है,जिसकी तलाश के लिए अभियान जारी है।जानकारी के मुताबिक कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित रिकॉर्ड रूम में काम कर रहे कर्मचारियों ने अंदर एक जंगली जानवर को घूमते हुए देखा। करीब से देखने पर पता चला कि वह कब्र बिज्जू है। इसके बाद कर्मचारियों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन





विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रिकॉर्ड रूम के अंदर सावधानी के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।वन विभाग के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद एक कब्र बिज्जू को पकड़ने में सफलता हासिल की। टीम ने बताया कि रिकॉर्ड रूम में अभी एक और कब्र बिज्जू के छिपे होने की संभावना है, इसलिए पूरी तरह से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सात से आठ लोगों की टीम को लगाया गया है ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो और दूसरे जानवर को भी सुरक्षित पकड़ा जा सके।वनकर्मी निजाम ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद टीम मौके पर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए कब्र बिज्जू को सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ा जाएगा। रिकॉर्ड रूम में जंगली जानवर मिलने की खबर से कलेक्ट्रेट परिसर में काम कर रहे कर्मचारियों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया था।वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कब्र बिज्जू काफी आक्रामक और खतरनाक माना जाता है, इसलिए इसे पकड़ने के दौरान विशेष सावधानी बरती गई। टीम दूसरे कब्र बिज्जू की तलाश में लगातार प्रयास कर रही है और जल्द ही उसे भी पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

## छह लाख लेकर भी नहीं कराया बैनामा अब दे रहा है धमकी एसएस पी के आदेश पर मामला दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)।** थाना क्षेत्र के गांव आबिहफीजपुर निवासी नरेश पुत्र सोमपाल ने ग्राम पैगम्बरपुर सुखवासीलाल की गाटा संख्यां 310 नि0 रकयई 0.118 हेक्टेयर में से 130 वर्ग मीटर का सोना देवी पत्नी रामवीर, सत कुमार पुत्र रामवीर व गजराज उर्फ सचिन पुत्र रामवीर सिंह के प्लाट का सोदा किया था। जिसमें संत कुमार ने कहा कि हमारा प्लाट पाक साफ है हम सभी व्यक्ति उक्त प्लाट को विक्रय करना चाहते है नरेश ने अपने बैंक ऑफ बडोदा शाखा धामपुर के खाते से 2 लाख रुपए और कुल 6 लाख रुपए तीनो व्यक्तियों के खाते में डाले और बेनामा कराने तहसील काठ में आ गए। मालियत के हिसाब से स्टाप निकालकर बैनामा कराने को जब वह गवाह के साथ रजिस्ट्री कार्यालय गए तव पता चला कि उक्त प्लाट का उपरोक्त व्यक्तियों ने 25.08.2025 को इकरारनामा राहुल कुमार पुत्र नौवहार सिंह, निवासी मोहनपुर सुमाली तहसील नौगांवा सादात के हक में कर रखा था।

इससे पूर्व उक्त भूमि का दान पत्र भी सोना व सत कुमार ने अपने नाबालिक पुत्र पौत्र के नाम भी कर रखा था जब उसने इस बावत बात की तब सत कुमार व उसके परिवार वाले स्टाप सहित मूल बेनामा और चेक द्वारा दी गई रकम को लेकर फरार हो गऐ वह अब तक बयनामें को लेकर फैसले की बात करता रहा लेकिन अब बह धमकी दे रहा है कि में तुम्हें जमीन नहीं दूंगा और कही शिकायत की तो जान से मार दूंगा अपनी बहन व मा के साथ छेडछाड को लेकर मुकदमे की धमकी भी देता है। सनी ना होने पर एसपी के सामने पहुंचा और अपनी शिकायत रखी उनके आदेश से पुलिस ने अब मामला दर्ज किया है।

### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र फरहान पुत्र जाबिर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में फरहान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**जाबिर पुत्र अकबर अली व श्रीमती शाहजहां पत्नी जाबिर निवासीगण ग्राम गुलडिया पोस्ट कांकरखेड़ा, जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैने अपने इकलौते पुत्र मोहम्मद दानिश को गलत संगत में पड जाने व मेरे व मेरे परिवार के प्रति गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मोहम्मद दानिश के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**शरीफ उल्ला पुत्र शरियत उल्ला निवासी असालतपुरा निकट हाजी करामत की गली थाना गलशहीद तहसील व जिला मुरादाबाद।**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश इस्माइल (ISAMAIL) हो गया है जबकि मेरे पैन कार्ड एवं आधार में में मेरा नाम इस्माईल (**ISMAIL**) दर्ज है जो की सही है, अब मुझे इस्माईल (**ISMAIL**) के नाम से जाना व पहचाना जाए, इस्माईल (**ISMAIL**) पुत्र उजीर निवासी 244, मैनाठेर, मुरादाबाद।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, मोहम्मद वारिस (Mohammad Varis), पुत्र मुनव्वर हुसैन, निवासी ग्राम एवं पोस्ट डींगरपुर, जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) 244301, ने अपने नाम की अंग्रेजी वर्तनी में परिवर्तन कर इसे **Mohammad Waris** कर लिया है। अत:, भविष्य में सभी दस्तावेजों एवं प्रयोजनों हेतु मुझे अंग्रेजी वर्तनी **Mohammad Waris** के नाम से जाना व पढ़ा जाएगा।

**न्यायालय श्रीमान अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या**- टी 202513540110700
**तारीख पेशी:** 16.03.2026
**श्रीमती मन्जू देवी बनाम धर्मवीर सिंह आदि।**

1. श्रीमती मन्जू देवी पत्नी विजेन्द्र सिंह नि० ग्राम ज्ञानपुर तह० व जिला मुरादाबाद- **वादिनी**

**बनाम**

1. धर्मवीर सिंह, 2. परोपकार सिंह पुत्रगण करन सिंह, 3. निमित चौधरी, 4. विनीत चौधरी पुत्रगण धर्मवीर सिंह, 5. माया देवी पत्नी परोपकार सिंह समस्त निवासीगण ग्राम ज्ञानपुर तह० व जिला मुरादाबाद, 6. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा परियोजना अधिकारी मुरादाबाद, 7. ग्राम सभा ग्राम सिकन्दरपुर तह० व जिला मुरादाबाद द्वारा ग्राम प्रधान अन्तर्गत धारा- 116 उ०प्र०रा०सं०-2006 ग्राम सिकन्दरपुर तह० व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपर्निमांकित **वादिनी** ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 को माह 3 के दिवस 16 को प्रात: 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो, यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 3 दिवस 12 को निकाली गई।

**न्यायालय**
**अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम/ सहायक कलेक्टर, जनपद मुरादाबाद।**

## एक नजर

### मारुति सुजुकी शोरूम में चलाया गया अग्नि सुरक्षा अभियान, फायर टीम ने दिए जरूरी निर्देश



**मुरादाबाद।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए आग की घटनाओं से बचाव के लिए अग्निशमन विभाग ने शहर में सुरक्षा अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दिल्ली रोड स्थित मारुति सुजुकी शोरूम में अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।यह अभियान मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. आर.के. पाण्डेय के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा और उनकी टीम ने शोरूम परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान फायर टीम ने वहां मौजूद कर्मचारियों और प्रबंधन को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी और आपात स्थिति में तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के बारे में विस्तार से समझाया।निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी उपकरणों की स्थिति, फायर एक्सटिंग्विशर, पानी की व्यवस्था और आपातकालीन निकास मार्गों की भी जांच की गई। टीम ने कर्मचारियों को बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके और किसी बड़ी घटना को रोका जा सके।अग्निशमन अधिकारियों ने कर्मचारियों को फायर एक्सटिंग्विशर के सही इस्तेमाल का भी प्रशिक्षण दिया और बताया कि छोटी आग को शुरुआती स्तर पर ही नियंत्रित किया जा सकता है, यदि सही तरीके से उपकरणों का उपयोग किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए सभी संस्थानों और प्रतिष्ठानों को अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शहर में आगे भी इसी तरह के जागरूकता अभियान और निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके।

### एलपीजी गैस की कमी की अफवाहों पर डीएम ने लगाया विराम, डीएम ने कहा गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं

**मुरादाबाद।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर जिला प्रशासन ने स्पष्टता देते हुए लोगों से घबराने की जरूरत न होने की अपील की है। जिलाधिकारी अनुज कुमार ने कहा कि मुरादाबाद में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रूप से चल रही है।जिलाधिकारी ने बताया कि हाल ही में गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए जिले की सभी गैस एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गई थी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि सभी एजेंसियों के पास उपभोक्ताओं की मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। इसलिए लोगों को किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।डीएम अनुज कुमार ने बताया कि कालाबाजारी और अनियमितता पर रोक लगाने के लिए जिला स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें लगातार गैस एजेंसियों और वितरण केंद्रों की निगरानी कर रही हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही सभी आपूर्ति निरीक्षकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह सुनिश्चित करें कि गैस सिलेंडर तय समय के भीतर उपभोक्ताओं तक पहुंचें।जिला प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या गैस एजेंसी स्थिति का फायदा उठाकर गैस की कालाबाजारी करते हुए पाई गई, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें फैलाएं। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल आवश्यकता न हो तो लोग अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर का स्टॉक न करें, क्योंकि जिले में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू है।

### कार्यालय ग्राम पंचायत दौलपुरी वमनिया विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दौलपुरी वमनिया विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 27.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नहर से भूरा मियां के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 61 मी0 | 226753.00 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | कौसर के घर से नाजिम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 73.5 मी0 | 279258.00 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | मैन रोड से हाकम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 85.5 मी0 | 334451.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत दौलपुरी वमनिया**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

### कार्यालय ग्राम पंचायत जाहिदपुर सीकमपुर विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जाहिदपुर सीकमपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 27.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | मद का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मसीत के घर से खुर्शीद के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | मनरेगा | 50 मी0 | 240090 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | देवराज के घर से फरजन्द के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | ग्राम निधि | 55 मी0 | 310000 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | मैन रोड से अरकान के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | ग्राम निधि | 110 मी0 | 515000 | 100 | 2% | 3 माह |
| 4 | निर्मल के घर से स्कूल तक पक्का नाला निर्माण कार्य। | ग्राम निधि | 55 मी0 | 225000 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जाहिदपुर सीकमपुर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# सड़क हादसे में सास-बहू की मौत, बेटा गंभीर घायल

**ठाकुरद्वारा।** तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम न लग पाने का खामियाजा एक बार फिर सड़क पर चल रहे निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ा। ठाकुरद्वारा-ढकिया मार्ग पर गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार कार की टक्कर से हुए दर्दनाक हादसे में सास और बहू की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार और गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव पत्थरखेड़ा गांवड़ी निवासी रवि (32) अपनी मां लज्जावती (55) और पत्नी सोना (30) के साथ बाइक से तहसील मुख्यालय जा रहा था। जब वे ठाकुरद्वारा-ढकिया मार्ग पर पसियापुरा पदार्थ गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज गति से आ रही ऑल्टो कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद लज्जावती को मृत घोषित कर दिया। वहीं रवि और उसकी पत्नी सोना की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान सोना ने भी दम तोड़ दिया, जबकि रवि का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और क्षतिग्रस्त कार व बाइक को कब्जे में ले लिया। कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एक ही परिवार की दो महिलाओं की असमय मौत से गांव में शोक की लहर है और पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## बस चालक से मारपीट का आरोप, डिप्टी एसपी से कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** रामनगरदृमुरादाबाद बस यूनियन के चालक व परिचालकों ने सीएनजी टैम्पू चालकों पर मारपीट और दबंगई करने का आरोप लगाते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। यूनियन के चालकों का कहना है कि वे बसों पर चालक व परिचालक के रूप में मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं और बीच बचाव कर मामला शांत कराया। यूनियन के लोगों का आरोप है कि उक्त टैम्पू चालक जाते समय जान से मारने की धमकी देकर चला गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उत्तराखंड परमिट वाले कई टैम्पू ठाकुरद्वारा में अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं और ट्रैफिक पुलिस के सामने ही सवारियां भरते हैं। रामनगरदृमुरादाबाद बस यूनियन के चालक व परिच. ालकों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मामले की जांच कर आरोपित चालक और अन्य टैम्पू चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रघूनाथपुर
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रघूनाथपुर में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 19.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रघुनाथपुर में मास्टर अंशु कांत के घर से सोहन सिंह के घर तक निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 340000/- | 6800/- | 250/- | 1 माह |
| 2 | हरस्वरूप सिंह के घर के सामने से मोनू सिंह की चक्की तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 300000/- | 6000/- | 250/- | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रघूनाथपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# ई-रिक्शा पलटने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत
## समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने पीडित परिवार को दिए एक लाख रुपये

**चन्दौसी।** शहर में जलभराव और सड़क की खराब स्थिति के कारण बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें ई-रिक्शा पलटने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक की बेटी की कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी, जिससे परिवार पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जानक. ारी के अनुसार थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव दासपुर (नगला गूजर) निवासी शेरसिंह पुत्र रामसहाय ई-रिक्शा में सवार होकर सलीम की पुलिया की ओर से गुजर रहे थे। कबीर गली और सलीम की पुलिया के पास सड़क पर जलभराव और गड्ढों के कारण ई-रिक्शा अचानक पलट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के दुकानदारों ने उन्हें तुरंत संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर नाला निर्माण में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी गई है। समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी द्वारा पीडिष्त परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई थी। इसी क्रम में गुरुवार को पीडिष्त परिवार को व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय पर बुलाकर अखिलेश कुमार खिलाड़ी की ओर से मृतक शेरसिंह के परिजनों को एक लाख रुपये की नकद धनराशि प्रदान की गई।

## एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एस.एम. कॉलेज चन्दौसी द्वारा कौशल विकास हेतु युवा शीर्षक के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन ग्राम देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के संयोजन में संपन्न हुआ। शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम के आयोजन से हुई।

इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को आगामी चुनाव में निष्पक्ष, निर्भीक और शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली के उपरांत स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आपदा प्रबंधन विषय पर विशेष जानकारी दी गई। इस दौरान अग्निशमन दल प्रभारी चन्दौसी ओमकार शर्मा ने स्वयंसेवकों को आपदा के समय साहस बनाए रखते हुए समस्याओं का सामना करने और समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मानवीय और दैवीय आपदाओं के बीच अंतर समझाते हुए प्रत्येक स्थिति में स्वयं और आसपास के लोगों को सुरक्षित रखने के मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी दी। साथ ही अग्निशामक यंत्रों के उपयोग के बारे में भी बताया और अग्निशमन दल में उपलब्ध रोजगार के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर के सफल आयोजन में श्री भूपाल सिंह शास्त्री, श्री शरद शर्मा, श्री सुरेश और श्री जितेंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## श्रीदाऊजी मंदिर पर रायसत्ती मेले का आयोजन, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट स्थित श्रीदाऊजी मंदिर में परंपरागत रायसत्ती मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर देवी माँ की पूजा-अर्चना की और अपने परिवार व बच्चों के स्वस्थ और सुखी रहने की कामना की। श्रद्धालुओं ने घर से बने प्रसाद का भोग लगाकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा माता पर चढ़ाए गए जल के छींटे बच्चों और परिवार के सदस्यों को दिलवाए। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। महिलाओं ने देवी की जात लगाकर परिवार में सुख-समृद्धि और बच्चों की लंबी उम्र की प्रार्थना की। पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण कर परंपरा का निर्वहन किया। मेले में बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष आकर्षण देखने को मिला। बच्चों ने झूले, खेल-खिलौने, चाट-पकौड़ी और आइसक्रीम की दुकानों का आनंद लिया, जबकि महिलाओं ने सुहाग से जुड़ी दुकानों से सिंद. ूर, बिछुआ, बिंदी आदि की खरीदारी की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की ओर से भी पर्याप्त इंतजाम किए गए और पुलिसकर्मी पूरे मेले में निगरानी करते रहे। हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले का मुख्य आकर्षण सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता रही, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेताओं को चौधरी प्रेमशंकर स्मृति ट्रस्ट की ओर से चौधरी वैभव कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का संच. ालन चौधरी विवेक कुमार ने किया। मेले के आयोजन में मंदिर ट्रस्टी विजय शंकर चौधरी, कैलाश चौधरी, चौधरी विवेक कुमार, पुनीत चौधरी और भव्य चौधरी का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान सीमा चौधरी, राजेश बाला चौधरी, डॉ. सुधा चौधरी, सुरभि चौधरी, रश्मि चौधरी, नमिता चौधरी, प्रियंका चौधरी, चंचल चौधरी, गुंजन चौधरी, मेघा चौधरी, प्रतिभा चौधरी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं ने ग्राम सरकडा परम्पुर माफी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली

**ठाकुरद्वारा।** एनएसएस शिविर के छठवें दिन को महिला दिवस, ष्के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने ग्राम सरकडा परम्पुर माफी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर रैली निकाली। गुरूवार को सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतूपुरा की एन०एस०एस ० की दोनों इकाइयों द्वारा शिविर का शुभारंभ महिला दिवस के रूप में माँ सरस्वती की वंदना कर किया, कार्यक्रम को आगे वढाते हुए डॉ० राजपाल सिंह ने देश में महिलाओं के योगदान को वताया उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई, महामहिम राष्ट्र पति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू एवं राज्यपाल श्रीमती महामहिम आनन्दीबेन पटेल, किरण बेदी जैसी महिलाओं के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहाँ कि महिलाओं को आधी आबादी कहाँ जाता है। आज महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, पुलिस, वी०एस० एफ०, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग आदि सभी विभागों में अपना योगदान दे रही है। कार्यक्रम को आगे वढाते हुए छात्र- छात्राओं ने भी अपने- अपने विचार रखे। और कहाँ की इस समय लड़का- लड़की में कोई अन्तर नहीं है फिर भी कुछ लोग लड़का - लड़की में भेद भाव करते हैं। हमें समाज से यह भेदभाव मिटा देने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। जिसके तत्वावधान में सभी स्वयंसेवकध्सेविकाओं ने अपने - अपने गाँव में जन जागरुकता रैली निकाल कर गाँव वालो को जागरूक करने का प्रयास किया। आज के कार्यक्रम में गांव रघुनाथ सिंह, व अनुष्का, आयशा, पल्लवी, सोनम, शाजिया, सलौनी, दुष्यन्त, अक्षय, दीपा पाल, विवेक, अवनीश, फैजान, शुधांशु, विनय, आदि मौजूद रहे।

### राजूपुर मिल्क के जंगल में टाइगर दिखने की सूचना, वन विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के राजूपुर मिल्क के जंगल में टाइगर दिखाई देने की सूचना के बाद गुरुवार को वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। टीम ने जंगल और आसपास के इलाकों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से भी जानकारी ली। बताया गया कि बुधवार 11 मार्च 2026 को कुछ ग्रामीणों ने जंगल क्षेत्र में टाइगर दिखाई देने की बात कही थी, जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गुरुवार को मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वन दरोगा कंचन और वन विभाग की कॉस्टेबल कल्पना ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति अकेले जंगल या खेतों की ओर न जाए और समूह में ही आवाजाही करे। साथ ही किसी भी जंगली जानवर के दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना देने को कहा।

वन दरोगा कंचन ने बताया कि स्थिति को देखते हुए इलाके में पिंजरा लगाने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि अगर टाइगर आसपास मौजूद हो तो उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ा जा सके और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम और उत्तर प्रदेश सरकार से भी अनुरोध किया कि क्षेत्र में पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो। वन विभाग ने लोगों को भरोसा दिलाया कि इलाके पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा के सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील, पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**ठाकुरद्वारा।** नगर में आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से गुरुवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने की। इसमें नगर के कई गणमान्य लोग, व्यापारी और दोनों समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में आगामी त्योहार रमजान, अलविदा जुम्मा और ईद को लेकर चर्चा की गई। कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने कहा कि ठाकुरद्वारा नगर हमेशा से आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है। सभी लोगों से अपील की गई कि त्योहारों को मिलजुल कर मनाएं और किसी भी तरह की नई परंपरा शुरू न करें, जिससे किसी को असुविधा हो। बैठक में मौजूद सभ्रांत लोगों ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि नगर में हर समुदाय के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है। अंत में पुलिस प्रशासन ने सभी लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें। मीटिंग में संजीव सिंघल, अबुल कलाम, एम इल्यास पूर्व प्रधान , कारी मोईन , साहिद सलमानी, अख्तर अली खान, सादिक सिद्दीकी, हाजी याकूब कुरैशी , रामपाल गौतम, अमित कुमार, मोहम्मद हारुन ,अबरार सैफी, शहनवाज खान, कमलेश कुमार, धर्मेन्द्र पाल, ईश्वर सिंह सागर सहित अन्य धार्मिक गुरु मौजूद रहे।

### अलविदा जुमा को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

कुंदरकी थाना मैनाठेर क्षेत्र में गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में थाना मैनाठेर क्षेत्र में अलविदा जुम्मा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद, मेन बाजार और महमूदपुर माफी में पुलिस बल के साथ रिहर्सल किया गया तथा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से बातचीत कर त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। थाना प्रभारी किरन पाल सिंह ने बताया कि अलविदा जुम्मा के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवे. दनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा और लगातार गश्त भी की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत वोवदवाला
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत वोवदवाला में पंचम मनरेगा योजनान्तर्गत श्रीराम के घर से शिव चरन के घर तक नाली+सीसी टाईल्स निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 27.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प. /डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीराम के घर से शिव चरन के घर तक नाली+सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 654806/- | 13096 | 250/- | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-वोवदवाला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मीरपुर मोहनचक
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत मीरपुर मोहनचक में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 16.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आशक अली के घर से स्कूल तक सीसी टाईल्स नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 392714/- | 7854/- | 250/- | 1 माह |
| 2 | आशक अली के घर से स्कूल तक नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया आदि। | 169681/- | 3394/- | 250/- | 1 माह |
| 3 | जहीर उद्दीन के घर से कब्रिस्तान तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया आदि। | 226043/- | 4521/- | 250/- | 1 माह |
| 4 | जहीर उद्दीन के घर से सराजुल के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, अव्वल ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 204085/- | 4081/- | 250/- | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-मीरपुर मोहनचक**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बगिया सागर
### विकास खण्ड-छजलैट (मुरादाबाद)।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बगिया सागर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 19.03.2026 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 19.03.2026 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड हाईवे से मुन्ना के खेत तक सीसी रोड कार्य। | 260X4 मी0 | 589066/- | 2% | 300/- | 6 माह |
| 2 | महेन्द्र के घर से छोटी के घर तक सीसी रोड कार्य। | 250X4 मी0 | 559601/- | 2% | 300/- | 6 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत बगिया सागर में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य। | 300X3 मी0 | 170720/- | 2% | 300/- | 6 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बगिया सागर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत छात्रों का एक्सपोजर विजिट आयोजित

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक बनियाखेड़ा के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट हरि बाबा धाम गवां में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान बच्चों को हरि बाबा के आध्यात्मिक जीवन के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामवासियों की जनसहभागिता से गंगाजी पर बनाए गए बांध के निर्माण और उसके महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामा. जिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय विषयों से अवगत कराना तथा उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-22-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद डिवीजन में बंदरों को चढ़ने से रोकने वाले उपकरणों की व्यवस्था का प्रबंध करवाना (चरण-II) |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 02.04.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | रु. 5,49,09,066.79/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | रु. 4,24,600/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 09 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-23 दिनांक: 12.03.2026 833/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

पत्रांक : 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 11.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 318-DRM-MB-25-26 dt. 11.03.2026 | 325-DRM-MB-25-26 dt. 11.03.2026 |
|---|---|---|
| Name of work | Renewal of 63 Nos Turnouts(3 No(s) 1 in 12 FS+CS+CMSC; 7 Nos 1 in 12 CS+CMSC; 31 Nos 1 in 8.5 CS+ CMSC; 01 No Diamond Xing single slip and 21 nos Trap)and other associated works and Deep screening work, removal of muck and other associated works in connection with Improvement of MB, CH, SSKA, MCV, KD, RJK, JRJ, GTF, SHTS, AFR, DUB, KEG, AO, BJ, DN, BTG, RGB, AUR yards under Sr. DEN/HQ/MB. | Improvement of Water supply arrangement at Chandausi, Raja Ka Sahaspur, Babrala, Rajghat Aonla. |
| Tender Closing Date Time | 07.04.2026 | 07.04.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 3,43,62,020.62/- | 2,81,83,854.76 |
| Earnest Money (Rs.) | 3,21,800.00 | 2,90,900.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 24.03.2026 | 24.03.2026 |
| Period of Completion | 06 Month | 06 Month |

829/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स जे० हारमनी एन्टरप्राइज, एन०एच० 24, स्टेशन रोड सिविल लाइन्स जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म की पार्टनरशिप डीड दिनॉक 07. 10.2013 को बनायी गयी, जिसका पंजीकरण पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत पंजीकरण सं० RAM/0009260 पर दिनॉक 07.06.2021 को कराया गया। फर्म पंजीकरण के समय 1. श्री मुकुल जॉली, 2. श्री वीरेन्द्र जॉली, 3. श्रीमती सुमन जॉली व 4. श्रीमती नुपुर जॉली पार्टनर्स थे। दिनॉक 10.10. 2025 को श्री मुकुल जॉली की मृत्यु हो गयी तथा दिनाँक 11.10.2025 को श्रीमती नुपुर जॉली फर्म से रिटायर हो गयी और शेष पार्टनर के साथ दिनॉक 11.10.2025 को फर्म पुर्नगठित की गयी। वर्तमान में उक्त फर्म में 1. श्री वीरेन्द्र जॉली व 2. श्रीमती सुमन जॉली साझीदार है। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विविध औपचारिकताएँ स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।
भवदीय-(वीरेन्द्र जॉली) पार्टनर मैसर्स जे० हारमनी एन्टरप्राइज एन०एच० 24, स्टेशन रोड सिविल लाइन्स जिला रामपुर।

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र दानवीर व उसकी पत्नी श्रीमती दुर्गेश को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**राजपाल सिंह पुत्र श्री किशन सिंह व श्रीमती शीला देवी पत्नी राजपाल सिंह निवासीगण नाजरपुर पूर्वी, पोस्ट अक्का डिलारी, तह. व जिला मुरादाबाद।**

## खोया-पाया सूचना

श्रीमती सीमा अग्रवाल पत्नि श्री अंकुर अग्रवाल निवासी मकान नं0 17-सी, साकेत कालौनी, न्यू सिविल लाइन्स, मुरादाबाद सम्पत्ति- भूखण्ड संख्या-9बी/515 मझोला योजना नं0 4, भाग-2, सेक्टर-9बी, बुद्धि बिहार, मुरादाबाद की स्वामी बैनामे रजिस्टर्ड दिनांक 22-05-2014 क्रम संख्या 9961 उपनिबन्धक प्रथम मुरादाबाद से हैं। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल आवंटन पत्र संख्या 1154 दिनांक 01-06-2002 एवं पूर्व का सम्बन्धित तित्तम्मानामा रजिस्टर्ड 01-11-2014 वही संख्या 1, जिल्द नं0 11271 पृष्ठ संख्या 241/250 क्रम संख्या 20371 उपनिबन्धक प्रथम मुरादाबाद, कहीं खो गये हैं। इसके सम्बन्ध में सूचना दिनांक 05-03-2026 को नं0 2026000222738 पर दर्ज करा दी गयी है। उक्त सम्पत्ति को मुझ राहुल शर्मा पुत्र श्री राकेश शर्मा निवासी ग्राम सैदपुर जयराम पोस्ट गुमसानी, जिला सम्भल द्वारा, एग्रीमेन्ट दिनांक 05-03-2026 के अनुसार खरीदा जाना है। जिसके लिये भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेन्टर, सिविल लाईन मुरादाबाद के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई जानकारी मिलती है तो इस नम्बर पर सूचित करें। मो0 नं0 9837878727 (**राहुल शर्मा**)।

**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद।**
**सिविल वि. वाद सं.** 88 सन् 2026
**तारीख पेशी:** 17.03.2026

1. श्रीमती सुरेखा देवी, उम्र लगभग 43 वर्ष, पत्नी स्व० जसवेन्द्र सिंह, निवासी-ग्राम शेखुपुरा मावड़ा, पोस्ट हबीव बाला, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, 2. मुदित कुमार उर्फ मुदित चौधरी नाबालिग, आयु 15 वर्ष, पुत्र स्व० जसवेन्द्र सिंह, संरक्षिका माता सगी श्रीमती सुरेखा देवी पत्नी स्व० जसवेन्द्र सिंह, निवासी-ग्राम शेखुपुरा भावड़ा, पोस्ट हबीव बाला, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। **प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. श्रीमती कैलाशो देवी पत्नी स्व० हरपाल, 2. पवन पुत्र स्व० हरपाल निवास. ीगण शेखुपुरा भावड़ा, पोस्ट हबीव बाला, तहसील धामपुर जिला बिजनौर, 3. उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा कलैक्टर महोदय, मुरादाबाद, 4. **जनता आम-विपक्षीगण।**
चूंकि उपर्रिनामांकित आवेदिका ने इस न्यायालय में यह आवेदन अपने नाबालिग पुत्र मुदित कुमार उर्फ मुदित चौधरी के उच्च शिक्षा एवं उज्जवल भविष्य के लिए वादपत्र में वर्णित आराजी खसरा सं0-238 रकबई-0.1740 हे० व खसरा सं0-104 रकबई- 0.5085 हे० दो किते रकबा 0. 6825 हे0 स्थित ग्राम गोपालपुर, तहसील कांठ जिला मुरादाबाद को विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट की धारा- 08 के अन्तर्गत आवेदन किया है। अत: जनता आम उपरोक्त विविध वाद प्रार्थना पत्र में जवाब. देही प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 17.03. 2026 को प्रात: 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 03 माह 12 दिवस को निकाली गई।

**वरिष्ठ सहायक**
**जिला न्यायाधीश न्यायालय,**
**जनपद-मुरादाबाद।**

## कार्यालय नगर पंचायत पाकबड़ा (मुरादाबाद)

293/न0प0पा0/2025-26 दिनांक-12.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त फर्म/संस्था/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, पाकबडा पंचम राज्य वित्त आयोग/15 वां वित्त आयोग (टाईड ग्रांट) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर मे अवस्थापना सुविधाओ के विकास हेतु नगर मे निम्न निर्माण/विकास कार्यों को कराये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा आमंन्त्रित की जाती है। उक्त इ-निविदा शासन के पत्रांक संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 एवं निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-7 लखनऊ के पत्रांक संख्या एक/706/कम्प्यू0 सेल0/2019 लखनऊ दिनांक 27 सितम्बर 2019 के अधीन जारी की जा रही है। क0सं0-01 से 03 तक की आनलाइन ई-निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.03.2026 अपरान्ह 01:00 बजे से दिनांक 28.03.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है एवं क0सं0-04 पर उल्लिखित कार्य की निविदा दिनांक 04.04.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। क्र०सं0-01 से 03 तक की प्राप्त निविदाएं दिनांक 27.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजें एवं क0सं0-04 पर उल्लिखित कार्य की निविदा दिनांक 03.04.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित सर्वसाधारण संस्था /फर्म/ठेकेदारो के समक्ष अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मुरादाबाद के कार्यालय में आनलाइन खोली जायेगी। ई-निविदा पत्र के साथ 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी नगर पंचायत पाकबडा के खाता संख्या-84030175545952 व IFSC Code:- BARB0BUPGBX में आनलाईन जमा कर जमा की गयी रशीद की मूल प्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते ई-निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**विजय आनन्द**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पाकबड़ा**

**मौ० याकूब**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पाकबड़ा**

# भारतीय क्रिकेट के अगले 12 महीने बेहद व्यस्त



● **आगामी 12 महीनों में भारत आयरलैंड, श्रीलंका व जिम्बाब्वे में मैच के अलावा एशियन गेम्स, इंग्लैंड, अमेरिका, बांग्लादेश, जापान और घरेलू मुकाबले खेलेंगा**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम का अगले 12 महीनों का कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा, जिसमें आयरलैंड, श्रीलंका और जिम्बाब्वे में मैच के इसके अलावा, एशिन गेम्स, इंग्लैंड, अमेरिका, बांग्लादेश, जापान और घरेलू मुकाबले भी शामिल हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम जुलाई-अगस्त में श्रीलंका में तीन टी-20 मैच खेल सकती है, इसके अलावा आगामी कार्यक्रम में पहले दो टेस्ट मैच शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की प्रतिक्रिया पर विचार कर रहा है कि श्रीलंका में बाढ़ राहत के लिए फंड जुटाने के लिए तीन टी-20 मैच का कार्यक्रम है। टी-20 मैच और दो टेस्ट मैचों से पहले होने की संभावना है।

श्रीलंका टूर से पहले भारत एक से 19 जुलाई के बीच तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच के लिए इंग्लैंड जाएगा और रास्ते में आयरलैंड में थोड़ा रुक सकता है। डबलिन में तीन मैचों की सीरीज को लेकर बातचीत चल रही है। एक सूत्र ने कहा कि बातचीत चल रही है। और भरोसा जताया कि सीरीज हो जाएगी। बीसीसीआई ने पहले भी सीआई को (2018, 2022 और 2023 में) डबलिन में छोटी सीरीज के लिए सहयोग किया है। अगर बात. चीत कामयाब होती है, तो गेम जून के आखिरी हफ्ते में, इंग्लैंड टूर से पहले और अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद निर्धारित किए जा सकते हैं, जो दह से 20 जून के बीच एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय खेलने वाले हैं। श्रीलंका सीरीज के बाद बीसीसीआई को शेड्यूलिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

सितम्बर में सयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज होनी है, जो इंडियन क्रिकेट के लिए पहले से ही एक व्यस्त महीना है। बांग्लादेश के छह सफेद गेंद मैच - तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 के लिए दौरे की भी घोषणा की गई है। यह सीरीज, दोनों देशों के बीच हाल के डिप्लोमैटिक तनाव को देखते हुए भारत सरकार से मंजूरी मिलने पर ही होगी। इस बीच, तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे के एक छोटे दौरे की भी बात हो रही है। हालांकि अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह दौरा सितम्बर में हो सकता है, लगभग उसी समय जब वेस्ट इंडीज तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 के लिए भारत का दौरा करने वाला है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ मैचों की सीरीज के अक्टूबर तक चलने की उम्मीद है। इसी बीच 2026 एशियन गेम्स भी हैं, जो 19 सितम्बर से चार अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने हैं। गेम्स में क्रिकेट प्रतियोगिता टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी और भारतीय डिफेंडिंग गोल्ड मेडलिस्ट है। पुरुष मैच 25 सितम्बर से तीन अक्टूबर तक चलेंगे, जिससे टी-20 स्क्वॉड के जापान में खेलने की संभावना बढ़ गई है।

## आईसीसी ने भ्रष्टाचार के आरोप में जेवन व दो अधिकारियों को किया निलंबित

● **बिम 10 लीग के संबंध में एंटी-करप्शन कोड के तहत आरोप लगाए गए हैं**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्लयूआई) ने भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिग के आरोप में जेवन सियरल्स और टीम के दो अधिकारियों इटंस टीम के मालिक चित्रंजन राठौड़ और ट्रेवन ग्रिफिथ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने जेवन सियरल्स और टीम के दो अधिकारियों पर 2023-24 सीजन के दौरान बारबाडोस में हुई बिम10 लीग के संबंध में एंटी-करप्शन कोड के तहत आरोप लगाए गए हैं। आईसीसी ने सियरल्स और दोनों अधिकारियों को जवाब देने के लिए 14 दिनों का समय दिया है। आईसीसी ने कहा कि राठौड़ पर सीडब्लयूआई कोड के तहत तीन आरोप हैं, जबकि सियरल्स पर इसी कोड के तहत चार अपराधों के आरोप हैं।

ग्रिफिथ पर सीडब्ल्यूआई कोड के तहत चार और आईसीसी कोड के तहत एक आरोप है। इनमें आर्टिकल 2-1-1 के तहत मैच फिक्सिंग का प्रयास, 2-1-4 के तहत खिलाड़ियों को उकसाना, 2-4-4 के तहत जांच में असहयोग और 2-4-2 के तहत भ्रष्ट अप्रोच की जानकारी न देना शामिल है।

ग्रिफिथ पर आईसीसी आर्टिकल 2-4-7 के तहत जांच में बाधा और सबूत छिपाने का आरोप है।

### संक्षिप्त खेला समाचार

## BCCI ने अभ्यास सत्र के नए दिशा निर्देश जारी किए

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग में अभ्यास सत्र के लिए नये दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कोई भी टीम उस पिच पर अभ्यास नहीं कर सकती जिसका इस्तेमाल दूसरी टीम ने अपने नेट सत्र के दौरान किया हो। बीसीसीआई की ओर से फ्रेंचाइजी के साथ साझा की गई प्रैक्टिस-सेशन गाइडलाइंस के अनुसार, अगर एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है, तो नए नेट तैयार करने होंगे। पांच पेज की गाइडलाइंस में कहा गया है, ष्हर टीम को उनके तय प्रैक्टिस सेशन के लिए नए नेट दिए जाने चाहिए। अगर एक साथ प्रैक्टिस सेशन होते हैं या जब एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है।

## क्रिकेट के मैदान पर चैलेंज लेना पसंद है : जसप्रीत बुमराह

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 विश्वकप जीताने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि उन्हें हमेशा चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां लेना पसंद रहा है और यही वजह है कि उन्होंने क्रिकेट को चुना। उन्होंने कहा कि टीम के लिए कुछ अलग करना उन्हें बहुत खुशी देता है और 'इससे बेहतर कोई एहसास नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से साझा किये गये एक वीडियों में बुमराह ने कहा कि मैं कभी पीछे नहीं छिपना चाहता, मैं चीजो के बीच रहना चाहता हूं। मैं हमेशा एक मुश्किल काम करना चाहता था। मैंने क्रिकेट उसी के लिए खेला, मैंने क्रिकेट उसी के लिए शुरू किया। जब मैं कुछ अलग कर पाता हूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है, इससे बेहतर कोई एहसास नहीं हो सकता। मैंने अपना क्रिकेट अहमदाबाद शुरू किया, मैंने अपना सारा क्रिकेट यहीं खेला।

# थॉमस ने 13 विकेट लेकर टीम को जिताया

● **थॉमस ओ कॉनर ऑकलैंड के खिलाफ ओटागो के लिए पहली पारी में सात विकेट व दूसरी पारी में 27 रन देकर छह विकेट लिए**



**ओवल, वार्ता।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज थॉमस ओ' कॉनर ने गुरुवार को खत्म हुए चार दिन के प्लुनकेट शिलेड टूर्नामेंट के छठे चरण में ब्रेट रैंडेल के पांच गेंद में पांच विकेट के बाद दूसरा शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 विकेट झटक कर अपनी टीम ओटागो को जीत दिलाई।

थॉमस ने ऑकलैंड के खिलाफ ओटागो के लिए पहली पारी में 58 रन देकर सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 27 रन देकर छह विकेट लिए और अपनी टीम को ईडन पार्क आउटर ओवल में तीन दिन के अंदर अहम जीत दिलाई। थॉमस पूर्व ब्लैक कैप शायन ओ' कॉनर के 21 साल के बेटे हैं, जिन्होंने 1998-99 में 122 रन देकर 12 विकेट लिए थे। थॉमस के पहली पारी में 58 रन देकर 7 विकेट लेना, प्लंकेट शील्ड में ओटागो के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इससे पहले नील वैगनर ने 2011-12 में डुनेडिन में वेलिंगटन के खिलाफ 46 रन देकर सात विकेट लिए थे। थॉमस का मैच एनालिसिस 1989-90 के बाद ओटागो के लिए सबसे अच्छा है और प्लंकेट शील्ड में टीम के लिए कुल मिलाकर सातवां सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

इस दौरान, थॉमस ने परिवार का इतिहास फिर से लिखा और 1998-99 में शाइन के करियर के सबसे अच्छे प्रथम श्रेणी आंकड़ों, 122 रन देकर 12 विकेट को पीछे छोड़ दिया। थॉमस एक नए खिलाड़ी हैं। उनका एक्शन और इनस्विग कराने की काबिलियत, खासकर, शाइन से काफी मिलती-जुलती है। उन हूपिग इनस्विगर में से एक ने पहली इनिग में ऑकलैंड के नंबर तीन हरीश कन्नन को आउट कर दिया था। थॉमस ने दाएं हाथ के बल्लेबाज के खिलाफ भी इनस्विगर का इस्तेमाल किया।

# भारतीय महिला टीम का ध्यान खिताब जीतने पर

● **भारतीय टीम पूल बी में तीन मैचों में सात पॉइंट्स और स्कॉटलैंड पर बेहतर गोल डिफ्ऊरेंस के साथ शीर्ष पर है**



**हैदराबाद, वार्ता।** एफआईएच हॉकी महिला विश्वकप 2026 के लिए क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम घरेलू दर्शकों के सामने इटली के खिलाफ शुक्रवार को सेमीफाइनल में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के खिताब की ओर कदम बढ़ाने उतरेगी। भारतीय टीम पूल बी में तीन मैचों में सात पॉइंट्स और स्कॉटलैंड पर बेहतर गोल डिफरेंस के साथ शीर्ष पर है।

मेजबान टीम ने पूल स्टेज में दो जीत और एक ड्रॉ दर्ज किया। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत उरुग्वे के खिलाफ 4-0 की जबरदस्त जीत के साथ की। अपने दूसरे मैच में, उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 2-2 से करीबी मुकाबला ड्रॉ खेला और फिर वेल्स पर 4-1 की आसान जीत के साथ ग्रुप स्टेज खत्म किया।

पूल स्टेज में शानदार प्रदर्शन के साथ, भारत ने टूर्नामेंट के नियम के तहत एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपना क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया, जिसके तहत दो क्वालिफाइंग इवेंट्स में चौथे नंबर पर रहने वाली दुनिया की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम को वर्ल्ड कप में जगह मिलती है।

क्वालिफायर्स का सैंटियागो लेग पहले खत्म हो गया था, जहां चिली, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड ने तीन डायरेक्ट क्वालिफिकेशन स्पॉट हासिल किए थे। जापान सैंटियागो में चौथे नंबर पर रहा और अभी दुनिया में 15वें नंबर पर है। दुनिया भर नौवें नंबर की टीम मेजबान भारत ने कम से कम यह पक्का कर लिया है कि वे दोनों टूर्नामेंट्स में सबसे ऊंची रैंक वाली चौथी टीम के तौर पर खत्म करेंगे, जिससे विश्व कप के लिए उनका टिकट पक्का हो गया है।

अब उसका मकसद अपनी लय बनाए रखते हुए फाइनल में जगह बनाने पर होगा। फाइनल में भारत का मुकाबला इटली से होगा। इटली पूल ए में चार अंक के साथ दूसरे नंबर पर रहा है, जिसने एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार दर्ज की है, जिससे मेजबान टीम को सेमीफाइनल से पहले थोड़ी साइकोलॉजिकल बढ़त मिली है। भारत की फॉरवर्ड नवनीत कौर के शानदार फॉर्म को भी आगे बढ़ाना चाहेगा, जो अभी चार गोल के साथ टूर्नामेंट की संयुक्त शीर्ष स्कोरर हैं। उन्होंने वेल्स के खिलाफ आखिरी पूल मैच में हैट्रिक बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के स्वर्ण जयंती संस्करण का नई दिल्ली में होगा आगाज

SJFI
SPORTS JOURNALISTS' FEDERATION OF INDIA
GOLDEN JUBILEE
★ 1976 - 2026 ★

● **डीएसजेए की मेजबानी में होने वाली चार दिवसीय यह सम्मेलन देशभर से आए खेल पत्रकारों को एक मंच पर लाएगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के नेशनल कन्वेंशन का स्वर्ण जयंती संस्करण 13 मार्च से नई दिल्ली में शुरू होगा।

दो दशक से अधिक समय बाद यह प्रतिष्ठित आयोजन एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित हो रहा है। दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) की मेजबानी में होने वाला यह चार दिवसीय सम्मेलन देशभर से आए खेल पत्रकारों को एक मंच पर लाएगा, जहां 50 वर्षों की यात्रा को केंद्र में रखते हुए विचार-विमर्श, प्रतियोगिताएं और उत्सव आयोजित किए जाएंगे। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता प्राप्त और उससे संब( एसजेएफआई ने पिछले पांच दशकों में भारत में खेल पत्रका. रिता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2026 का यह कन्वेंशन इस विरासत का जश्न मनाने के साथ-साथ डिजिटल, ब्रॉडकास्ट और मल्टी-प्लेटफॉर्म स्टोरीटेलिग के दौर में खेल पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर भी दृष्टि डालेगा।

चार दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में पेशेवर संवाद के साथ-साथ खेल गतिविधियां और नेटवर्किंग के अवसर भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में एक प्रमुख स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव, जेके बोस इंटर-जोनल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, तथा परिवारों और युवा प्रतिभागियों के लिए मॉडर्न पायथियन गेम्स और रेड बुल द्वारा इंटरएक्टिव गेमिग जोन जैसी कई गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा बास्केटबॉल, फुटसल और गोल्फ पटिग प्रतियोगिताएं भी कन्वेंशन कार्यक्रम का हिस्सा होंगी। स्वर्ण जयंती संस्करण को कॉरपोरेट और खेल जगत के कई साझेदारों का मजबूत समर्थन मिला है, जो इस आयोजन के महत्व और व्यापकता को दर्शाता है। हीरो मोटोकॉर्प इस कन्वेंशन का टाइटल स्पॉन्सर है, जबकि आयोजन अपोलो टायर्स द्वारा पावर्ड है। अन्य साझेदारों में टीसीएम स्पोर्ट्स, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, पंजाब किग्स, दिल्ली कैपिटल्स, डीडीसीए, जिदल स्टील, राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब, आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, क्राफ्टन, स्वयम, आरपीएल, पीईएफआई, एसजी स्पोर्ट्स, वड्र्सवर्क कम्युनिकेशंस कंसल्टिग, मॉडर्न पायथियन गेम्स, जेके टायर, डीडीए, आर्टस्मिथ कॉन्सेप्ट्स एंड विजन, एडिमेजेस, आभा वाटर, विडा और ईएसजीएफ शामिल हैं। इस कन्वेंशन को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलंपिक संघ का भी समर्थन प्राप्त है, जो भारतीय खेल परिदृश्य में इस आयोजन के महत्व को दर्शाता है।

डीएसजेए के सचिव सबी हुसैन ने कहा कि एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के स्वर्ण जयंती संस्करण की मेजबानी करना दिल्ली के खेल मीडिया समुदाय के लिए गर्व का क्षण है। यह देशभर के खेल पत्रकारों को एक साथ लाने का अवसर है, जहां हम अपने पेशे की यात्रा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत में खेल पत्रकारिता के भविष्य पर सार्थक चर्चा होगी।

# किरण जॉर्ज ने कीन यू को हराया

● **ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो ने किया उलटफेर**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने स्विस ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं मिश्रित युगल मुकाबले में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी ने उलटफेर करते हुए डेनमार्क के सीडेड जेस्पर टॉफ्ट और अमाली मैगेलुंड की जोड़ी को हरा दिया।

सेंट जैकबशेल में बुधवार को खेले गए मुकाबले में बैडमिटन रैंकिग में 42वें नंबर पर काबिज किरण जॉर्ज ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के अपने पहले राउंड के मैच में 41 मिनट में दुनिया के 11वें नंबर के और तीसरे सीडेड खिलाड़ी को 23-21, 21-19 के स्कोर से हराया। अगले दौर में, 26 साल के भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी का सामना हांगकांग चीन के जेसन गुनावान से होगा, जिन्होंने अपने पहले मैच में दुनिया के पूर्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत को 21-15, 12-21, 4-21 से हराकर बाहर कर दिया था। एचएस प्रणय भी बाहर हो गए क्योंकि उन्होंने कोकी वतनबे के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच से पहले नाम वापस ले लिया, जिससे जापानी बैडमिंटन खिलाड़ी को वॉकओवर मिल गया। उलटफेर में, जापान के कंटा निशिमोटो को अपने पहले राउंड के मैच से चोट के कारण रिटायर होना पड़ा, जिससे भारतीय शटलर थारुन मन्नेपल्ली को अगले राउंड में जाने का मौका मिला। दुनिया में 43वें रैंक वाले मन्नेपल्ली 16-21, 21-16, 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवें सीडेड निशिमोटो कंधे की दिक्कत के कारण रिटायर हो गए। 24 साल के भारतीय शटलर का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।

ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने भी अपने पहले मैच में डेनमार्क के चौथी सीडेड जेस्पर टॉफ्ट और अमाली मैगेलुंड को 21-15, 21-14 से हराकर उलटफेर किया। हालांकि, पिछले साल के यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा समेत कई भारतीय खिलाड़ी पहले राउंड में ही बाहर हो गए। पुरुषों के एकल में, आयुष शेट्टी कनाडा के ब्रायन यांग से 21-18, 21-19 से हार गए, जबकि महिला एकल में चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान ने उन्नति हुड्डा को 21-14, 21-14 से हराया। मालविका बंसोड़ भी थाईलैंड की दुनिया की नंबर 8 पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-11, 21-15 से हार गईं। इस बीच, तन्वी शर्मा इंडोनेशिया की टॉप सीड पुत्री कुसुमा वर्दानी से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-10 से हार गईं। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे को थाईलैंड हारना पड़ा।

# एमएसजी के लिए ऋचा एसएल के लिए खेलेंगी दीप्ति





● **ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने करीब 54 लाख रुपये में खरीदा, जबकि दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने उनके बेस प्राइस 34 लाख में टीम में शामिल किया**

**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पेशेवर क्रिकेट टूर्नामेंट विमेंस हंड्रेड में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष मैनचेस्टर सुपर जायंट्स और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा सनराइजर्स लीड्स के लिए खेलेंगी।

विमेंस हंड्रेड की पहली नीलामी में न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। दोनों को लगभग 2-3 करोड़ रुपये मिले। डिवाइन को वेल्श फायर ने अपने साथ जोड़ा, जबकि मूनी के लिए ट्रेंट रॉकेट्स ने सबसे बड़ी बोली लगाई। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने करीब 54 लाख रुपये में खरीदा। तथा ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने उनके बेस प्राइस, लगभग 34 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी सीमित रही, लेकिन कुछ नामों के लिए दिलचस्पी जरूर दिखाई दी। ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने अपने साथ जोड़कर मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की कोशिश की है। दूसरी ओर दीप्ति शर्मा सनराइजर्स लीड्स के लिए अहम ऑलराउंड विकल्प बन सकती हैं। उनकी स्पिन गेंदबाजी और निचले क्रम की बल्लेबाजी टीम को संतुलन देती है। हालांकि नीलामी के दौरान कुछ भारतीय खिलाड़ियों के लिए किसी भी फ्रैंचाइजी ने बोली नहीं लगाई। इनमें स्पिन गेंदबाज एन श्री चरणी और विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया शामिल रहीं, जो इस बार अनसोल्ड रहीं।

नीलामी शुरू होने से पहले ही कई भारतीय खिलाड़ियों को प्री ऑक्शन साइनिग और रिटेंशन के जरिए टीमों ने अपने साथ जोड़ लिया था। भारतीय कप्तान स्मृति मांधना मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगी। जेमिमाह रोड्रिग्स को सदर्न ब्रेव ने प्री ऑक्शन साइनिग के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है। इस साल टूर्नामेंट के रिक्रूटमेंट मॉडल में बड़ा बदलाव किया गया है। शुरुआत से चले आ रहे ड्राफ्ट प्रणाली की जगह पहली बार नीलामी आयोजित की गई।

# कर्नाटक विशेषज्ञ समिति करेगी चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण



**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार की विशेषज्ञ समिति के 13 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण के बाद मिलने वाली अंतिम मंजूरी के उपरांत इस मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच खेले जा सकेंगे।

इससे पहले इस महीने की शुरुआत में आईपीएल सहित सभी मैचों के आयोजन के लिए जो मंजूरी दी गई थी, वह 'सशर्त' थी। हालांकि कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को भरोसा है कि आईपीएल मैचों की मेजबा. नी में कोई रुकावट नहीं आएगी। केएससीए, चिन्नास्वामी स्टेडियम का नवीनीकरण कर रहा है, जिसमें कई नए एंट्री गेट लगाना और कई मौजूदा गेटों को चौड़ा कराना शामिल है। इस काम में आसपास के ढांचे को भी अपग्रेड किया जा रहा है, जैसे- नए वॉकवे बनाना, पुराने नेशनल क्रिकेट एकेडमी परिसर के पास एक होल्डिग एरिया बनाना और आपातकालीन सेवाओं के लिए सीधे प्रवेश और निकास रास्ते तैयार करना शामिल है। जस्टिस डी' कुन्हा समिति की सिफारिशों के अनुसार केएससीए के पास 15 मार्च तक इस 'शॉर्ट-टर्म' सुधार से जुड़े सभी काम पूरे करने का समय है। यह समिति उस भगदड़ के बाद बनाई गई थी, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल 2025 जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत हो गई थी। समिति के गठन के बाद इस समिति ने स्टेडियम की सुरक्षा और ढांचे की पूरी जांच की थी। स्टेडियम के अपग्रेड का काम दिसम्बर के मध्य में केएससीए चुनावों के बाद शुरू हुआ, जिसमें भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद अध्यक्ष चुने गए थे। प्रसाद की टीम अपग्रेडेशन से जुड़ी कई प्रक्रियात्मक मामलों पर सरकारी अधिकारियों के संपर्क में रही है।

# जेपी नड्डा टीएमयू दीक्षांत समारोह में होंगे खास मेहमान

## दीक्षांत समारोह-2026 में 6041 उत्तीर्ण स्टुडेंट्स होंगे डिग्री से अलंकृत, 108 गोल्ड मेडल्स के संग-संग 36 रिसर्च स्कॉलर्स को अवॉर्ड होंगी पीएचडी

**मुरादाबाद।** 130 एकड़ में आच्छादित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का हरित कैंपस एक बार फिर दीक्षांत समारोह का गवाह बनेगा। अतिथियों और छात्र-छात्राओं के मंगल आगमन को भव्य पंडाल की तैयारी अंतिम चरण में हैं। इस बार स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण और रसायन एवम् उर्वरक मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री श्री जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत समारोह में 14 मार्च को सुबह 10:30 बजे शिरकत करेंगे। वह करीब तीन घंटे कैंपस में रहेंगे। उल्लेखनीय है, टीएमयू में बड़ी-बड़ी हस्तियों का मंगल आगमन होता रहा है। 2012 के प्रथम दीक्षांत समारोह में मिसाइल मैन एवम् पूर्व राष्ट्रपति श्री एपीजे अब्दुल कलाम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे, जबकि 2024 में यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी भी यूनिवर्सिटी के डिग्री अलंकरण समारोह में छात्रों को अपना आशीर्वाद दे चुके हैं। श्री नड्डा के संग-संग यूपी के उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, यूपी के वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना, भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, चौधरी भूपेन्द्र सिंह भी




दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। इस समारोह में आने की सभी मेहमानों ने पुष्टि कर दी है।

यह जानकारी देते हुए टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने बताया, दीक्षांत समारोह-2026 में 6,041 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को डिग्री से अलंकृत किया जाएगा। इनमें 36 रिसर्च स्कॉलर्स को पीएचडी डिग्री अवार्ड की जाएगी। इनके अलावा 108 गोल्ड मेडलिस्ट, 105 रजत मेडलिस्ट एवं 98 कांस्य मेडलिस्ट भी अलंकृत होंगे। कैंपस में पहुंचते ही विश्वविद्यालय के आला प्रबंधन सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। जहां से ये मेहमान सीधे शैक्षणिक शोभायात्रा में शामिल हो जाएंगे। इस एकेडमिक प्रोसेशन के आगे-आगे बैंड, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस कैडेट्स, रेंजर्स एंड रोवर्स, यूनिवर्सिटी ध्वज के संग सीनियर मोस्ट टॉपर स्टुडेंट्स तथा सेंगोल संग संयुक्त कुलसचिव चलेंगे। शोभायात्रा में जनप्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। पवेलियन से प्रारम्भ होने वाले एकेडमिक प्रोसेशन में यूनिवर्सिटी के चांसलर, ग्रुप वाइस चेयरमैन, वाइस चांसलर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डायरेक्टर्स, डीन, मुख्य परीक्षा नियंत्रक, प्रिंसिपल्स, एचओडी, प्रोफेसर्स एवं सीनियर फैकल्टी शिर. कत करेंगे। दीक्षांत समारोह में 36 रिसर्च स्कॉलर्स सहित 3647 छात्रों, जबकि 2394 छात्राओं को डिग्री से अलंकृत किया जाएगा।

समारोह में शिरकत करने वाले माननीय अतिथियों, एल्युमिनाई और स्टुडेंट्स देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति से भी रूबरू होंगे। कैंपस में अलग-अलग स्थानों पर हरियाणा और पंजाब, जैन थीम, हिमाचल प्रदेश, संपूर्ण भारत, उत्तर प्रदेश और गुजरात की संस्कृति को लोकगीतों और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

# एमडी सेवा ट्रस्ट नानपुर के द्वारा नि शुल्क नेत्र परीक्षण सिविर का आयोजन

**कुंदरकी।** एमडी सेवा ट्रस्ट नानपुर के द्वारा नि शुल्क नेत्र परीक्षण सिविर का आयोजन कर सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद की टीम डॉ मुस्कान अहमद मोनिका निशा डॉक्टर सत्य प्रकाश शने आलम आयुष कुमार की टीम द्वारा 100 से अधिक महिला एवं पुरुषों ने नेत्र परीक्षण कैंप का लाभ उठाया जिनकी विजन टेस्ट में कमजोरी पाई गई उनको चश्मे का नंबर दिया गया नेत्र परीक्षण कैंप में ग्राम नानपुर के आसपास के गांव के लोगों की भी आंखों की जांच की गई जिसमें महिला एवं पुरुषों सभी के आंखों की जांच कर विजन टेस्ट किया गया जिन लाभार्थियों को आंखों की परेशानी पाई गई।

उनको दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई एवं मोतियाबिंद के मरीजो को सी एल गुप्ता आई इंस्टिट्यूट में ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया कैंप का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी श्री रघुवीर सिंह चंचल सिंह आजाद राजकुमार सिंह रवि कुमार करुणा निधि जसवीर सिंह मनोज कुमार विचित्र माही ज्योति रानी रीना गौतम के सहयोग से किया गया।

## एक नजर



# तेंदुआ देखकर उड़े युवकों के होश फिर भी बना डाली वीडियो

**कांठ( शाह टाइम्स )** देर शाम तेंदुआ देखकर युवकों के होश उड़ गए लेकिन फिर भी उन्होंने हिम्मत करते हुए तेंदुए की वीडियो बना डाली मुख्तियारपुर नवादा निवासी विपुल कुमार और अंकित कुमार रात करीब 8 बजे कार से रसूलपुर की ओर से नवादा की तरफ आ रहे थे जैसे ही चमन ऋषि आश्रम के निकट पहुंचे नहर की पटरी को पार करता हुआ तेंदुआ दिखाई दिया तेंदुआ चकरोड की तरफ को चला जिसे देखकर युवको के होश उड़ गए युवकों ने हिम्मत करते हुए उसकी वीडियो बनाने की खातिर कार को चकरोड की तरफ मोड़ दिया लेकिन कुछ दूर चलने के बाद तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया।

बतादे कि क्षेत्र में बेखौफ घूम रहे तेंदुओं के कारण अब इकले दुकले किसान का खेतों पर जाना मुश्किल हो गया है हालांकि तेंदुए ने अभी किसी पर हमला तो नहीं किया है लेकिन फिर भी ग्रामीणों में बढ़ती जा रही है तेंदुए की संख्या को लेकर भय व्याप्त है गांव के लोगों ने तेंदुओं से बचाव के लिए स्थाई व्यवस्था कराए जाने की वन विभाग से मांग की है।

# कोठी खिदमतपुर के बाजार में जमकर चले डंडे दो लोग घायल



कांठ(शाह टाइम्स) थाना कांठ और अमरोहा देहात की सीमा पर लगने वाले कोठी खिदमतपुर के पशु बाजार में आज जमकर घमासान हुआ जिसमें दो लोग घायल हो गए घायलों को कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अगवानपुर निवासी यामीन और नदीम गाय बेचने के लिए कोठी खिदमतपुर के साप्ताहिक पशु बाजार में आए थे जहां पर बाजार के ठेकेदार सिराजुद्दीन के पास काम करने वाले लड़के सलमान के गाय ने लात मार दी इस बात पर सलमान ग्रुप ने गाय के डंडे मारने शुरू कर दिए। इसी बात को लेकर बात बढ़ गई और सलमान एवं दोनों भाइयों के साथ हाथापाई शुरू हो गई हाथापाई शुरू होते ही ठेकेदार पक्ष के लोगों ने गाय बेचने आए दोनों भाइयों को जमकर पीटा शोर मचा तो बाजार में आए लोग ठेकेदार एवं उसके करिंदों से भिड़ गए और उनकी भी जमकर धुनाई हुई। लेकिन इस मारपीट में यामीन और नदीम को काफी चोट आई जिन्हें कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी।

हालांकि ठेकेदार पक्ष ने बताया कि उक्त लोग गाय बेचकर बिना रसीद कराए जा रहे थे जिसको लेकर कहासुनी हुई।

# कब उखड़ेंगे खंभे और कब बनेगी सड़क, लोग कर रहे सवाल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर में रोड के निकट खड़े बिजली के बिना काम के खंबे आखिर कब उखड़ेंगे और कब इस सड़क का निर्माण पूरा होगा लोगों द्वारा यह सवाल खड़ा किया जा रहा है। बतादे की सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तक बनने वाली सड़क का काम 1 साल में भी पूरा नहीं हुआ है जहां तक सड़क को चौड़ा किया गया वहां तक अब आखरी कोरट सड़क पर डाला जा रहा है नए गांव के पास अब सड़क पर काम चल रहा है लेकिन नगर स्थित मुख्य मार्ग के किनारे खाली खड़े खंबे आज भी सड़क निर्माण में बाधा है कई जगह पर खंबे बिल्कुल सड़क किनारे आ चुके हैं जबकि कई जगह खंबे सड़क के भीतर पहुंच रहे हैं लेकिन सड़क निर्माण से पहले इन्हें उखाड़ा नहीं जा रहा है जिसकी वजह से सड़क निर्माण पूरा होना काफी मुश्किल है जबकि कुछ लोगों का कहना है यदि ठेकेदार ने इसी हालत में सड़क पूरी कर दी तो खंबे उखाड़ने के साथ-साथ सड़क टूट जाएगी और फिर लोगों को कई सालों तक इसी मुसीबत भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा नगर के लोगों ने संबंधित विभाग से खंबे उखड़वा कर सड़क निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराऐ जाने की मांग उठाई है।




# सकारात्मक बदलाव लाते हैं अंजनी कुमार मिश्रा जैसे पीसीएस अधिकारी

**बिलारी।** राजस्व संबंधी मुक. दमों के समयबद्ध निस्तारण के लिए जिलाधिकारी अनुज ने 2023 बैच के पीसीएस अधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा को एसडीएम न्यायिक के रूप में बिलारी तहसील में नियुक्त किया है। मूल रूप से प्रतापगढ़ के रहने वाले श्री मिश्रा ने व्यावहारिक प्रशिक्षण गाजीपुर में लिया। यह अब एसडीएम न्यायिक के तौर पर कुछ महीनो से बिलारी में कार्यरत हैं। आप जनहितकारी कार्यशैली से लोगों का विश्वास जीत रहे हैं। आपके कामकाज को देखकर लोग अक्सर कहते देखे



जाते हैं कि ऐसे समर्पित अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

# गोकुलदास कॉलेज में समाजसेविका गीतांजलि पांडे को किया गया सम्मानित

**मुरादाबाद।** गोकुल दास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें शहर की प्रख्यात समाजसेवी और "आओ हाथ बढ़ाएँ ख्र एक पहल मदद की" एनजीओ की संस्थापिका गीतांज. लि पांडे को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा, मुख्य अतिथि गीतांजलि पांडे और मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरण साहू ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्राचार्य ने गीतांजलि पांडे को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को ज्ञान, कौशल, संसाधन और अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने जीवन से जुड़े निर्णय स्वयं ले सकें और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति से ही देश का समग्र विकास संभव है।मुख्य अतिथि गीतांजलि पांडे ने छात्राओं को अपने एनजीओ की गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उनका संगठन आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों के विवाह में सहयोग करता है और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में भी मदद करता है। साथ ही जो बच्चे आगे पढ़ना चाहते हैं, उन्हें भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाती है।कार्यक्रम का आयोजन साम. ुदायिक सेवा समिति की अध्यक्ष प्रोफेसर सीमा गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।

संचालन प्रोफेसर करुणा आनंद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रीति पांडे और डॉ. शिवानी गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के कई प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ईद और रामनवमी को लेकर गणमान्यों की बैठक किया प्रेम और सौहार्द से ईद मनाने का आह्वान

**कांठ( शाह टाइम्स )** ईद का पर्व शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए सीओ अभिनव द्विवेदी की अध्यक्षता में थाना कांठ परिसर के अंदर गणमान्य लोगों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने सभी लोगों से ईद और रामनवमी का पर्व शांति पूर्वक संपन्न कराने का आवाहन किया अधिकारियों ने क्षेत्र से आए लोगों से उनके यहां ईद की नमाज को लेकर चर्चा की कहा कि ईदगाह आदि पर इस दौरान किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं आती यदि आती है तो वह उनसे बता सकते हैं।

शहर इमाम मौलाना मोहम्मद शोऐब ने कहा कि ईद की नमाज ईदगाह परिसर के भीतर ही पढे जाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने इस दौरान सफाई व्यवस्था पहले से ही दुरुस्त कराए जाने की मांग उठाई डॉक्टर सिराजुद्दीन ने ईदगाह के पास खाली पड़े परिसर में भराव डालकर वहां माकूल जगह की बात रखी मास्टर जावेद उजम्मा ने ईद के दौरान सफाई व्यवस्था के साथ-साथ वहां से युवाओं को शांतिपूर्वक और शालीनता से अपने घर जाने की अपील करने के लिए



कहा उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा काम ना करें जिसकी वजह से किसी को परेशानी उठानी पड़े। सपा नेता आरिफ मलिक ने लोगों से ईद के दौरान अपने बच्चों को ट्रिपल राइडिंग न करने और वाहनों को संयम के साथ चलाए जाने को कहने के लिए कहा उन्होंने कहा कि हर्ष और उल्लास के दौरान बच्चे सही गलत का फर्क ना करते हुए तेज रफ्तार बाइक चलाकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। जुल्फकार ठेकेदार ने ईद की नमाज के उपरांत मांगने वालों को उक्त मार्ग से एक तरफ करने को कहा उनका कहना था कि जब भीड़ वहां से निकलती है तो मांगने वालों के साथ कुछ बच्चे भी होते हैं उन्हें चोट पहुंच जाने खतरा बना रहता है इसलिए पुलिस नवाज संपन्न होने से पहले उन लोगों को वहां से एक तरफ करने का काम करें। नेता मेहंदी हसन ने मुख्तारपुर नवादा गांव में शांतिपूर्वक नवाज संपन्न होने का भरोसा दिलाया। नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने कहा कि सफाई प्रकाश और जल व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर पंचायत की है और वह उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते आए हैं और आगे भी निभाते रहेंगे। बैठक में ओमप्रकाश बौद्ध, डॉ यूसुफ एवं अन्य कई लोगों ने अपने विचार रखें थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी प्रकार की नई परंपरा नहीं होगी जिस तरह से नमाज पहले से होती चली आई है उसी प्रकार होगी हम जनता को सहयोग करेंगे और जनता हमारा सहयोग करते हुए इस पर्व को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने का काम करें। इस अवसर पर काफी लोग मौजूद रहे संचालन खलील अहमद ने किया।

# भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने गन्ना आयुक्त को ज्ञापन देकर उठाई किसानो की समस्या



**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने गन्ना एवं चीनी आयुक्त उत्तर प्रदेश मिनिष्ठि एस से गन्ना संबंधित समस्याओं को लेकर मुलाकात की। और मुरादाबाद मंडल की सभी गन्ना मिलों द्वारा गन्ना वैरायटी को लेकर किसानों को परेशान किए जाने का मुद्दा उठाया। कहा कि किसानों का गन्ना रिजेक्ट बता कर मिल मालिक मनमानी कर रहे हैं। सरकार द्वारा रिजेक्ट गन्ना प्रजाति तथा अर्ली प्रजाति में 45 रुपए के अंतर के बाद मिल मालिक ज्यादा लाभ कमा रहे हैं। जबसे गन्ना एक्ट बना तब से अर्ली व रिजेक्ट प्रजाति में मात्र 10 का अंतर रहता था । परंतु सरकार के नए शासनादेश में अंतर 45 रुपए कर दिया है।

सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह व जिला महासचिव चौधरी यशपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह ने गन्ना आयुक्त मिनिष्ठि एस उत्तर प्रदेश से लखनऊ में मुलाकात कर किसानों की समस्याओं से संबंधित पत्र सोंपा। गन्ना आयुक्त ने सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

# मजदूर पाठशाला में श्रमिक अधिकारों पर चर्चा सुरक्षा और सम्मान निधि की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट और नागरिक एकता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को बिलारी क्षेत्र के वीचेता काजी जंगल में मजदूर पाठशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनकी प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार (प्रेम) ने मुख्य वक्ता के रूप में मजदूरों की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में मजदूरों के सामने सबसे बड़ी समस्या उनकी पहचान और जिम्मेदारी तय होने की है। अधिकांश जगहों पर वास्तविक मालिक सामने नहीं आते और ठेकेदारों के माध्यम से काम कराया जाता है। ऐसे में किसी दुर्घटना, मृत्यु या अन्य हादसे की स्थिति में जिम्मेदारी तय करना कठिन हो जाता है। उन्होंने बताया कि कई श्रमिकों को फंड, ग्रेच्युटी, एरियर और बोनस जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल पाती हैं। प्रेम कुमार ने श्रमिकों के हित में कई मांगें उठाईं। उन्होंने कहा कि कार्यस्थलों पर सुरक्षा उपकरणों की



उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रमिकों के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य की जाए। इसके अलावा लेबर अड्डों पर शेड, पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रत्येक श्रमिक को हर महीने 5,000 रुपये की श्रमिक सम्मान निधि दी जाए तथा सभी मजदूरों का पंजीकरण अनिवार्य किया जाए। साथ ही मनरेगा के तहत काम मांगने वाले श्रमिकों को तुरंत काम उपलब्ध कराया जाए। युवा नेता कपिल राज ने मजदूरों के बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए सरकार से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जिम्मेदारी लेने की मांग की। उन्होंने सभी श्रमिक परिवारों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने तथा यूनिट कार्ड में अधिकतम छह सदस्यों की अनिवार्यता समाप्त करने की भी बात कही। किसान नेता महावीर सिंह ने किसानों के हित में किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 7,000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग उठाई।

कार्यक्रम में कपिल राज, महावीर सिंह, शिवकुमार, करतार, राकेश पाल, जोगेंद्र मौर्य, वेदपाल पाल, लक्ष्मीनारायण पाल, बॉबी मौर्य, भुवनेश जाटव, गजेंद्र जाटव, सतवीर मौर्य, पप्पू पाल सहित कई लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने मजदूरों से संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया।

# पत्रकार रहमान अली बने भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष, समर्थकों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन का विस्तार करते हुए, वरिष्ठ एवं जुझारू पत्रकार रहमान अली को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी कार्यकुशलता और किसानों के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

जिला अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद रहमान अली ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मुझ पर जो विश्वास जताया गया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरूँगा। अब कलम के साथ-साथ संगठन की शक्ति



से किसानों और युवाओं की समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। जिले का हर युवा किसान अब खुद को अकेला नहीं समझेगा।ᵴ

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले के पीड़ित किसानों को न्याय दिलाना, खाद-बीज और सिंचाई जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान करवाना और बेरोजगार युवाओं को संगठन के माध्यम से एक नई दिशा देना होगी। रहमान अली की इस नई जिम्मेदारी से क्षेत्र के किसानों, पत्रकार जगत और युवा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। समर्थकों का मानना है कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठन को एक नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी

# हबीब मियां के मजार पर रोजेदार हुए शामिल, किया रोजा इफ्तार

**मूंढापाण्डे।** मूंढापाण्डे क्षेत्र के गांव चमरौआ,खानपुर में 21वें रोजे पर हबीब मियां के मजार पर गुरुवार शाम को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। रमजान के पवित्र माह में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों रोजेदार



शामिल हुए,रोजा इफ्तार का आयोजन यूनुस लंबरदार ने किया था,इस इफ्तार पार्टी में चमरौआ,खानपुर ,दलपतपुर ,हलानगला,दौलरा,मझरा आदि गांवों के बच्चे, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इफ्तार के बाद रोजेदारों ने देश में अमन-चौन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी,हाजी दुल्हा लंबरदार , एहसान प्रधान ,मोहम्मद नवी ने इस्लामी भाइयों से रमजान के पवित्र माह में रोजाना रोजा रखने की अपील की। उन्होंने रोजेदारों को बताया कि रोजा बुराइयों से बचाता है, शारीरिक बीमारियों को दूर करता है और अल्लाह के करीब पहुंचाता है। इस दौरान शहादत अली , शराफत लम्बू, महबूब सलमानी,अहमद जान,कासिम अली , जान मोहम्मद ,फहीम आदि मौजूद रहे।

# इस्लाम मे दीपफा करने की इज्जात है जुल्म करने की इजाजत नही , मौलाना अफाक

**कुंदरकी।** शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अफाक आलम जैदी ने कहा कि इस्लाम अमन शांति का पैगाम देता है। अहलेबैत की मुहब्बत के बगैर जन्नत नही मिलने वाली है। नगर के मुहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा हजरत अबू तालिब मे जाकिरे अहलेबैत एजाज हाशीम नकवी उर्फ हामीद मियाँ के सोयम (तीजे) कि मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अफाक आलम ने कहा कि रसूले करीम और अहलेबैत कि जिंदगी हमारे लिए नमूनाए अमल है और इस्लाम अमन शांति और तरक्की हासिल करने तथा इल्म हासिल करने का पैगाम देता है । इस्लाम जुल्म करने और जुल्म के खिलाफ खामोश बैठने की इजाजत् भी नही देता है । इस्लाम कहता है कि जुल्म को मिटाने के लिए और अमन शांति के लिए अपनी जान की कुर्बानी देनी पड़े तो अल्लाह की राह मे कुर्बानी पेश करो अल्लाह तुम्हारा सब्र के जरिए इम्तेहान लेने वाला है।

उन्होंने कहा कि मुसलमानों को दुश्मनों की साजिशों से होशियार रहने की जरूरत है और वतन की मुहब्बत हमारा ईमान है। इससे पूर्व गुलाम मेंहदी रिजवी ने मरसिया पढ़ा तथा अजहर अब्बास नकवी ने संचालन किया।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# भारत को राहत

ईरान-अमेरिकी युद्ध के 13वें दिन एक अच्छी खबर आई, जिसमें कहा गया कि ईरान हॉर्मुज जलडमरू मध्य से भारतीय विमानों को गुजरने के लिए मंजूरी मिल गई है। यह सब भारतीय विदेश मंत्री डा एस जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद देखने में आया है। बताया जा रहा है कि इस वार्ता के बाद दो भारतीय टैंकर पुष्पा और परिमल सुरक्षित रूप से उस जल मार्ग से गुजर रहे हैं। निश्चित रूप से यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि इसी रास्ते से भारत का लगभग 60 प्रतिशत व्यापार इसी मार्ग से होता है और ईरान ने इसे एक रणनीति के तहत बंद किया हुआ है। ईरान के अनुसार इस रास्ते से केवल वही जहाज गुजर सकते हैं, जो उसके सहयोगी देशों के हैं। जाहिर है अगर हमारे जहाज नहीं गुजर रहे थे, तो कहीं न कहीं इसका मतलब यह भी हो सकता है कि ईरान हमारा सहयोगी देश नहीं रहा। जबकि कुछ वर्षों पहले तक ही हमारे मित्र देशों की श्रेणी में था। विपक्ष इसी बात को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है और कह रहा है कि अगर आज भारत में ऊर्जा का संकट खड़ा हुआ है तो यह भारत की विदेश नीति का फेल्योर है। भारत सरकार ऐसा नहीं मानती। उसके अनुसार भारत में फिल्हाल पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है और एलपीजी की भी सप्लाई पर भारत सरकार विशेष ध्यान दे रही है, लेकिन विपक्ष सरकार के तर्कों से सहमत नहीं है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार को एलपीजी को लेकर घेरते दिखाई दिए और उन्होंने जानना चाहा कि सरकार इस दिशा में क्या काम कर रही है, क्योंकि उनकी नजर में सरकार कुछ भी कहे कोई भी दावा करे लेकिन वास्तविकता के धरातल पर पब्लिक में मारामारी है और एलपीजी लेने के लिए लोगों की लाइनें लगी हुई हैं। कई जगह से तो मारपीट की खबरें आ चुकी हैं, जोकि गंभीर मामला है। यह तो शुरुआती दौर है अगर यही स्थिति कुछ दिन और बनी रही, जैसीकि आशंका दिखाई दे रही है, तो हालात कितने भयावह हो सकते हैं, कोई भी इसका अंदाजा लगा सकता है। अमेरिका और ईरान जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं और अपने स्टैंड पर अड़े हैं। ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मुस्तफा खामेनेई ने अपने पहले बयान में अमेरिका को सीधे कह डाला कि यह युद्ध तभी रुक सकता है जब अमेरिका युद्ध के खर्चे की भरपाई करे। सरकार बदलने का अलाप छोड़े और भविष्य में कभी भी उस पर युद्ध थोंपने की जुर्रत न करे। जहां तक बात अमेरिका की है, उसके राष्ट्रपति की अजीब स्थिति बनी हुई है, वह लगातार बयान बदलते रहते हैं। उनके अनुसार ईरान में उनके तमाम लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। जाहिर है, ईरान अमेरिका ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ही इस युद्ध की आंच में झुलसती दिखाई दे रही है।

## बहुत हुई मन की बात



देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और पीएम मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं, जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है, तो प्रधानमंत्री मोदी जी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं, देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं, कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं, पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं, कूटनीति की विफलता, गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है, नरेन्द्र मोदी जी, बहुत हुई मन की बात जरा संसद में आकर करिए 'मुद्दे की बात।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# सावरकर मानहानि मामले में बरी राहुल ने फिर दिखाई संवेदनशीलता

एक तरफ राहुल गांधी के एक कारनामे ने उन्हें फिर चर्चा में ला दिया तो दूसरी तरफ नासिक में सावरकर मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत मिल गई। पुलिस रिपोर्ट आने के बाद शिकायतकर्ता ने शिकायत वापस ले ली व अदालत ने इस मामले की कार्रवाई समाप्त कर दी। इस मामले में कोई ठोस तथ्य दिखाई नहीं दिए और पुलिस जांच में आरोपों की सत्यता साबित नहीं हुई। अदालत का यह फैसला दिखाता है कि राहुल गांधी को फंसाने की कितनी कोशिशें की जा रही हैं।

बुधवार 11 मार्च को यह फैसला आया लेकिन इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार 10 मार्च को राहुल गांधी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक कारनामा कर दिया। इसे कारनामा भी क्यों कहा जाए ? इसे सामाजिक जिम्मेदारी कहा जाना चाहिए। तो यह भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई और वे एक बार फिर चर्चा में आ गए। वही राहुल गांधी जिन्हे यह देश अभी समझ नहीं सका है लेकिन वे इस देश को समझने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वही राहुल गांधी जिनकी आवाज सुनकर सत्ता तिलमिला जाती है, सत्ता गुस्से में आग-बबूला हो जाती है। वही राहुल गांधी जिन्हें भाजपा देशद्रोही सिद्ध करने की कोशिश कर रही है। वही राहुल गांधी जिन्हें पप्पू साबित करने के लिए करोड़ों रूपए खर्च कर दिए गए। वही राहुल गांधी जिन पर रोज यह इल्जाम लगाया जाता है कि उन्हें न देश की समझ है और न राजनीति की। वही राहुल गांधी जिन्हे बार-बार बच्चा साबित किया जाता है लेकिन उसी बच्चे से यह सत्ता सबसे ज्यादा डरती है। वही राहुल गांधी जो माननीय और प्रातःस्मरणीय प्रधानमंत्री जी की तरह टेलीप्रॉम्पटर से पढ़कर अपने भाषण नहीं देते हैं। वही राहुल गांधी जो एक तरह की पेंट और टीशर्ट पहनकर में संसद भी जाते हैं और उसी तरह की पेंट और टीशर्ट में पूरा भारत भी घूम लेते हैं। वही राहुल गांधी जो माननीय प्रधानमंत्री जी की तरह लाखों का सूट नहीं पहनते हैं। उन्हीं राहुल गांधी ने अपनी एक सामाजिक जिम्मेदारी से कई लोगों के दिल जीत लिए। आप मुझे कहेंगे कि मैं राहुल गांधी की स्तुति कर रहा हूं। लेकिन जब आप प्रधानमंत्री जी की स्तुति करते हैं तब तो मैं कुछ नहीं कहता। नेता प्रतिपक्ष की स्तुति करके मुझे क्या मिलेगा ? मैं तो राहुल गांधी की एक सामाजिक जिम्मेदारी की बात बता रहा हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार 10 मार्च को सोनीपत के मदीना गांव में किसान संजय मलिक की बेटी तनु की शादी में शामिल होने पहुंचे। यह वही किसान संजय



मलिक हैं जिनके खेत में राहुल गांधी ने तीन साल पहले ट्रैक्टर चलाकर धान रोपाई की थी। राहुल गांधी यहां एक घंटे तक रुके। उन्होंने यहां दूध के साथ चूरमा भी खाया और मिस्सी रोटी भी खाई। महिलाओं के गीत सुने। राहुल ने किसान संजय मलिक की बेटी तनु की प्रियंका गांधी से मोबाइल पर बात भी कराई। तनु ने राहुल गांधी से कहा कि जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंबानी के बेटे की शादी में गए थे। बड़े लोगों की शादी में जाते हैं, आप गरीब के घर शादी में आए। कभी देखा नहीं ऐसा। इस पर राहुल ने कहा कि वहां पर ऐसा मजा नहीं आता। मजा तो यहां पर है। राहुल गांधी के इस व्यवहार को नाटक बताने वाले भी कम नहीं है। लेकिन हमेशा नफरत की राजनीति करने वाले ऐसे लोग अपने गिरेबान में झांकने की कोशिश नहीं करते हैं। जो लोग स्वयं नाटक करते हैं वे हमेशा ही यह समझते हैं कि दूसरे भी नाटक कर रहे हैं। लेकिन एक राजनेता का आम आदमी के साथ जुड़ाव रखने का भाव नाटक नहीं हो सकता। यही होती है असली नेता की पहचान। राहुल गांधी ने ऐसा पहली बार नहीं किया है। वह कभी मोची से मिलते हैं तो कभी बढ़ई से। क्या भारत जोड़ो यात्रा को नाटक कहा जा सकता है। हमारे देश में ऐसी यात्राएं कितनी हुई हैं ? सड़क नापते राहुल गांधी कई लोगों को अच्छे नहीं लग सकते लेकिन उनकी भावनाओं को नकली नहीं कहा जा सकता।

जुलाई 2023 को दिल्ली से हिमाचल जाते वक्त राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव के किसान संजय के खेत में पहुंच गए थे। संजय उस वक्त अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उस वक्त राहुल गांधी ने संजय से उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही थी। संजय मलिक ने कहा कि उन्हें लगता था कि राहुल गांधी उन्हें भूल गए होंगे। 25 फरवरी को संजय मलिक ने दिल्ली जाकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड दिया और 10 मार्च को सुबह ही पता चला कि राहुल गांधी उनकी बेटी को आशीर्वाद देने आ रहे हैं। यह खबर इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस दौर में अधिकांश राजनेताओं ने राजनीति को अपनी ठसक या हनका दिखाने का माध्यम बना लिया है। राहुल गांधी को भाजपा अक्सर युवराज कहकर संबोधित करती है। लेकिन इस युवराज ने अपने व्यवहार से यह दिखा दिया कि युवराज यदि सहज और सरल दिल का हो तो ऐसा युवराज लाखों का सूट पहनने वाले फकीर से ज्यादा अच्छा है। राजनीति अपनी जगह होती है। राजनीति में एक दूसरे के विरोधी विचारधारा वाले एक दूसरे के खिलाफ रहते ही है। लेकिन इस दौर की राजनीति को जितना गंदा बना दिया गया है उससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। भाजपा चाहती है कि राहुल गांधी समझौते की राजनीति कर चुप्पी साध लें लेकिन राहुल गांधी चुप्पी नहीं साध रहे हैं और लगातार सवाल उठा रहे हैं। राहुल का यह सवाल उठाना भाजपा को रास नहीं आ रहा है। इसलिए भाजपा पूरे गांधी परिवार को बदनाम करने के लिए पानी की तरह रूपया बहा रही है। भाजपा लगातार राहुल गांधी की समझ पर सवाल उठाती है लेकिन राहुल गांधी जो जो बात कह रहे हैं वे सभी पूरी हो रही है। क्या राहुल गांधी को देशद्रोही सिद्ध भाजपा लोकतंत्र का अपमान नहीं कर रही है?



रोहित कौशिक

> जुलाई 2023 को दिल्ली से हिमाचल जाते वक्त राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव के किसान संजय के खेत में पहुंच गए थे। संजय उस वक्त अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उस वक्त राहुल गांधी ने संजय से उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही थी। संजय मलिक ने कहा कि उन्हें लगता था कि राहुल गांधी उन्हें भूल गए होंगे। 25 फरवरी को संजय मलिक ने दिल्ली जाकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड दिया और 10 मार्च को सुबह ही पता चला कि राहुल गांधी उनकी बेटी को आशीर्वाद देने आ रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पिघलते ग्लेशियर चिंता का विषय

**आइसलैंड जैसे आर्कटिक देशों में भी ग्लेशियर गायब हुए हैं। स्लोवेनिया और वेनेजुएला में हिमनदों गायब होना महत्वपूर्ण है क्योंकि 18वीं सदी के बाद से यह पहला मामला है जब किसी देश ने अपने हिमनदों को पूरी तरह से खो दिया हो। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के अनुसार, इस सदी के अंत तक दुनिया के 18.36 प्रतिशत हिमनद गायब होने की संभावना है।**

एक घटना में स्लोवेनिया और वेनेजुएला अपने सभी हिमनद (ग्लेशियर) को खोने वाले पहले देश बन गए हैं। मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के कारण हुई यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना एक बड़े वैश्विक संकट की ओर संकेत देती है जिसकी चपेट में कई अन्य देश भी आ सकते हैं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार वेनेजुएला अपने सभी हिमनदों को गंवाने वाला पहला देश हो सकता है। कुछ शोध अध्ययनों से तो पता चलता है कि शायद स्लोवेनिया तीस साल पहले इस त्रासदी से गुजर चुका था। हिमनद बर्फ की नदियां होती हैं। वास्तव में हिमनद की परिभाषा में यह शामिल है कि उसके बर्फ में गति होती हो और दरारें उपस्थिति हों, और दोनों ही स्लोवेनिया के ग्लेशियर के अवशेषों में दशकों से नदारद हैं। गौरतलब है कि हिमनदों का पिघलना जलवायु परिवर्तन के सबसे नुमाया प्रभावों में से एक है। आइसलैंड जैसे आर्कटिक देशों में भी ग्लेशियर गायब हुए हैं। स्लोवेनिया और वेनेजुएला में हिमनदों गायब होना महत्वपूर्ण है क्योंकि 18वीं सदी के बाद से यह पहला मामला है जब किसी देश ने अपने हिमनदों को पूरी तरह से खो दिया हो। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के अनुसार, इस सदी के अंत तक दुनिया के 18.36 प्रतिशत हिमनद गायब होने की संभावना है जिसका मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग है। जलवायु विज्ञानी मैक्सिमिलियानो हेरेरा के अनुसार देश का आखिरी हिमनद ला कोरोना का क्षेत्रफल दिसंबर तक सिर्फ 0.02 वर्ग किमी। रह गया था। इस क्षति का वेनेजुएला पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, क्योंकि हिमनद पर्यावरण और जल आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे एक राष्ट्रीय त्रासदी और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभावों और जलवायु सम्बंधित चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। इसी तरह, स्लोवेनिया के हिमनद, खास तौर पर स्कुटा और ट्रिग्लव, दशकों से घट रहे हैं। दोनों ही 20वीं सदी के अंत में 0.1 वर्ग किमी से छोटे रह गए थे। उनके छोटे आकार और कम ऊंचाई ने उन्हें जलवायु के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना दिया, जिसके कारण वे अंततरू गायब हो गए। इन देशों में हिमनदों के खत्म होने के असर कहीं ज्यादा हैं। इनकी पिघलती बर्फ समुद्र के स्तर को बढ़ाती है, जिससे दुनिया भर के तटीय क्षेत्र प्रभावित होते हैं। हिमनदों का इस तरह से खात्मा अन्य लैटिन अमेरिकी देशों के लिए भी



एक चेतावनी है। हिमनदों को जल स्रोतों के तौर पर उपयोग करने वाले कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू और बोलीविया जैसे देशों को हिमनदों के सिकुड़ने से गंभीर सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। मेक्सिको का अंतिम हिमनद, ग्रान नॉर्टे भी विलुप्त होने की कगार पर हैय अनुमान है कि 2026 से 2033 के बीच यह अपना हिमनद दर्जा खो देगा तथा 2045 तक पूरी तरह लुप्त हो जाएगा। हिमनदों का इस तरह गायब होते जाना जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध सामूहिक कार्रवाई का आव्हान है और तत्काल वैश्विक प्रयासों की जरूरत को रेखांकित करता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित हथियारों का समय घातक

जानलेवा सैन्य हथियारों की स्वायत्तता इन दिनों गहन विचार मंथन और चर्चाओं के दौर से गुजर रही है। कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों के सृजन को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभियान शुरू हुआ है। जुलाई 2023 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा कृत्रिम बुद्धि निर्देशित हथियारों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक मंथन किया गया था। विचार मंथन का दौर अभी थमा नहीं है। इसी साल के उत्तरार्द्ध में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों पर विभिन्न कोणों से नजर डालने के लिए बैठक होगी। लेकिन इस बैठक के पहले अप्रैल में ऑस्ट्रिया में एक सम्मेलन आयोजित हो चुका है।

कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों की तुलना रासायनिक, जैविक और परमाणु हथियारों से की जाए तो यह हथियार खतरनाक होने के पैमाने पर एक कदम आगे निकल गए हैं। हाल के वर्षों में दुनिया की बड़ी सैन्य ताकतों ने जानलेवा स्वायत्त हथियारों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। यही मुद्दा विचार मंथन का विषय है। रक्षा वैज्ञानिक, विधिवेत्ता, रोबोट विज्ञान के अध्एता, सैन्य योजनाकार और नैतिकतावादी जानलेवा स्वायत्त हथियारों के विभिन्न मुद्दों पर बहस में जुट गए हैं। जानलेवा स्वायत्त हथियारों पर प्रतिबंध के संदर्भ में नैतिक कारण भी अहम हैं। यह सवाल सहज रूप से किया जा सकता है कि युद्ध के मैदान में किसी भी अनैतिक गतिविधि के लिए एक मशीन को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? इस सवाल का कोई तर्क आधारित उत्तर किसी के पास नहीं है और यही कारण है कि इन हथियारों पर प्रतिबंध की मांग उठी है। नैतिक कारणों पर गंभीरता से गौर करें तो एक



और बात जोड़ना लाजमी है। क्या किसी मशीन द्वारा जीवन और मृत्यु का फैसला करना नैतिक रूप से स्वीकार्य है? कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल पिछले कई दशकों से हो रहा है। इनमें हीट सीकिंग मिसाइलें और प्रेशर ट्रिगर बारूदी सुरंगें भी सम्मिलित हैं। हाल के वर्षों में चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और इस्राइल जैसे देशों ने युद्ध के मैदान में इन हथियारों की तैनाती को प्राथमिकता दी है। भारत ने स्वायत्त हथियारों पर अनुसंधान का समर्थन किया है।

सेना में कृत्रिम बुद्धि का इस्तेमाल जिन कुछ कार्यों के लिए किया जा सकता है, उनमें रसद और आपूर्ति प्रबंधन, डैटा विश्लेषण, खुफिया जानकारियां जुटाने, सायबर ऑपरेशन और हथियारों की स्वायत्त प्रणाली सम्मिलित है। इनमें सबसे ज्यादा विवादित हथियारों की स्वायत्त प्रणाली है।

**क्या हैं स्वायत्त हथियार**

इसके तहत वे हथियार आते हैं, जो अपने आप कार्य करने में सक्षम हैंय इन्हें मनुष्य की जरूरत नहीं पड़ती। इंटरनेशनल कमेटी ऑफ दी रेड क्रॉस की परिभाषा के अनुसार स्वायत्त हथियार ऐसे हथियार हैं, जो मानवीय हस्तक्षेप के बिना लक्ष्य का चुनाव और इस्तेमाल करते हैं। वास्तव में स्वायत्त हथियार सेंसर और सॉफ्टवेयर से संचालित होते हैं। इनका इस्तेमाल उन इलाकों में किया जाता है, जहां बहुत कम आबादी होती है। दरअसल जानलेवा स्वायत्त हथियार अपने लक्ष्य की पहचान के लिए एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हैं। हथियारों की यह प्रणाली प्रक्षेपास्त्र प्रतिरक्षा प्रणाली से लेकर एक लघु ड्रोन के रूप में हो सकती है। इन हथियारों का लड़ाई के दौरान इस्तेमाल करने के कारण एक नया शब्द ईजाद किया गया है, जिसे लीथल ऑटोनामस वेपन कहा जा रहा है। इन हथियारों का इस्तेमाल जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक में किया जा सकता है, पानी पर अथवा पानी के नीचे भी किया जा सकता है। विशेषज्ञों का विचार है कि जानलेवा स्वायत्त हथियारों के सृजन में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। वस्तुतरू प्रौद्योगिकी हथियारों को रफ्तार, बचाव और अन्य प्रकार की विशेषताओं से युक्त और कारगर बनाने में भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकी के प्रसंग में कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के कंप्यूटर अध्यता और कृत्रिम बुद्धि से सृजित हथियारों के विरोधी स्टुअर्ट रसेल का सोचना है कि किसी सिस्टम के लिए इंसान का पता लगाकर उसे मारने की प्रौद्योगिकी क्षमता का विकास सेल्फ ड्राइविंग कार विकसित करने से कहीं अधिक आसान है। वास्तव में पूछा जाए तो यह हथियार अब विज्ञान कथाओं के काल्पनिक भवन से बाहर निकल कर वास्तविक रूप में लड़ाई के मैदान में नजर आ रहे हैं। इनका धीरे-धीरे विस्तार हो रहा है। जहां एक ओर कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों की जोरदार वकालत की गई है, वहीं दूसरी ओर इन्हें भारी विरोध और तीखी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा है। आलोचकों के अनुसार ए हथियार बहुत महंगे हैं। इनका रचनात्मकता से जरा भी सरोकार नहीं है। भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं है। जवाबदेही का सवाल ही नहीं उठता। एक अध्ययन में बताया गया है कि इन हथियारों के इस्तेमाल से बेरोजगारी बढ़ेगी। दूसरी ओर, ऐसे हथियारों की जोरदार वकालत कर रहे लोगों का कहना है कि यह अत्यधिक उन्नत कार्यों को सम्पादित करने में पूरी तरह सक्षम हैं। युद्ध के दौरान मनुष्य से होने वाली त्रुटियों में कमी आएगी। यह त्वरित फैसला करने में सक्षम हैं। कुल मिलाकर, यह हथियार सटीक साबित हुए हैं और हर पल उपलब्ध हैं। इस प्रकार के हथियारों ने नए आविष्कारों और नवाचारों को भी जन्म देने में भूमिका निभाई है। पारम्परिक हथियारों की तुलना में इनसे कम नुकसान पहुंचता है, नागरिक कम हताहत होते हैं। हाल के वर्षों में छिड़े युद्धों में कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। इसका एक उदाहरण रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई है, जिसमें एआई ड्रोन का इस्तेमाल भी किया गया है। अमेरिका के रक्षा विभाग ने अपने रेप्लिकेटर कार्यक्रम के तहत लघु हथियारयुक्त स्वायत्त वाहनों का बेड़ा तैयार किया है। इसके अलावा, प्रायोगिक पनडुब्बियां और जहाज बनाए हैं, जो स्वयं को चलाने के लिए कृत्रिम बुद्धि छवि का उपयोग कर सकते हैं। स्वायत्त हथियार एक मॉडल विमान के आकार का हो सकता है। इनका मूल्य लगभग पचास हजार डॉलर आंका गया है। स्वायत्त हथियार प्रणालियों का समर्थन दो हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला, सैन्य स्तर पर फायदे और दूसरा, नैतिक औचित्य। अमेरिकी सेना के एक अधिकारी का मानना है कि युद्ध क्षेत्रों से मनुष्यों को हटाकर रोबोट का इस्तेमाल करने के नैतिक फायदे हो सकते हैं। जुलाई 2015 में कृत्रिम बुद्धि पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागी राष्ट्रों ने मानवीय नियंत्रण से परे स्वायत्त हथियारों पर रोक लगाने का आव्हान करते हुए एक खुला पत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि कृत्रिम बुद्धि में मानवता को फायदा पहुंचाने की क्षमताएं हैं, लेकिन अगर कृत्रिम बुद्धि निर्देशित हथियारों की स्पर्धा शुरू हो जाती है तो एआई की प्रतिष्ठा धूमिल पड़ सकती है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क भी शामिल हैं। दरअसल स्वायत्त हथियार प्रणालियों के कुछ विरोध न केवल उत्पादन और तैनाती बल्कि इन पर रिसर्च, विकास और परीक्षण पर भी पाबंदी लगाना चाहते हैं। रक्षा विज्ञान के दस्तावेजों में स्वायत्तता को अलग-अलग तरह से परिभाषित किया गया है। रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के अनुसार स्वायत्त हथियार ऐसे हथियार हैं, जो स्वतंत्र रूप से लक्ष्यों का चुनाव और आक्रमण करने में सक्षम हैं। हारवर्ड लॉ स्कूल की मानव अधिकार अधिवक्ता बोनी डॉचेर्टी ने स्वायत्ता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया है-ह्युमैन-इन-दी-लूप (निर्णय श्रंखला में मानव शामिल) ह्युमैन-ऑन-दी-लूप (निर्णय श्रंखला पर मानव) और तीसरा ह्युमैन-आउट-ऑफ-दी-लूप (मानव निर्णय श्रंखला के बाहर) हैं। निर्णय श्रंखला में मानव शामिल श्रेणी में हथियारों की कार्रवाई इंसान द्वारा की जाती है, लेकिन लोगों को कहां और कैसे सम्मिलित किया जाना चाहिए, यह विचार मंथन का मुद्दा है। निर्णय श्रंखला पर मानव में एक मनुष्य किसी कार्रवाई को रद्द कर सकता है। मानव निर्णय श्रंखला के बाहर श्रेणी में कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। अनुसंधानकर्ताओं और सैन्य विज्ञान के जानकारों ने सैद्धांतिक तौर पर पहले प्रकार पर सहमति जाहिर की है।

**साभार स्रोत फीचर्स**

# ईरान ने यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को किया खारिज

**अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताया**

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर-सईद इरावानी ने सुरक्षा परिषद की ओर से ईरान के खिलाफ पारित किए गए प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा परिषद के सत्र में बोलते हुए अमीर-सईद इरावानी ने इस दस्तावेज को अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताते हुए खारिज कर दिया।

उन्होंने तर्क दिया कि प्रस्ताव का पारित होना सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता के लिए एक गंभीर झटका है। यह विश्व निकाय के इतिहास पर एक अमिट दाग छोड़ता है। राजदूत ने दावा किया कि यह कदम सुरक्षा परिषद के अधिकार का घोर दुरुपयोग है। इसका उद्देश्य कुछ सदस्यों के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह जमीनी हकीकतों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है। मौजूदा क्षेत्रीय संकट के मूल कारणों को संबोधित करने में विफल रहता है। अपने कड़े शब्दों वाले भाषण में, इरावानी ने दस्तावेज की पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रकृति की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पीड़ित और हमलावर की भूमिकाओं को उलट देता है। तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दोनों शासनों को और अधिक अपराध करने के लिए प्रोत्साहित करती है। मिशन के आधिकारिक बयानों में इस बात पर जोर दिया गया कि तेहरान परिषद के फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। इरावानी ने इस कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के विपरीत बताया।

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के पहले छह दिनों का खर्च 11.3 अरब डॉलर पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के अधिकारियों ने अमेरिकी सांसदों को जानकारी दी है कि ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के पहले छह दिनों में ही 11.3 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का खर्च आ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा कांग्रेस को प्राप्त अब तक का सबसे व्यापक प्रारंभिक अनुमान है। हालांकि, इसमें हमले शुरू होने से पहले सैन्य साजो-सामान और कर्मियों की तैनाती पर हुआ खर्च शामिल नहीं है। सांसदों का मानना है कि जैसे-जैसे पेंटागन पहले सप्ताह के खर्चों की पूरी गणना करेगा, यह संख्या काफी बढ़ सकती है। अभियान के शुरुआती दिनों में अमेरिका ने अत्यधिक सक्षम और सटीक निशाना लगाने वाले 'एजीएम-154 ग्लाइड बम' जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया है।

# अमेरिका अभी नहीं गिरा पाएगा ईरान की सरकार

## ईरान में मौजूदा लीडरशिप का जनता पर पूरा कंट्रोल, जल्द ऑपरेशन खत्म कर सकते हैं डोनाल्ड ट्रम्प



**अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में अहम खुलासा**

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल लगातार दो हफ्ते से ईरान में एयरस्ट्राइक कर रहे हैं, इसके बावजूद ईरान की सत्ता अभी भी काफी मजबूत है और उसके जल्द गिरने का कोई खतरा नहीं है। यह बात अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में सामने आई है। इस मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने न्यूज एजेंसी रायटर्स को इसकी जानकारी दी है।

एक सूत्र के मुताबिक कई खुफिया रिपोर्टों में एक जैसा आकलन किया गया है कि ईरान की सरकार गिरने की स्थिति में नहीं है और वह अभी भी देश की जनता पर कंट्रोल बनाए हुए है। वहीं, तेल की कीमतों में इजाफे की वजह से राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अमेरिका जल्द जंग खत्म कर सकता है। हालांकि अगर ईरान के कट्टरपंथी नेता सत्ता में बने रहते हैं तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकालना आसान नहीं होगा। खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों के पहले ही दिन ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद वहां की धार्मिक नेतृत्व वाली व्यवस्था अभी भी एकजुट बनी हुई है। इजरायल के एक सीनियर अधिकारी ने भी रायटर्स से कहा कि सीक्रेट मीटिंग्स में भी यही बात निकल कर सामने आई है कि फिलहाल ईरान की मौजूदा सरकार गिरने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जमीन पर हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं और आने वाले समय में ईरान के अंदर की स्थिति अलग दिशा में जा सकती है। अमेरिका और इजरायल ने युद्ध शुरू होने के बाद ईरान के कई ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें एयर डिफेंस सिस्टम, परमाणु ठिकाने और टॉप लीडरशिप से जुड़े लोग शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस युद्ध के अलग-अलग कारण बताए हैं। युद्ध शुरू करते समय ट्रम्प ने ईरान की जनता से कहा था कि वे अपनी सरकार को खुद बदल दें। हालांकि बाद में उनके सीनियर अधिकारियों ने कहा कि ईरान की सरकार को हटाना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं है। हमलों में खामेनेई के अलावा कई सीनियर अधिकारी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के कई बड़े कमांडर भी मारे गए हैं। यह ईरान की एक शक्तिशाली पैरामिलिट्री फोर्स है, जो देश की अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को कंट्रोल करती है। इसके बावजूद अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक खामेनेई और आईआरजीसी के अफसरों की मौत के बाद बना 'इंटरनल लीडरशिप सिस्टम' अभी भी देश पर कंट्रोल बनाए हुए है। ब्रुकिंग्स इंस्टीटयूशन की एक्सपर्ट सुजैन मलोनी ने कहा कि ईरान के अंदर फिलहाल ऐसी कोई ताकत नहीं है जो सरकार के पास बची हुई शक्ति को चुनौती दे सके। उनके मुताबिक ईरान भले ही अपने पड़ोसी देशों के खिलाफ पूरी ताकत इस्तेमाल न कर पाए, लेकिन देश के अंदर वह अभी भी पूरी तरह कंट्रोल बनाए रखने में सक्षम है। राजधानी तेहरान में सड़क पर बिलबोर्ड लगा है। इसमें ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई को देश का झंडा अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा खामेनेई को सौंपते हुए दिखाया गया है। सबसे बाएं इस्लामी क्रांति के संस्थापक अयातुल्लाह रुहोल्लाह खैमेनी की तस्वीर है। इस हफ्ते ईरान के सीनियर शिया धर्मगुरुओं की संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया है।

# युद्ध खत्म करने का ट्रम्प के पास कोई प्लान नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान की ताकत का गलत अंदाजा लगाया, तेल सप्लाई ठप होगी सोचा नहीं था



**ट्रम्प प्रशासन के अधिकारी भी इसको लेकर निराश, युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 18 फरवरी को जब यह तय कर रहे थे कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, तब ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें यह चिंता नहीं थी कि अगर युद्ध हुआ, तो मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा या तेल के बाजार में बड़ी गड़बड़ी होगी। राइट ने कहा था कि पिछले साल जून में जब इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे, तब भी तेल बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा था।

उनके मुताबिक उस समय तेल की कीमत थोड़ी बढ़ी थी, लेकिन जल्द ही नीचे आ गई थी। ट्रम्प के दूसरे सलाहकार भी निजीतौर पर इसी तरह की राय रखते थे। उनका मानना था कि चेतावनियां बढ़ा-चढ़ाकर दी जा रही हैं और ईरान शायद ही इस बार तेल ले जाने वाले समुद्री रास्तों को बंद करेगा, जिनसे दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल सप्लाई गुजरती है, लेकिन हाल के दिनों में यह आकलन गलत साबित होता दिख रहा है। ईरान ने धमकी दी कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल के टैंकरों पर हमला कर सकता है। यह वही अहम समुद्री रास्ता है जिससे होकर फारस की खाड़ी से निकलने वाले सभी जहाज गुजरते हैं।

ईरान की इन धमकियों के बाद खाड़ी रीजन में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। इस वजह से तेल की कीमतें एक समय 110 डालर प्रति बैरल को छू गई थीं। ट्रम्प प्रशासन अब आर्थिक संकट को काबू में करने के तरीके खोजने में जुट गया है। इस संकट के कारण अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें भी बढ़ गई हैं। इस घटना से यह भी पता चलता है कि ट्रम्प और उनके सलाहकारों ने युद्ध पर ईरान के रुख का गलत अंदाजा लगाया।

ईरान इस संघर्ष को अपने अस्तित्व से जुड़ा खतरा मान रहा है। पिछले साल जून में हुई 12 दिन की युद्ध की तुलना में इस बार ईरान ने कहीं ज्यादा आक्रामक प्रतिक्रिया दी है। उसने अमेरिका के सैन्य ठिकानों, मिडिल ईस्ट के कई अरब देशों के शहरों और इजरायल के आबादी वाले इलाकों पर मिसाइल और ड्रोन अटेक किए हैं। इन हमलों के कारण अमेरिकी अधिकारियों को कई प्लान तुरंत बदलने पड़े। कुछ जगहों पर दूतावास खाली कराने पड़े और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को कंट्रोल करने के लिए नई पालिसी पर काम करना पड़ा। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने सांसदों को बंद कमरे में जानकारी दी। इसके बाद अमेरिकी प्रांत कनेक्टिकट के डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस्टोफर मर्फी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रशासन के पास होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा सुरक्षित तरीके से खोलने का कोई प्लान नहीं है। प्रशासन के अंदर भी कुछ अधिकारी इस बात को लेकर निराश हैं कि युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा है। हालांकि वे यह बात सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प से कहने से बच रहे हैं, क्योंकि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि सैन्य अभियान पूरी तरह सफल रहा है। ट्रम्प कई बार बहुत बड़े टारगेट की बात करते हैं। जैसे कि वे चाहते हैं कि ईरान में ऐसा नेता आए जो अमेरिका की बात माने। लेकिन विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ऐसी बात नहीं करते। पीट हेगसेथ ने मंगलवार को कहा भी था कि अमेरिका, इराक में हाथ जला चुका है। वे ऐसा ईरान में नहीं करेगा। उनका कहना है कि ईरान की मिसाइल ताकत और सैन्य क्षमता को कमजोर करना ही असल मकसद है। अगर यह हो जाता है तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकल सकता है। हेगसेथ ने माना कि ईरान ने अपने पड़ोसी देशों पर जिस तरह से जोरदार जवाबी हमले किए, उसकी तीव्रता का अंदाजा पेंटागन को पूरी तरह नहीं था। हालांकि उन्होंने कहा कि ईरान की ये कार्रवाइयां आखिरकार उसी के खिलाफ जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह साफ-साफ कहना मुश्किल है कि ईरान से बिल्कुल ऐसा ही जवाब आएगा, लेकिन इस तरह के हमले होने की संभावना पहले से थी। उनके मुताबिक ईरान के इन हमलों से लगता है कि वहां की सरकार इस समय काफी दबाव में है। इस बीच ट्रम्प ने यह भी कहा कि तेल की सप्लाई पर युद्ध के असर से वह नाराज हैं। उन्होंने फाक्स न्यूज से कहा कि तेल टैंकरों के क्रू मेंबर्स को 'थोड़ी हिम्मत दिखानी चाहिए' और होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते रहना चाहिए।

### हमारे द्वीपों पर हमला हुआ, तो खून से लाल होगी फारस की खाड़ीः ईरानी संसद अध्यक्ष

**दुबई।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने गुरुवार को कहा कि ईरान के द्वीपों पर किसी भी तरह का आक्रमण करने वाले फारस की खाड़ी को हमलावरों के खून से सराबोर कर देगा। यह चेतावनी ईरान में चल रहे युद्ध के बीच तनाव को और बढ़ाने वाली है। यह स्पष्ट नहीं है कि कालिबाफ की यह टिप्पणी किस विशेष घटना से प्रेरित थी। हालांकि, यह बयान ईरान और अन्य देशों के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का संकेत देता है। ऐतिहासिक रूप से, ईरान 1971 में अपने गठन से पहले संयुक्त अरब अमीरात से तीन द्वीपों पर नियंत्रण रखता है। ये द्वीप फारस की खाड़ी में सामरिक महत्व रखते हैं। इस बीच, ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका फारस की खाड़ी में स्थित खर्ग द्वीप को निशाना बना सकता है, जो ईरान का मुख्य तेल टर्मिनल है।




**नई दिल्ली। बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान संसद परिसर में एलपीजी की कमी को लेकर एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, सपा के सांसद धर्मेंद्र यादव व अन्य लोग प्रदर्शन करते हुए।**

# थाईलैंड नौसेना ने तीन लापता क्रू मेंबर्स को बचाने के लिए ओमान से मदद मांगी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के एक मालवाहक जहाज में चालक दल के तीन लापता सदस्यों के फंसे होने की आशंका है। इस बीच थाईलैंड नौसेना प्रमुख ने तलाशी अभियान में फौरन मदद के लिए ओमान के अपने समकक्ष से सीधा संवाद कायम किया है।

होर्मुज जलडमरूमध्य में यात्रा के दौरान थाईलैंड के ध्वज वाले इस जहाज पर बुधवार को हमला हुआ था। इसमें चालक दल के कुल 23 थाई सदस्य सवार थे। इनमें से 20 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जो फिलहाल ओमान के तट पर हैं। जहाज की मालिक कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पीसीएल' ने जारी एक बयान में कहा कि चालक दल के तीन सदस्यों के लापता होने की खबर है और अंदेशा है कि हमले में क्षतिग्रस्त जहाज के 'इंजन रूम' में वे फंसे हो सकते हैं। इस हमले के बाद थाईलैंड की रॉयल नेवी के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल पायरोत फुआंगचन ने बुधवार शाम को ओमान की रॉयल नेवी के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर अल राहबी को जरूरी संदेश भेजा। इसमें उन्होंने थाई चालक दल को दी गई फौरी मदद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिकी राजदूत को किया तलब

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री ने बुधवार को कहा कि उन्होंने नये अमेरिकी राजदूत को उनकी 'गैर-राजनयिक टिप्पणियों' पर स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया है। यह विवाद दक्षिण अफ्रीका की नस्लीय नीतियों एवं अदालती फैसलों पर राजदूत की टिप्पणी के बाद शुरू हुआ है। कंजर्वेटिव दूत ब्रेंट बोझेल ने पिछले महीने ही अपना पद संभाला है। दक्षिण अफ्रीका के अमेरिकी सहयोगी इजरायल के खिलाफ नरसंहार का मामला दर्ज कराने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के श्वेत अफ्रीकी प्रताड़ित किए जा रहे हैं।

# ऊर्जा संकट से निपटने के लिए अमेरिका का बड़ा कदम

**रणनीतिक भंडार से जारी करेगा 17.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल**

**न्यूयॉर्क।** ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच बढ़ती तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ने अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी करने की घोषणा की है।

अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक बयान में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 32 सदस्य देश राष्ट्रपति ट्रम्प के उस अनुरोध पर सर्वसम्मति से सहमत हो गए हैं, जिसमें ऊर्जा की कीमतों को कम करने के लिए एक समन्वित प्रयास के तहत अपने संबंधित भंडारों से कुल 40 करोड़ बैरल तेल और रिफाइंड उत्पाद जारी करने की बात कही गई थी। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऊर्जा मंत्रालय को अपने हिस्से के 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी और योजनाबद्ध डिस्चार्ज रेट के आधार पर इसे बाजार तक पहुंचाने में लगभग 120 दिन लगेंगे। राइट ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका ने अगले एक वर्ष के भीतर इन रणनीतिक भंडारों की भरपाई करने के लिए लगभग 20 करोड़ बैरल तेल की व्यवस्था पहले ही कर ली है। विशेषज्ञों का मानना है कि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में ईरान की घेराबंदी और वैश्विक तेल आपूर्ति में आए व्यवधान के कारण जो कीमतें आसमान छू रही थीं।

# खाड़ी देशों पर ईरानी हमले के विरोध में प्रस्ताव पारित

## सुरक्षा परिषद में भारत ने भी 130 से अधिक देशों के साथ प्रस्ताव का किया समर्थन

**सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया**



**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 130 से अधिक देशों के साथ बुधवार को उस प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें खाड़ी देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान के हालिया 'भीषण' हमलों की निंदा की गई है। यह प्रस्ताव ईरान के हमलों की भर्त्सना करता है और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है।

इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री परिवहन को अवरुद्ध करने, बाधित करने या हस्तक्षेप करने की ईरान की किसी भी कार्रवाई या धमकी की कड़ी निंदा की गई है। इसके साथ ही ईरान द्वारा बाब-अल-मंदेब में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कदम की भी निंदा की गई है। सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। किसी भी देश ने इसके खिलाफ मतदान नहीं किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस प्रस्ताव का भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 130 से अधिक देशों ने सह-प्रायोजन किया। कुल 135 सह-प्रायोजकों के साथ, प्रस्ताव ने बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन दोहराया। इसमें इन देशों के क्षेत्रों के खिलाफ ईरान द्वारा किए गए हमलों की 'कड़े शब्दों में' निंदा की गई और कहा गया कि ऐसी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। प्रस्ताव में ईरान से पड़ोसी देशों के प्रति किसी भी उकसावे या धमकियों को 'तत्काल और बिना शर्त' रोकने की मांग की गई है। अमेरिका के प्रतिनिधि ने कहा कि ईरान सभी दिशाओं में हमले करता है। वहीं, डेनमार्क के प्रतिनिधि ने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षण में क्षेत्र की आवाजों को सुनना अनिवार्य है। प्रस्ताव में यह भी दोहराया गया कि व्यापारिक और वाणिज्यिक जहाजों को अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने नौवहन अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रयोग पूर्ण अधिकार होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि यह प्रस्ताव ईरानी शासन की क्रूरता की स्पष्ट निंदा है। वॉल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम ने राजनयिक बातचीत के हर प्रयास को आजमा लिया था।

# रूस के शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट

**राख का गुबार आठ किमी ऊंचाई तक उठा**

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद आसमान में आठ किलोमीटर की ऊंचाई तक धुएं और राख का गुब्बार फैल गया।

कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रूसी विज्ञान अकादमी के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान की टीम ने गुरुवार को बताया कि ज्वालामुखी में विस्फोट के साथ-साथ उत्सर्जन गैस और भाप भी निकला। विस्फोटों के कारण राख समुद्र तल से 08 किलोमीटर ऊपर तक पहुंच गई और राख का यह बादल ज्वालामुखी से 10 किलोमीटर पूर्व की ओर बढ़ गया। यह विस्फोट करीब 15 मिनट तक चला। राख का यह गुबार पूर्व की ओर अमेरिका के अलेउतियन द्वीपों की दिशा में बढ़ रहा है। स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात के लिए संभावित जोखिमों को देखते हुए विमानन सेवाओं के लिए 'ऑरेंज' एलर्ट जारी किया गया है। शिवेलुच ज्वालामुखी की ऊंचाई 3,283 मीटर है। यह कामचटका के सबसे बड़े शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 440 किलोमीटर और 4500 की आबादी वाले क्लयुची कस्बे से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# जापान में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## 2025 में गंवाए 6.5 करोड़ डॉलर, कंपनियों पर हमलों में चार गुना बढ़ोतरी




**सबसे चिंताजनक बात यह है कि कंपनियों को होने वाला नुकसान पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़कर 4.7 अरब एन तक पहुंच गया है**

**टोक्यो।** जापान में साइबर अपराधियों ने वर्ष 2025 में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के जरिए लगभग 10.4 अरब एन (करीब 6.54 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का रिकॉर्ड नुकसान को अंजाम दिया है।

नेशनल पुलिस एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार कुल नुकसान में से 55 प्रतिशत व्यक्तिगत खातों से था, जबकि 45 प्रतिशत हिस्सा कंपनियों का था। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कंपनियों को होने वाला नुकसान पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़कर 4.7 अरब एन तक पहुंच गया है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 90 प्रतिशत मामलों में 'फिशिंग स्कैम' का इस्तेमाल किया गया। इसमें पीड़ितों को झांसा देकर उनकी गोपनीय जानकारी चुराई गई। पिछले साल की तुलना में 7.3 लाख की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 24.5 लाख मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट की गई नकली वेबसाइटों की संख्या 3 लाख बढ़कर 10 लाख के पार पहुंच गई है। डेटा के अनुसार,फिरौती के मामलों या रैंसमवेयर हमलों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसी घटनाओं में हमलावर डेटा ब्लॉक कर फिरौती मांगते हैं। वर्ष 2025 में कुल 226 मामले सामने आए, जिनमें से 60 प्रतिशत शिकार लघु और मध्यम स्तर की कंपनियां बनीं। आधे से अधिक प्रभावित कंपनियों ने बताया कि डेटा रिकवरी में उन्हें एक करोड़ एन से अधिक का खर्च उठाना पड़ा, जबकि 5 मामलों में यह खर्च 10 करोड़ एन के भी पार निकल गया। जापान की पुलिस एजेंसी ने इस बढ़ते खतरे को देखते हुए नागरिकों और व्यापारिक संस्थानों को अपनी साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन के प्रति अधिक सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

# दांडी मार्चः नमक सत्याग्रह ने हिला दिया था ब्रिटिश साम्राज्य को

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी ने अनुयायियों के एक छोटे समूह के साथ साबरमती आश्रम से एक सरल लेकिन क्रांतिकारी योजना को ध्यान में रखते हुए आज ही के दिन यानि 12 मार्च (1930) को दांडी की ओर पैदल यात्रा शुरू की थी। 78 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुई यह यात्रा धीरे-धीरे एक ऐसे बवंडर में बदल गई जिसने ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंका। नमक जैसी रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली साधारण सी वस्तु बनाकर दुनिया की सबसे शक्तिशाली सत्ता को चुनौती देने के लिए शुरू की गई यह पद यात्रा आधुनिक इतिहास की सबसे शक्तिशाली अवज्ञाओं में से एक बन गई। भारतीय स्वतंत्रता इतिहास में आज भी यह दिन एक निर्णायक क्षण के रूप में याद किया जाता है।

# आतंकवाद मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतराः भारत

**जेनेवा।** भारत ने जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में इस बात को दोहराया कि आतंकवाद 'मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक' बना हुआ है और इसके खिलाफ एक 'एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता' है। भारत की ओर से राजदूत सिबी जॉर्ज ने परिषद के 61वें सामान्य सत्र में आह्वान किया कि परिषद सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दृढ़ रहे। राजदूत ने कहा कि जैसा कि विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कुछ दिन पहले इस सम्मानित परिषद को संबोधित करते हुए रेखांकित किया था कि हमारे विचार-विमर्श केवल बयानों और प्रस्तावों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि सबसे कमजोर लोगों के दैनिक जीवन में मूर्त सुधार लाने वाले होने चाहिए। जॉर्ज ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। हमें इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने में अडिग रहना चाहिए। इस मुद्दे पर परिषद को एक स्वर में बोलना जारी रखना चाहिए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108